## एक नजर

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

बड़ागांव, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव में गैर समुदाय के युवक पर नाबालिग दलित किशोरी को भगा ले जाने का आरोप है। किशोरी के पिता ने रौनाही थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

### तस्वीरों के अतुल सिंह से भाकपा का संबंध नहीं

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तस्वीरों में दिखाई दे रहे अतुल कुमार सिंह का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से कोई संबंध नहीं है। पार्टी के जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा है कि श्री सिंह अपने निजी कारणों से कई वर्षों से पार्टी के आंदोलनों व कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए हैं। कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी का सांप्रदायिक तत्वों से कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी जनवादी व प्रगतिशील वैचारिक पक्षधरता के लिए जानी जाती है।

# रामलला के साथ राजाराम की सेवा कर रहे 20 अर्चक

## विधि-विधान से पूजा-अर्चन प्रारम्भ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के छह मंदिरों में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद शुक्रवार से सभी मंदिरों में अर्चकों के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन प्रारंभ हो गया है। सुबह 4 बजे रामलला के साथ राम दरबार की प्रतिमाओं का भी मंगला आरती हुई। उसके बाद स्नान अभिषेक और श्रृंगार के बाद स्थान पर एक साथ सुबह 6 बजे आरती भी उतारी गई।

इसके बाद परकोटा में स्थापित अन्य देवी देवताओं का पूजन किया गया। इसी तरह दोपहर में भोग आरती भी की गई। जिसके लिए 20 अर्चकों की तैनाती है। जिसमें चार पहले के पुजारियों के साथ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा दो शिफ्ट में 16 पुजारियों को नियुक्त किया गया था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अभी सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन करने के लिए कोई नया रोटेशन लागू नहीं किया गया है, लेकिन सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन की परंपरा को प्रारंभ कर दिया गया। एक पुजारी ने बताया कि शुक्रवार आज सुबह रामलाल के साथ राम दरबार की भी पूजन विधि को सम्पन्न किया गया है। इसके लिए पहली शिफ्ट में पांच पुजारी भूतल और पांच पुजारी प्रथम तल पर मौजूद रहे। जहां पूजन की विधि-विधान पूर्वक परंपरा को निभाए जाने के बाद परकोटा के अन्य मंदिरों में भी पहुंच कर पूजन अर्चन को संपन्न किया। वहीं दूसरे शिफ्ट में भी पहले की तरह 5-5 पुजारियों की टीम दोनों गर्भगृह पर सायंकालीन परंपराओं को पूरा किया।

## 50 करोड़ के 45 किलो सोने से दमक रहा है राममंदिर : नृपेंद्र

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को बताया भव्य राम मंदिर और परकोटे में स्थापित छह मंदिरों को स्वर्ण जड़ित किया गया है। जिसमें लगभग 45 किलो सोने का उपयोग किया गया है। कहा कि यह सोना सत्य प्रतिशत शुद्ध है। जिसका मूल्य टैक्स को छोड़कर लगभग 50 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि अभी शेष अवतार मंदिर के शिखर पर सोने का काम चल रहा है। मंदिर के भूतल में जिसमें राम लला विराजमान हैं, उसमें सभी दरवाजों में स्वर्ण का प्रयोग किया गया है। सिंहासन में भी सोने का कार्य किया गया है। बाकी सभी मंदिरों में स्वर्ण का कार्य पूर्ण हो चुका है।



मंदिर का स्वर्ण जड़ित शिखर।

- निर्माण समिति के अध्यक्ष ने कहा- परकोटे के छह मंदिर किए गए हैं स्वर्ण जड़ित
- शत-प्रतिशत शुद्ध सोने का हुआ प्रयोग

## वन गमन मार्ग पर स्थापित होगा श्रीराम स्तंभः चंपत राय



कारसेवक पुरम में पत्रकार वार्ता करते हुए ट्रस्ट महासचिव व फाउंडेशन सदस्य चंपतराय। अमृत विचार

कार्यालय अयोध्या

**अमृत विचार :** श्रीराम वन गमन मार्ग पर श्री राम स्तम्भ स्थापित करने की कवायद एक बार फिर से शुरू हो रही है।

अशोक सिंहल फाउंडेशन के सदस्य व राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में कार्यकर्ता राम अवतार शर्मा ने अयोध्या से रामेश्वरम तक भगवान राम किस मार्ग तक गए इस पर बहुत ही शोध किया है। उन्होंने 10 बार यात्राएं भी की हैं। अलग-अलग वाहनों से इस कार्य को संपन्न किया है। जिसको लेकर उन्होंने कुछ नक्शे भी प्रकाशित और किताबें प्रकाशित की। कुछ ग्रंथ भी लिखें, जो प्रमुख स्थान थे वहां पर पत्थर के राम जी के चरण पादुकाएं भी स्थापित की गई। उन्होंने बताया कि अब ऐसे स्थान पर एक स्तंभ लगाया जाए, जिसके लिए अशोक सिंहल फाउंडेशन ने विचार किया है। अयोध्या में राम जन्मभूमि मणि पर्वत दशरथ महल का विवरण आता है, इसके अलावा भगवान श्री राम वन में जहां-जहां पर भी गए उन सभी स्थानों पर प्रयास है कि यह स्तंभ को लगाया जाए। कुछ स्थान सरकार के हैं तो कई स्थान प्राइवेट लोगों के भी हैं। जिसके लिए अनुमति ली जाएगी और इसमें जितना भी खर्च होगा उसे अशोक सिंहल फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा।

# राम दरबार समेत परकोटा के मंदिरों में दर्शन अभी सम्भव नहीं : चंपतराय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्रथम तल पर राम दरबार, शेषावतार और परकोटा के छह मंदिरों में देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आने वाले श्रद्धालुओं से दर्शन प्राप्त करने के लिए धैर्य रखने की अपील की है। महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को कहा कि कुछ शेष कार्य सुरक्षा मानकों के तहत बचे हुए हैं। जिन्हें पूरा करने के बाद ही दर्शन की अनुमति दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि गंगा दशहरा पर आठ मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। 3 जून और 4 जून को लगभग 12-12 घंटे लगातार पूजन हुआ। इसके लिए यज्ञशाला में नौ कुंड बनाकर पूजन को किया गया। प्रत्येक कुंड पर दो संतों के साथ गृहस्थ कार्यकर्ताओं को यजमान के रूप में बैठाया गया। सभी अयोध्या के थे। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के प्रथम तल पर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद समाज भी दर्शन करने की इच्छा रख सकता है। श्रद्धालुओं से निवेदन करते हुए कहा कि अभी चल रहे कार्यों के कारण धैर्य रखना होगा। राम दरबार के दर्शन के लिए 20 फीट ऊंचाई पर चढ़ना होगा, जिसमें 40 सीढ़ियां है। जहां पर जाने के लिए जो न्यूनतम आवश्यकताएं हैं इसका अभाव है। वृद्ध लोगों के लिए अभी लिफ्ट के निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके अलावा अन्य कुछ सुरक्षा के मानक हैं। चारों ओर लोहे की पाइप का फ्रेम खड़ा है। जिस पर चढ़कर मजदूर ऊपर की ओर कार्य करते है। अभी बंदरों के प्रवेश का भी खतरा हैं। इसलिए हमें सभी चीजों पर विचार करना है। कहा कि अभी यह स्थिति नहीं है कि पर कोटा के छह मंदिरों में जनता को दर्शन के लिए अनुमति दी जाए। यह कार्य छह माह के बाद इस संभव होगा।

### 32 साल के बाद हटाई जाएगी 70 एकड़ परिसर में लगे लोहे की दीवार

राम जन्मभूमि परिसर के 70 एकड़ के चौहद्दी पर लगे लोहे की दीवार को 32 साल के बाद बदलकर सुरक्षा मानकों के साथ ऊंचे मजबूत ईटों की चुनाई कर नई दीवार बनाई जाएगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि परिसर के चारों ओर लगभग चार किलोमीटर में एक बहुत ही सुंदर बाउंड्रीवॉल तैयार की जाएगा। अभी तक लोहे की पाइप की दीवार जो लगभग 1993 से लगी है उसके स्थान पर ईटों की दीवार बनेगी। जिसके निर्माण के लिए भारत सरकार के इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड कम्पनी को दिया गया है। पहले इन दीवारों की ड्राइंग को तैयार करेंगे जिस पर सुरक्षा एक्सपर्ट अध्ययन करेगा।

### आठ माह में बनकर तैयार होंगे राम मंदिर परिसर के चार द्वार

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर के चारों दिशाओं में द्वार के निर्माण किए जाने हैं। उत्तर की दिशा में एक द्वारा का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। युसूफ आरा मशीन के पास गेट नंबर 11 पर द्वार का निर्माण चल रहा है। इसके पूरा होने के बाद गेट नंबर 3 पर निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। लगभग 8 महीने लग सकते हैं। इसके अलावा दक्षिण की दिशा में ट्रस्ट के नाम पर एक कार्यालय एक सभागार और विश्रामगृह के निर्माण का कार्य अभी चल रहा है। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम इस कार्य को पूरा कर रहा है। निर्माण दिसंबर 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

# डॉक्टर, स्टाफ नर्स व वार्ड बॉय पर दर्ज हो एफआईआर

अयोध्या कार्यालय

- मेडिकल कॉलेज में बुजुर्ग की मौत मामले में बेटी ने दी तहरीर

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में नोरेड की अधिक डोज देने का मामला एक बार फिर गरमा गया है। बुजुर्ग की मौत के बाद से न्याय की मांग कर रहे परिजनों ने अब पुलिस का सहारा लिया है। बेटी ने आरोप लगाते हुए डॉक्टर, स्टाफ नर्स व वार्ड बॉय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

अमेठी के मुसाफिरखाना निवासी मीनाक्षी सिंह पत्नी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि बीकापुर थाना क्षेत्र के रजौरा निवासी उनके पिता नरेंद्र बहादुर सिंह को सांस की बीमारी लम्बे समय से थी। 29 मई को उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, उस समय उनको दस्त और कमजोरी की समस्या थी, जिस वजह से उनके रक्तचाप और ऑक्सीजन की मात्रा में कुछ कमी आ गयी थी। इसको समान्य करने के लिए अस्पताल में वार्ड की तत्कालीन डॉ. प्रियंका के निर्देश पर नोरेड नामक इंजेक्शन जो कि एनएस के बोतल में दो एमपुल चढ़ाया गया, इस दवा को मरीज को चढ़ाने की समय सीमा 10 घन्टे में 16 ड्रॉप रखी गई थी, जिसको डॉ. प्रियंका की सलाह से मेल वार्ड के स्टाफ नर्स संगीता पाल और सुमन पाल के द्वारा कहने पर वार्ड बॉय अखिलेश ने ड्रिप को फास्ट करके 15 मिनर में चढ़ा दिया। आरोप है पिता की हालत बिगड़ी तो कोई नहीं आया, जिससे उनके पिता की मौत हो गई। अयोध्या कोतवाली में तहरीर देते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

> मामले की तहरीर मिली है। जांच के लिए उपनिरीक्षक को लगा दिया गया है।
> – मनोज शर्मा, अयोध्या कोतवाल

> मुझे मामले में अयोध्या सीओ का फ़ोन आया था। वह विभागीय जांच की आख्या के संदर्भ में जानकारी कर रहे थे। जांच कमेटी के अध्यक्ष सीएमएस की तबियत गड़बड़ है। सोमवार तक आख्या मुझे सौंपी जाएगी।
> – डॉ. सत्यजीत वर्मा, प्राचार्य

## सार-संक्षेप



मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना देते कर्मी। अमृत विचार

### अब बुद्धि शुद्धि यज्ञ कर पकौड़े तलेंगे निविदा संविदा कर्मी

अयोध्या कार्यालय। जिले में निष्कासित किए गए 980 निविदा संविदा कर्मियों की बहाली को लेकर अब विद्युत मजदूर पंचायत अधिकारियों और शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए बुद्धि शुद्धि यज्ञ करेगी और पकौड़े तल कर विरोध-प्रदर्शन करेगी। उप प्रांतीय मंत्री रघुवंश मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि लगातार धरने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए मुख्य अभियंता कार्यालय समेत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर आन्दोलन का स्वरूप बदला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी सामूहिक हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजकर न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। धरने का संचालन संगठन के अध्यक्ष जय गोविंद ने किया। सभा को सुशील मौर्य, सुरेश सिंह, राजेश, प्रदीप, महेंद्र कुमार, राकेश, अमन सहित बड़ी संख्या में नेताओं ने संबोधित किया।

### अंजुमन मासूमिया के अध्यक्ष बने अहमद मेंहदी जमाल



अहमद मेंहदी जमाल



महमूद मिर्जा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध की मशहूर और मारुफ अंजुमन अंजुमन मासूमिया की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार रात राठहवेली में हुसैनी मंजिल चौराहे पर हुई। इसमें सबकी राय से अहमद मेंहदी जमाल को अंजुमन का अध्यक्ष और महमूद मिर्जा को सचिव चुना गया। तय किया गया कि हमेशा की तरह अय्यामे अजा में अंजुमन हमेशा की तरह पूरी शिद्दत और अकीदत के साथ अपनी कौमी जिम्मेदारी अंजाम देगी। मशहूर साहबे बयाज शमीम अहमद की सदारत में हुई बैठक में सभी मौजूद अजादारों ने मोहर्रम को लेकर अपनी राय भी पेश की। बैठक में वजीर हैदर साहब, शम्सी साहब, मोनू मिर्जा, सैय्यद जीशान, साहबजादे, पार्षद सलमान हैदर, अज्जू समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर मां सरयू की हुई महाआरती

अयोध्या, अमृत विचार। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को गंगा दशहरा पर्व पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे व सरयू में डुबकी लगाकर रामलला, हनुमानगढ़ी समेत अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन किया। देर शाम को पवित्र सरयू की महाआरती तथा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं प्राचीन मंदिर कालेराम मंदिर और बावन मंदिर में भी भगवान की भव्य झांकी सजाई गई। तरह तरह के फूलों से सजे भव्य झांकी का अलौकिक दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे। देर शाम भव्य आरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण भी किया गया।

### कच्ची शराब बरामद, लहन नष्ट कराया

अयोध्या, अमृत विचार। आबकरी विभाग की ईआईबी व जनपदीय टीम ने शुक्रवार को तारुन व पुराकलंदर थाना क्षेत्र के कई गांवों में कार्रवाई कर 200 किलो लहन को मौके पर नष्ट कराया व 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की। टीम द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत तीन मुकदमे भी दर्ज कराए गए। जिला आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि दोनों टीमों ने थाना तारून के ग्राम सोनेडाड़, गंगापुर एवं बालापुर व थाना पूराकलंदर अंतर्गत ग्राम आरती अंजना में दबिश दी गयी। इस दौरान यहां पर कच्ची शराब बनती हुई पाई गई। टीम को देखकर आरोपी फरार हो गए लेकिन वहां से भारी मात्रा में लहन व 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। बताया कि इस दौरान टीम द्वारा स्थानीय लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। ईआईबी मुख्यालय टीम में सहायक आबकारी आयुक्त राजेश्वर मौर्या, आबकारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, जनपदीय टीम में आबकारी निरीक्षक सदर अरविन्द कुमार, आबकारी निरीक्षक बीकापुर आनन्द कुमार शुक्ला, आबकारी निरीक्षक मिल्कीपुर विवेक पाठक शामिल रहे।

### कुर्बानी स्थल को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, धरना-प्रदर्शन

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : इनायतनगर थाना क्षेत्र में सेवरा-भिटारा संपर्क मार्ग के किनारे सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी को बंद कराने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण शुक्रवार को तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार, इनायतनगर थाने के उपनिरीक्षक अमर बहादुर सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। एसडीएम ने नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। धरना दे रहे लोगों ने बताया कि तरौली पेट्रोल पंप के सामने सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थल पर बकरीद के दिन मुस्लिम समुदाय से जानवरों की खुलेआम कुर्बानी दी जाती है। इससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को दिक्कतत होती है। इसे बंद कराने को लेकर आसपास के गांव के लोगों ने स्थानीय पुलिस, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित जिला के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कई बार अवगत भी कराया। प्रभावी कार्रवाई न होने पर अखिलेश कुमार पांडे, घनश्याम तिवारी, विक्कू शुक्ला, सुरजीत यादव, अभी शुक्ला, अनुज तिवारी, प्रकाश शुक्ला, प्रदीप कुमार, वैभव पांडे, मृत्युंजय तिवारी व राघवेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सुधीर कुमार को सौंपा। कार्रवाई की मांग की। एसडीएम का कहना है कि टीम से जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आग लगने से गोदाम में रखा सामान जला

पूराबाजार, अयोध्या : अमृत विचार। थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत स्थानीय बाजार में स्थित एक गोदाम में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। सूर्यदेव सिंह के इस गोदाम को स्थानीय व्यापारी रईस अहमद ने किराए पर ले रखा है। आग लग जाने से गोदाम में रखा खाली बोरा व कुछ अन्य सामान जल गया। रईस ने बताया कि आग गोदाम के पास रखे कूड़ेदान में लगी थी। उसी से फैल कर हमारे गोदाम में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया।

### एसो. को सशक्त बनाने के लिए स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने किया मंथन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक शुक्रवार को अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ भवन में की गई। इसमें संगठन के विस्तार पर विचार किया गया। विभिन्न माध्यमों से संगठन में नए सदस्यों को शामिल करने के वैधानिक प्रक्रियाओं पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। तय किया गया कि शीघ्र ही संगठन का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष डॉ. अमित झा ने व संचालन महामंत्री डॉ. अखिलेश्वर चौबे ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव, संगठन मंत्री डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय, डॉ. नीलमणि सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. विनोद यादव, डॉ. अवनीश सिंह ,हरिशंकर यादव, डॉ. पवन सिंह, डॉ. संजय सिंह,अशोक त्रिपाठी और डॉ. छाया सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

## डीबीटी से वंचित 22 हजार बच्चों के खेवनहार बनेंगे बीईओ

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के 1,792 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले 22 हजार बच्चों के आधार संबंधी गड़बड़ियां बीईओ दूर कराएंगे। उन्हें डीबीटी का लाभ दिलाएंगे। वर्तमान में आधार संबंधी गड़बड़िया होने के चलते करीब यह छात्र-छात्राएं डीबीटी का लाभ लेने से वंचित हैं। शासन ने निर्देश दिए हैं कि जो बच्चे डीबीटी के लिए रह गये हैं उन्हें भी नए शिक्षा सत्र से पहले लाभ दिलाया जाए। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए हर वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी में 1200 रुपये की धनराशि उपलब्ध करायी जाती है। इस रकम से बच्चे ड्रेस, जूता, मोजा, बैग एवं स्टेशनरी खरीदते हैं। जनपद के 2.30 लाख छात्र-छात्राओं को डीबीटी का लाभ मिल चुका है, लेकिन 22 हजार छात्र- छात्राएं डीबीटी का लाभ लेने के लिए रह गये हैं। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया शासन के निर्देशानुसार आधार संशोधन के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को लगाया गया है। यह प्रधानाध्यापक के माध्यम से अभिभावकों और बच्चों को बुला कर आधार संशोधन करायेंगे।

# मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में आई तिलोदकी गंगा नदी, बढ़ेगा फोकस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या की पौराणिक तिलोदकी गंगा नदी मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल हो गई है। इसको मुख्यमंत्री की एक जिला-एक नदी पुनरुद्धार योजना में शामिल कर दिया गया है। इसके पुनरुद्धार में आने वाली बाधाएं दूर की जाएंगी।

जिले में सोहावल के पंडितपुर से निकली नदी सोहावल, मसौधा, नगर निगम और पूरा बाजार होते हुए लगभग 46 किमी. का यात्रा करके सरयू में संगम करती है। तिलोदकी गंगा नदी पर काम तो दो साल पहले शुरू हुआ था। तत्कालीन अफसरों ने मनेरगा के जरिए लुप्त प्राय नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास शुरू किया। तकनीकि कमियों और रास्ते की बाधाओं को नजर अंदाज करने के कारण अयोध्या की पौराणिकता से जुड़ा यह प्रोजेक्ट लटका। मामला एनजीटी तक पहुंच गया। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इसकी पौराणिकता के मुताबिक ही इसके पुनरुद्धार का आदेश मार्च में दिया। तत्कालीन डीएम के साथ वर्तमान जिलाधिकारी और सीडीओ ने इसके पुनरुद्धार के लिए कार्रवाई का निर्देश दिया। इन दिनों सफाई के साथ नए स्थानों पर खोदाई का काम चल रहा है।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा दशहरा के अवसर पर अयोध्या से प्रत्येक जिले के जिलाधिकारी को एक नदी के पुनरुद्धार कराए जाने की घोषणा की। अयोध्या में पौराणिक तिलोदकी पर काम पहले से चल रहा है। इसलिए प्रशासन ने इसे मुख्यमंत्री की घोषणा के ड्रीम प्रोजेक्ट से जोड़ दिया। वर्तमान में सोहावल ब्लॉक क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों में काम चल रहा है। अयोध्या शहर के बाहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर नदी का मार्ग अवरुद्ध करके मोड़ दिया गया। या फिर अतिक्रमण है। इस पर फोकस बढ़ने की उम्मीद है।



सोहावल ब्लॉक के पंडितपुर स्थित तिलोदकी के उद्गम स्थल के पास साफ की गई नदी।

> अयोध्या की पौराणिक तिलोदकी गंगा में सफाई के साथ खोदाई का काम शुरू करा दिया गया है। जिले में तिलोदकी का पुनरुद्धार पहले नंबर पर है। यदि कहीं अतिक्रमण है या कोई बाधा है या जनसहाभागिता के आधार पर काम किया जा सकता है। मसौधा के तीन चार गांवों में राजस्व अभिलेखों में स्थान नहीं है। लेकिन इसे भी हल किया जाएगा।
> –कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी।

## सौ दिन में मजबूत सांगठनिक ढांचा खड़ा करने का लक्ष्यः खान

- प्रदेश कांग्रेस फ्रंटल संगठन एवं प्रकोष्ठों की बैठक में बोले प्रभारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** प्रदेश कांग्रेस फ्रंटल संगठन एवं प्रकोष्ठों के प्रभारी अब्दुल्ला शेर खान ने विभिन्न फ्रंटल संगठन और प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की शुक्रवार को पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन में बैठक की। प्रभारी खान ने कहा कि 100 दिन के अंदर कांग्रेस पार्टी का एक मजबूत संगठनात्मक ढांचा खड़ा करना है। आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत पूरे महानगर में वार्डों में अध्यक्ष और उनकी कमेटियों का सृजन किया जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अयोध्या जिले में पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री के मार्गदर्शन और संरक्षण में पार्टी न्याय पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रभारी के कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पहुंचने पर महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम ने स्वागत किया। संचालन जिला कोषाध्यक्ष उमेश उपाध्याय ने किया। बैठक में महानगर प्रवक्ता विनायक धर द्विवेदी, अशोक कनौजिया हरजीत सिंह सलूजा, बसंत मिश्रा, अंकित जैन, पूर्व पार्षद जनार्दन मिश्रा आदि थे।

# गोष्ठी : कम लागत में अधिक उत्पादन की दी जानकारी



गोष्ठी को संबोधित करते भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक सुधीर शुक्ला।

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को जलालुद्दीननगर, भदौली और खुशहालगंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन की नई तकनीक, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, श्री अन्न की खेती, प्राकृतिक खेती, बीज शोधन, भूमि शोधन, कृषि रक्षा रसायनों के उपयोग की विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक सुधीर शुक्ला ने गन्ना उत्पादन तकनीक, डॉ. दिनेश सिंह ने गन्ने के बीज के उपचार, रोग एवं कीट नियंत्रण, उप कृषि निदेशक ने मक्का, ज्वार, बाजरा, चना, मटर की खेती और प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक जेपी शाही, डॉ. रामगोपाल ने किसानों को आधुनिक खेती, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविंद्र ने पशु बीमा, डॉ. आशीष पांडे ने बीज शोधन धान और गन्ने में खरपतवार नियंत्रण, की जानकारी दी। कार्यक्रम में एडीओ कृषि शैलेंद्र तिवारी, एडीओ सहकारिता विनय कुशवाहा, जयकर सिंह बीटीएम, धनंजय सिंह, फैजान, उस्मानी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकमल, ग्राम प्रधान राजेंद्र गुप्ता, क्षेत्र पंचायत सदस्य नारायण दत्त मौर्य, लाल साहब सिंह, सतीश सिंह, उदयप्रताप सिंह, जगदीश सहित कई किसान मौजूद रहे।

पॉवर कॉर्पोरेशन | डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर मीटर से लैस होंगे सभी ट्रांसफार्मर

# अब डीटी मीटर रोकेगा बिजली की चोरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बिजली चोरी को रोकने और खपत पर सीधी निगरानी रखने के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन ने अब नई तकनीक के साथ सख्ती शुरू कर दी है। घोषणा की है कि शहर के सभी ट्रांसफार्मरों पर जल्द ही डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर मीटर (डीटी मीटर) लगाए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य बिजली की खपत और आपूर्ति के बीच के अंतर को पकड़ना और बिजली चोरी पर तुरंत कार्रवाई करना है।

डीटी मीटर से जुड़े हर ट्रांसफार्मर पर निगरानी रखना आसान हो जाएगा। इससे पॉवर कॉर्पोरेशन यह देख पाएगा कि ट्रांसफार्मर से जुड़ी कितनी बिजली भेजी गई और कितनी खपत हुई। इस आंकड़े को संबंधित घरों या दुकानों में लगे मीटर की रीडिंग से मिलाया जाएगा,अगर दोनों के बीच अंतर पाया गया, तो यह संभावित बिजली चोरी का संकेत होगा।

सहायक विद्युत अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि सभी ट्रांसफार्मरों पर डीटी मीटर लगाए जा रहे हैं। इससे विभाग को इलाकेवार बिजली की निगरानी करने में मदद मिलेगी। जिन क्षेत्रों में बिजली चोरी ज्यादा है। उन्हें चिन्हित कर वहां जांच अभियान चलाया जाएगा। कहा कि विभाग को अक्सर लाइन लॉस का सामना करना पड़ता है। इसमें सबसे बड़ा कारण बिजली चोरी होता है। डीटी मीटर लगाने से न केवल चोरी रोकी जा सकेगी,बल्कि बिजली के नुकसान की सही मात्रा और स्थान की पहचान भी हो सकेगी।



**खपत और आपूर्ति के अंतर को पकड़ेगा**

### टेक्नोलॉजी से निगरानी होगी मजबूत

डीटी मीटर की मदद से विभाग एक डिजिटल प्रणाली के ज़रिए हर ट्रांसफार्मर का डाटा कलेक्ट करेगा ।जिसे एक केंद्रीकृत सिस्टम से रियल टाइम मॉनिटर किया जा सकेगा। इससे हर समय बिजली के फ्लो पर निगरानी रखी जा सकेगी। जैसे ही किसी इलाके में डीटी मीटर और घरेलू मीटर के डाटा में गड़बड़ी पकड़ी जाएगी। वैसे ही वहां फील्ड स्टाफ को भेजकर मौके पर जांच और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे ईमानदार उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और बिजली बिलों में पारदर्शिता बढ़ेगी।

> सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि वे बिजली की वैध खपत करें। किसी भी अनधिकृत कनेक्शन या जुड़ाव की सूचना विभाग को दें। विभाग की यह पहल बिजली की गुणवत्ता और सप्लाई सुधारने की दिशा में एक अहम कदम है। –प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना नहीं है।

| 37.5° | 24.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## आज के कार्यक्रम

- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे।
- अवध विश्वविद्यालय योग शिविर का तीसरा दिन सुबह 11 :00 बजे से।
- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक मणिराम दास छावनी में अपराह्न 03 :00 बजे से।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ घायल

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की सुबह मकसूमगंज के पास वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी पहचान मो. नसीम (52) निवासी साल्हेपुर निमैचा सोहावल के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर क्राइम अब्दुल रहमान ने बताया कि घायल को एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया। उसका इलाज चल रहा है।

# मां-बेटे को पीटकर मार डाला, बेटा व बहू घायल

**महुआ मजरे फौजदार का पुरवा में जमीन विवाद के चलते की वारदात**

**गांव के ही नौ लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज, सात गिरफ्तार**

मिल्कीपुर अयोध्या

**अमृत विचार :** खंडासा थाना क्षेत्र के महुआ पूरे फौजदार गांव में गुरुवार देर रात जमीन के विवाद में हमलावरों ने मां-बेटे को लाठी-डंडों व लोहे की सरिया से पीट-पीटकर मार डाला। एक बेटा व बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गांव के ही नौ लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ऐहितयातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

गांव निवासी प्रेमनाथ (22) पुत्र माता प्रसाद का पड़ोसी सोनू पुत्र रामनाथ से काफी समय से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। पड़ोस के अंडूतारा गांव में गुरुवार रात करीब आठ बजे आयोजित एक तेरहवीं कार्यक्रम में प्रेम का भाई दीनानाथ गया था। यहां पर शराब के नशे में गांव निवासी हृदयराम व राजेश ने उसे गाली देना शुरू कर दिया। वह किसी तरह झगड़ा बचाकर घर चला आया। इसके बाद रात करीब 10 बजे पड़ोसी सोनू, हृदयराम, राजेश समेत करीब आठ-दस लोग घर पर आए व दीनानाथ व उसके भाई प्रेमनाथ को लाठी डंडों व लोहे की सरिया से पीटना शुरू कर दिया। यह देख उसकी मां कुंता देवी (55) व भाभी अनीता (28) बचाव के लिए दौड़े तो हमलावरों ने उन्हें भी बेरहमी से पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को पहले सीएचसी खंडासा, फिर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने कुंता देवी को मृत घोषित कर दिया, प्रेमनाथ की गंभीर हालत में दर्शननगर मेडिकल कॉलेज, फिर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घायल दीनानाथ और अनीता का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी, थाना प्रभारी संदीप सिंह रात में ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व जांच पड़ताल की। एसपी ग्रामीण ने बताया कि मृतका की बड़ी बहू अनीता पत्नी शोभनाथ की तहरीर पर सोनू, राजेश, सालिकराम, बरसाती, हृदय राम, राजित राम, अशोक, अजय कुमार व सीताराम के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। सात नामजद समेत एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। मां कुंता देवी के शव का अयोध्या में जबकि प्रेमनाथ के शव का लखनऊ में पोस्टमार्टम कराया गया है। गांव में ऐहितयातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



कुंता (फाइल फोटो)



प्रेमनाथ (फाइल फोटो)



मृतका कुंता देवी का घर व शोकाकुल महिलाएं। अमृत विचार

### बेटे को बचाने के लिए उसके ऊपर लेट गई मां

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बेटे पर हमला देख दौड़ी मां ने पहले उसे छोड़ देने की मिन्नतें की, हमलावरों के पैर भी पकड़े लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद बेटे को बचाने के लिए मां कुंता देवी प्रेमनाथ के ऊपर लेट गई। इस पर भी हमलावरों का दिल नहीं पसीजा, वह लगातार लोहे की सरिया व डंडों से पीटते रहे। बताया जा रहा कि करीब 15 मिनट तक यह सब चला, पड़ोसियों के साथ तेरहवीं संस्कार से लौट रहे अन्य कई लोग भी वहां खड़े तमाशा देख रहे थे लेकिन कोई बचाने को नहीं आया।

### 10 बिस्वा जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

महुआ पूरे फौजदार गांव निवासी माता प्रसाद दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। उनके चार बेटे शोभनाथ, अमरनाथ, प्रेमनाथ और दीनानाथ हैं। शोभनाथ और अमरनाथ बाहर नौकरी करते हैं। माता प्रसाद की पत्नी कुंता देवी (55), बड़े बेटे शोभनाथ की पत्नी अनीता देवी (28), दूसरे बेटे अमरनाथ की पत्नी मालती देवी और दोनों छोटे बेटे प्रेमनाथ (22) और दीनानाथ (18) गांव में रहते हैं। उनके घर के बगल में ही पटीदार सोनू का मकान है। प्रेमनाथ ने एक साल पहले गड़ौली गांव निवासी रूद्रापाल सिंह से घर से सटी 10 बिस्वा जमीन खरीदी थी। मुख्य आरोपी सोनू को इसकी जानकारी हुई तो उसने प्रशासन से शिकायत कर दी। इसलिए दाखिल खारिज नहीं हुआ। सोनू का कहना था कि इस जमीन पर उसके नाना का घर था। इसलिए यह उसकी जमीन है। इस जमीन को लेकर एक साल से मिल्कीपुर तहसील में नायब तहसीलदार कोर्ट में केस चल रहा है। बताया जाता है कि 15 दिन पहले भी दोनों परिवारों में विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद भी किया था।



इसी जमीन के टुकड़े के लिए हुआ खूनी खेल।

# उद्यमियों के समस्या समाधान को ऑनलाइन पोर्टल जल्द : नंदी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उद्योग मंत्री नंद कुमार नंदी की मौजूदगी में शुक्रवार को उद्यमी समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उद्यमियों ने कई मुद्दे भी उठाए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि मांगों और समस्याओं का समाधान होगा। साथ ही उन्होंने कहा उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा। आयोजन हाईवे स्थित एक होटल में किया गया। बेहतर काम करने वाले उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र और आवंटन पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख उद्यमियों पूर्व आईआईए के अध्यक्ष सुरेद्र प्रताप सिंह, श्री निवास अग्रवाल, एसबी सिंह, विशाल जायसवाल, संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल सहित अन्य ने कई मुद्दे उठाए। उद्योगपतियों ने लीज होल्ड से संबंधित भूमि को रिलीज कर फ्री होल्ड किए जाने, औद्योगिक क्षेत्रों में नालियों व ड्रेनेज सिस्टम की स्थिति सुधारने की मांग, कर्मचारी राज्य बीमा को लेकर कहा कि ईएसआई का प्रीमियम बहुत ज्यादा है। अयोध्या में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं न तो मरीजों के लिए बेड है और न ही टेस्ट की सुविधा है। वर्तमान में एक समान नीतियों को प्रत्येक उद्योग की प्रकृति से किए जाने की मांग उठाई। कहा कि ट्रांसफर और रजिस्ट्री की फीस इतनी अधिक है कि उद्यमी अपने प्लॉट किसी अन्य को हस्तांतरित करने से हिचकते हैं। कम करने की मांग की। सरकार से केंद्रीकृत एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) स्थापित करने की मांग उठी। व्यक्तिगत ईटीपी के संचालन का खर्च ज्यादा बताया। इसके साथ मंडी शुल्क बंद करने, प्लाई व पत्ते की नैपाल से गैर कानूनी आमद बंद कराने, मेंटेनेंस चार्ज लगा ब्याज माफ कर ओटीएस देने, बिजली के बिल मे ईडी दिलाने की पुरानी मांग उठी। धारा 24 और धारा 80 का तत्काल निराकरण की मांग की।

मंत्री नंद गोपाल नंदी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा। अगली बैठक में इन सभी मुद्दों पर ठोस समाधान प्रदान करने का आश्वासन दिया।



उद्यमी समाधान दिवस में मौजूद उद्योग मंत्री नंद कुमार नंदी व अन्य लोग।

**उद्यमी समाधान दिवस में बोले-उद्योग मंत्री, उद्यमियों ने उठाई लीज होल्ड की भूमि को फ्रीहोल्ड किए जाने की मांग**

### निवेश करने वालों को प्रशस्ति पत्र और आवंटन पत्र

औद्योगिक विकास मंत्री ने निवेश के बाद उत्पादन करने वाले अमेठी के मेसर्स इंडोरामा इंडिया प्रा. लि. जगदीशपुर, महबूब अहमद मेसर्स साल्वा एग्रो हैचरीज जगदीशपुर, अब्दुल जाऊद मेट्रो अलमारी, जगदीशपुर, मेसर्स अलवी पैकेंजिंग अमेठी, मनीश छत्रपाल प्रतिनिधि एसएलएमजी वेवरेजेज त्रिशुंडी, मेसर्स ज्ञान डेयरी त्रशुंडी. सचिन श्रीवास्तव प्रतिनिधि यश पेपर्स लिं. अयोध्या, सुमित जायसवाल मेसर्स हाईफ्लो इंडस्ट्रीज अयोध्या, संजय अग्रवाल मेसर्स बीएल प्लोर मिल, मेसर्स जेआर एग्रो इंडस्ट्रीज अयोध्याराघवेंद्र शुक्ला अयोध्या इडस्ट्रियल जेवलपर्स अयोध्या को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही शकुंतला देवी प्रतिनिधि श्री ऋषि रघुवंशी जगदीशपुर, हिंद अलमारी प्रतिनिधि हाजी अंसार जगदीशपुर, मेसर्स अब्दुल इंडस्ट्रीज प्रतिनिधि हसनैन खान जगदीशपुर को आवंटन पत्र प्रदान किए जाना बताया गया है।

### यूपी पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल: नंदी

**अयोध्या।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल के रूप में अपने आप को स्थापित करने में सफल हुआ। विपक्ष अपना सब कुछ खो चुका है। विपक्ष हताशा व आईसीयू में है। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट में 50 हजार करोड़ के एमओयू प्राप्त हुए जो बढ़कर अब 50 लाख करोड़ से अधिक हो गए। हमने इन्वेस्टर का भरोसा और विश्वास जीता है। एमओयू को धरती पर उतारने में सफल हुए हैं। डिफेंस कॉरिडोर के तहत आज लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल भी बनाया जा रहा है। राजाराम की प्राण प्रतिष्ठा पर कहा कि नंद गोपाल नंदी ने कहा भारत की आत्मा में राम है।

# दिव्यांग किशोरी के हत्यारे को आजीवन कारावास व अर्थदंड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दिव्यांग किशोरी की हत्या के मामले में कोर्ट ने हत्यारे अमरेंद्र कुमार रावत उर्फ अरविंद कुमार को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 23000 रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रजत वर्मा की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश तिवारी ने बताया कि घटना 25 जून 2020 की है। रुदौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दिव्यांग अपने घर पर अकेली थी। माता-पिता और घर के अन्य लोग उसके मामा के घर शादी में शामिल होने गए थे। रात 8:30 बजे जब पीड़िता के परिजन घर पहुंचे तो किशोरी की लाश छप्पर की बडेर से लटकी मिली। उसका पैर जमीन में छू रहा था। जब किशोरी के परिजन शादी समारोह से वापस लौटे तो आरोपी अमरेंद्र कुमार रावत घटनास्थल के पास ही पेड़ के नीचे खड़ा था। घटना के एक सप्ताह पहले अमरेंद्र ने दिव्यांग किशोरी के घर जाकर उसके साथ छेड़खानी भी की थी। इसी के आधार पर मृतका के पिता साहबदीन ने अमरेंद्र के खिलाफ हत्या और साक्ष्य नष्ट करने की धारा में रिपोर्ट लिखाई थी। शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के पैनल ने किया। जिसमें मृत्यु का कारण गला घोटने से दम घुटने के कारण सामने आया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अमरेंद्र को हत्या और साक्ष्य छिपाने का दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। सजा पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा सुनाकर भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

# ईद-उल-अजहा आज, तैयारियां पूरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा पर्व शनिवार को जिले भर में मनाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर लीं गईं हैं। मरकजी अंजुमन तबलीग़ जमात टाटशाह की ओर से विभिन्न मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज की समय सारिणी जारी की गई है। मुख्य नमाज ईदगाह में होगी।

**ईदगाह में होगी मुख्य नमाज**

### ईदगाहों/मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज का समय

- पुलिस लाइंस मस्जिद-सुबह-6 :30 बजे।
- मस्जिद गुदड़ी बजाज़ा चौक-सुबह-6 :30 बजे।
- मदनी मस्जिद मुगलपुरा -सुबह-6 :30 बजे।
- मस्जिद कोटिया रेलवे स्टेशन अयोध्या धाम-सुबह-6 :30 बजे।
- मस्जिद पालकीखाना -सुबह-6 :30 बजे।
- मस्जिद जिन्नूरैन मुकेरी टोला -सुबह-6 :45 बजे।
- मुस्लिम यतीम खाना बड़ी बुआ -सुबह-7 :00बजे।
- मस्जिद क़ुबा मुहल्ला नियावां -सुबह-7 :00 बजे।
- मस्जिद मोहम्मदी वजीरगंज-सुबह-7 :00 बजे।
- मदनी मस्जिद मुगलपुरा -सुबह-7 :00 बजे।
- ईदगाह मंगलसी सोहावल -सुबह-7 :00 बजे।
- ईदगाह जगनपुर-सुबह-7 :00 बजे।
- मस्जिद शाह इब्राहिम शाह स्वर्ग द्वार-सुबह-7 :00 बजे।
- मस्जिद क़ाज़ी कुतबा सटहटी-सुबह-7 :00 बजे।
- जामा मस्जिद पुख्तासराय चौक-सुबह-7 :00 बजे।
- ईदगाह चिर्रा मोहम्मदपुर -सुबह-7 :30 बजे।
- ईदगाह दर्शननगर -सुबह-7 :30 बजे।
- मस्जिद आलमगिरी दोराही कुआं-सुबह-7 :30 बजे।
- मस्जिद बेगम बिर्लास अयोध्या धाम-सुबह-7 :30 बजे।
- ईदगाह सिविल लाइंस-सुबह-8 :00 बजे।
- तारा ईदगाह रानोपाली-सुबह-8 :00 बजे।
- शाह मदार शाह मस्जिद-सुबह-8 :00 बजे।
- ईदगाह बवां बाजार कुमारगंज -सुबह-8 :00 बजे।
- मस्जिद मलंग शाह सिविल लाइंस-सुबह-8 :30 बजे।
- मस्जिद बज़्मे सलात राठहवेली -सुबह-9 :00 बजे
- जामा मस्जिद इमामबाड़ा जवाहर अली खां-सुबह-10 :00 बजे।
- मोती मस्जिद मुगलपुरा -सुबह-10 :00 बजे।
- मस्जिद हसन रजा खां चौक घंटाघर-सुबह-10 :30 बजे।
- मस्जिद खजूर गुदड़ी बाजार -सुबह-10 :45 बजे।

## सार-संक्षेप



परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह का स्वागत करते कर्मचारी।

### विनय कुमार सिंह ने संभाली परीक्षा नियंत्रक की कुर्सी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शासन द्वारा नियुक्त किए गए परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। अब तक कार्यवाहक परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला संभाल रहे थे। नए परीक्षा नियंत्रक के यहां पहुंचने पर कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन के सामने जोरदार स्वागत किया। विनय कुमार सिंह बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में कुलसचिव थे। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक पद पर शासन ने उन्हें 30 अप्रैल को तैनात किया था, लेकिन बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के कारण झांसी विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा उन्हें रोके रखा गया था। इससे पहले वह अवध विश्वविद्यालय में ही डिप्टी रजिस्ट्रार थे। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रणाली में और शुचिता तथा पारदर्शिता लाना प्राथमिकता है। सभी के सहयोग और कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय को और बेहतर बनाया जाएगा। महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी ने कहा परीक्षा नियंत्रक के आ जाने से सुधार की उम्मीद जगी है। स्वागत करने वालों में सहायक कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. राजेश सिंह, दिव्य नारायण, दिलीप पाल, राजेश पाण्डेय, अनुराग श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।


### किशोरी ने हुक से लटक कर दी जान

**हैदरगंज, अमृत विचार :** हैदरगंज थाना क्षेत्र के पछियाना बड़ी इंती के रहने वाले जीतराम वनराजा की बेटी रागिनी (15) गुरुवार रात अपने घर के कमरे में हुक से साड़ी के सहारे गले में फंदा डालकर लटक गई। पिता जीतराम ने बताया कि वह रिश्तेदारी में रसूलाबाद शादी में गया था। परिवार के अन्य लोग पड़ोस गांव में निमंत्रण में गए हुए थे। रात में जब परिजन घर लौटे तो जानकारी हुई। गांव के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष विवेक कुमार राय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### काटी हाथ की नस फिर गले पर किया चाकू से वार, गंभीर

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना खंडासा के अमानीगंज बाजार निवासी राजेंद्र प्रताप सिंह (27) पुत्र जगन्नाथ सिंह ने गुरुवार रात घरेलू विवाद में आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसने पहले अपनी कलाई की नस काटी और फिर चाकू से गले पर वार कर लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे खंडासा सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मां के अनुसार उनके बेटे राजेंद्र का 11 साल का बेटा भी है। वह कहीं नौकरी नहीं करता है। साथ ही नशा भी करता था, लेकिन घटना वाले दिन उसने नशा नहीं किया था। थाना प्रभारी खंडासा संदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर निकाला रूट मार्च



रूट मार्च में शामिल एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह।

**अयोध्या, अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने शहर में रूट मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकला रूट मार्च शहर के चौक, रिकाबगंज, सिविल लाइंस समेत अन्य इलाकों से गुजरा। इसमें अर्धसैनिक बल के साथ महिला व पुरुष पुलिस के जवान शामिल रहे। एसपी ने बताया कि बकरीद को लेकर सभी मस्जिदों व ईदगाह पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। उन्होंने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।

### 1800 किमी यात्रा कर पहुंचे पर्वतारोही नरेंद्र का हुआ स्वागत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सोमनाथ से अयोध्या तक रन फॉर राम के तहत 1800 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचे पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव को कारसेवकपुरम में अशोक सिंहल फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान फाउंडेशन सदस्य चंपत राय ने बताया कि नरेंद्र सिंह ने सोमनाथ से अयोध्या 1800 किमी की दूरी 35 दिन में तय की है। इनकी यात्रा पर आने वाले खर्च की जिम्मेदारी विहिप व अशोक सिंहल फाउंडेशन ने उठाई थी। उन्होंने बताया कि बताया कि पर्वतारोही के नाम अब तक 28 विश्व रिकॉर्ड है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के पलिया प्रताप शाह निवासी पिंटू यादव (26) का शव शुक्रवार सुबह कुमारगंज थाना क्षेत्र के पड़ाइन का पुरवा में एक आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। पुलिस के अनुसार पिंटू यादव पुत्र शंकर लाल यादव धर्मगंज बाजार के हरदोइया मोड़ पर किराए के मकान में रहता था। चिलबिली चौकी प्रभारी आशीष सिंह ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में परिजनों और स्थानीय लोगों ने मृतक के नशे की लत में होने की बात कही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।



**नृत्य आराधना**

श्रीराम मंदिर में गुरुवार को राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुक्रवार को सुबह साढ़े सात बजे सुरभि अकादमी हैदराबाद की 49 बालिकाओं ने निदेशक डॉ. सुरभि शारदा के निर्देशन में मन्दिर परिसर की यज्ञशाला में नृत्य आराधना प्रस्तुत की। जिसने लोगों का मन मोह लिया। • अमृत विचार

### आपत्ति दाखिल कर चुके गृह स्वामी अभिलेख के साथ मिलें

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर निगम सीमा अंतर्गत विस्तारित क्षेत्रों में स्थित भवनों के संपत्ति कर के निर्धारण के लिए सर्वे कराने के बाद वार्ड वार नोटिस भेजी जा चुका है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि जिन्होंने आपत्ति दर्ज कराई है। वह अपने भवन के स्वामित्व सम्बन्धी अभिलेख, साथ ही भवन के कवर्ड एरिया एवं उपयोग सम्बन्धित साक्ष्य के साथ नियत तिथि पर कार्यालय कौशलपुरी जोन नगर निगम अयोध्या में सुनवाई के लिए आएं। जिससे आपत्तियों के निस्तारण के बाद सम्पत्ति कर निर्धारित किया जा सके। जिन भवन स्वामियों को नोटिस प्राप्त न हुई हो तो कौशलपुरी जोन कार्यालय में उपस्थित होकर अपने भवन/सम्पत्ति की नोटिस प्राप्त कर सकते है। नियत तिथि व समय पर उपस्थित न होने की दशा में निर्गत नोटिस के अनुसार सम्पत्ति कर को अन्तिम रूप देते हुए बिल प्रेषित कर दिया जायेगा। सुनवाई के लिए समय निर्धारित कर दिया गया है। कौशलपुरी वार्ड 8 के लिए 9 से 11 जून तक, शिवनगर वार्ड 9 के लिए 12 जून व लाला लाजपतनगर वार्ड 10 के लिए 13 जून तय किया गया है। समय सुबह 11 से दो बजे तक ही रहेगा।

**राममंदिर** | **अद्भुत है अयोध्या में आराध्य के प्रति समर्पण की परंपरा, दोनों के दर्शन में केवल एक तल का अंतर**

# राममंदिर में रामलला के साथ अब राजा राम के दर्शन

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।

**अमृत विचार :** अयोध्या में अपने आराध्य के प्रति समर्पण की परंपरा भी अद्भुत है। जो नहीं जानते उनके लिए यह विस्मयकारी हो सकता है, लेकिन अयोध्या के बारे में गहरी जानकारी रखने वालों को यह चौंकाता नहीं है। राम एक हैं, केवल उनके स्वरूप अलग-अलग हैं। यहां ज्यादातर मानवीय संबंधों के रूप में भगवान श्री राम और माता सीता की पूजा की जाती है। अब राम मंदिर में श्रद्धालु राम लला के साथ राजा राम (राम दरबार) के दर्शन भी कर सकेंगे। श्रीराम मंदिर के प्रथम तल पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इसका मार्ग प्रशस्त हो गया। दोनों के दर्शन में केवल एक तल का अंतर है। राम मंदिर में राम लला के साथ राजा राम के विग्रह की स्थापना से अयोध्या के वैभव में वृद्धि होगी।

श्रीराम मंदिर में राम लला के साथ राजा राम (राम दरबार) की प्राण प्रतिष्ठा का आध्यात्मिक महत्व जो भी हो, लेकिन लौकिक महत्व ज्यादा है। ऐसा प्राण प्रतिष्ठा के समय राम लला के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु भी कहते हैं। यह राम लला का जन्मस्थान है इसलिए बाल रूप राम लला का विग्रह आकर्षण का केंद्र होगा ही लेकिन श्री राम अयोध्या के राजा भी हैं। इसलिए दोनों को जरूरी बताते हैं।

गुजरात से दर्शन के लिए आए रमेश भाई पटेल ने कहा कि अमूमन श्रीराम से जुड़े कैलेंडरों में राम दरबार (धनुषधारी राम), कागभुशुंडि के साथ बाल रुप भगवान राम, माता कौशल्या के साथ बाल रूप राम लला के साथ कुछ अन्य तस्वीरें लोगों के जेहन में बसी हुई हैं। इनमें भी ज्यादा संख्या राजा राम (राम दरबार) की है। यह तस्वीर लगभग हर घर में दिखाई पड़ती है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर में विराजित बाल रूप राम लला के चित्र और मूर्तियों को लगाने का क्रेज बढ़ा है, लेकिन बहुतायत अब भी धनुषधारी राजा राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी वाले राम दरबार की ही है। ऐसे में श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने पर मन में राम लला के साथ राजा राम के दर्शन के प्रति लालसा रहती है। उड़ीसा से आई उमा देवी ने कहा कि राम मंदिर में राम दरबार की स्थापना से राम लला के साथ धनुषधारी राम के दर्शन होंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की तस्वीर जन-जन में व्याप्त हैं। अपने 14 साल के वनवास के दौरान उनका यह स्वरूप जगत व्याप्त हुआ था। कहा कि राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा से अयोध्या का वैभव और भी बढ़ेगा। इसी तरह कई अन्य श्रद्धालु भी चर्चा करते हैं।



श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित राम दरबार।

### मंदिरों में अलग-अलग रूपों में पूजे जाते राम

पुस्तकों अयोध्या महात्म, अहो अयोध्या के मुताबिक श्रीराम मंदिर में अब तक केवल बालरूप राम लला की आराधना होती थी। प्रसिद्ध कनक भवन में राम की पूजा राजा राम के रूप में की जाती है। विअहुति भवन में दूल्हा सरकार के रूप में, लक्ष्मण किला में भी दूल्हा के रूप में श्री राम पूजे जाते हैं। सियाराम शरण किला में पूजन की पद्धति भिन्न है। यहां माता सीता को बहन और श्री राम को जीजा के रूप में पूजा जाता है। रंगमहल में सखा भाव से पूजा की जाती है तो तीन कलश तिवारी मंदिर में श्री राम की पूजा शिष्य भाव से किए जाने की परंपरा है। क्योंकि यह वशिष्ठ पीठ मानी जाती है। सदगुरु सदन में ईष्ट से ऊपर गुरू को मान्यता प्रदान की जाती है। प्रतीक स्वरूप श्री राम के विग्रह के ऊपर गुरू का चित्र लगाया जाता है। अयोध्या अद्भुत है। यहां जो जिस भाव से राम के प्रति अपने को समर्पित करता है वह उसी रूप में उसे स्वीकार कर लेते हैं।

## सार-संक्षेप



जिला चिकित्सालय में बच्चे को केक खिलाते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता साथ में डॉ. आशीष श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स पूनम गुप्ता व अन्य।

### जिला अस्पताल में विधायक ने बच्चों संग काटा केक

**अयोध्या,अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में विश्व क्लबफुट दिवस पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने क्लब फुट के मरीजों का हाल जाना। इसके बाद वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष श्रीवास्तव के साथ मिलकर केक काटा और क्लब फुट से जुड़े बच्चों को उपहार भी दिये। डॉ. आशीष ने बताया कि 14 बच्चों का इलाज हुआ। कहा कि जिला अस्पताल में प्रत्येक शनिवार को कमरा नंबर 9 में क्लब फुट क्लिनिक में बच्चों का निशुल्क इलाज किया जाता है। क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है इसको खत्म करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने एक फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इस दौरान फार्मासिस्ट संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, कृपाशंकर, स्टाफ नर्स पूनम गुप्ता, रामबली गुप्ता, संस्था के ब्रांच मैनेजर विशाल सक्सेना और रजनीकांत शुक्ला मौजूद रहे।

### वर्किंग प्रोफेशनल को सीधे प्रवेश की सुविधा

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में संचालित तीन वर्षीय डिप्लोमा इन आईटी पाठ्यक्रम में वर्किंग प्रोफेशनल (कामगारों) को सत्र 2025-26 से प्रवेश के लिए एआईसीटीई से अनुमोदन प्राप्त हो गया है। राजकीय महिला पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य एलपी सिंह ने बताया कि संस्था में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में उन वर्किंग प्रोफेशनल (कामगारों) को सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिया जाना है जो किसी भी उद्योग में एक वर्ष से कार्यरत हो और उद्योग, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक अयोध्या से 50 किमी. की परिधि में स्थित हों। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल/आईटीआई उत्तीर्ण हो। इस पाठ्यक्रम की कक्षाएं सायंकालीन एवं साप्ताहिक अवकाशों में संचालित की जाएगी। प्रवेश के लिए इच्छुक वर्किंग प्रोफेसनल (कामगार) संस्था में संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। बताया कि विस्तृत जानकारी और विवरण संस्था की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### रोपे नीम, पीपल, चितवन, कनेर, चमेली, चांदनी के पौधे

**अयोध्या, अमृत विचार :** यश म्यूजिकल ट्रस्ट द्वारा अंगूरी बाग आवास विकास कॉलोनी के पार्क में नीम, पीपल, चितवन, अशोक, गूगल, अर्जुन, कनेर, बोगनविलिया, चमेली, चांदनी, अमलतास, हरसिंगार, सावनी, कुमकुम, कड़ी पत्ता आदि के पौधे रोपे गए। मुख्य अतिथि मारवाड़ी समाज के यशपति अग्रवाल और भज्जा ग्रुप के विष्णु कुमार थे। कार्यक्रम सुमिष्ठा मित्रा,बबीता यादव, रत्ना जायसवाल, रामकुमार,मीनू यादव, तुलसी, सौरभ दास आदि थे।

### रोटरी क्लब ने दीपशिखा वाटिका में रोपे पौधे

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ग्रेटर और यूथ हॉस्टल ऑफ़ इंडिया एसोसिएशन ने दीप शिखा वाटिका मोहबरा में पौधरोपण किया। क्लब के अध्यक्ष दीपक रस्तोगी, एसोसिएशन के चेयरमैन अनूप मेहता ने बर्ड मैन के नाम से प्रसिद्ध आजाद सिंह का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अनुज भज्जा, विवेक जैन, अनूप मल्होत्रा, रश्मि केसरवानी, विवेक जैन, सुनील, सतीश, दिवेश, संजीव आदि थे।

### गुप्तार घाट मंदिर प्रांगण में किया पौधरोपण

**अयोध्या।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा गुप्तार घाट स्थित महर्षि कार्तिकेय आश्रम परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, सह कार्यक्रम प्रभारी रामकुमार, समाजसेविका बबीता यादव, मुख्य ट्रस्टी राकेश श्रीवास्तव, डॉ.नीति श्रीवास्तव व रक्षा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण से दूर हो सकती जलवायु परिवर्तन की समस्या

**कुमारगंज, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक ने महोगनी का पौध लगाकर किया। शिक्षकों, वैज्ञानिकों और एनएसएस इकाई -तीन के छात्र- छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह, इंजीनियर ओमप्रकाश, विभागाध्यक्ष डॉ. एसके. वर्मा सहित सभी अधिष्ठाता, निदेशक व अन्य लोगों ने छायादार और फलदार पौधे रोपे।

### विधायक ने 100 किसानों को बांटा स्वाइल हेल्थ कार्ड

**मवई, अमृत विचार :** मवई ब्लॉक के ग्राम पंचायत तेर, कसारी और रेछ में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तह आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र यादव ने तेर में किसानों को स्वाइल हेल्थ कार्ड बांटा। परंपरागत धान की खेती को बचाए रखने पर जोर दिया। केवीके मसौधा के वैज्ञानिक डॉ. पंकज सिंह ने धान की खेती के बारे में जानकारी दी। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बरसाती लाल ने गन्ना उत्पादन, विज्ञान केंद्र मसौधा के डॉ. प्रवीण कुमार मौर्य ने बागवानी फसलों की खेती और बीमारियों से बचाव के उपाय समझाए। गन्ना निरीक्षक अनिल कुमार और उद्यान निरीक्षक भरत कुमार ने योजनाओं की जानकारी दी। अवर अभियंता परमानंद यादव ने खेत तालाब योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह, कृषि बीज भंडार मवई के प्रभारी उमाशंकर वर्मा, बीटीएम शिव कैलाश यादव, एटीएम विपिन कुमार सिंह और पवन कुमार शर्मा, सीओ इंद्र देव सिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# देवेश, अंशी, सुशांत, शालू, राजपाल व स्वाति का योग सर्वश्रेष्ठ

## जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय का योग विभाग रहा प्रथम ▶ 100 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के योग विभाग में शुक्रवार को जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में हुई जनपद स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का नतीजा जारी किया गया।

9 से 14 वर्ष में छात्रों में प्रथम देवेश यादव और छात्राओं में अंशी यादव प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान पर समृद्धि तिवारी रहीं। 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग में शालू कुमारी- प्रथम, अनुष्का मिश्रा- द्वितीय और साक्षी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में सुशांत पांडेय- प्रथम, शिवा- द्वितीय व सनोज- तृतीय स्थान पर रहे। 28 से 35 वर्ष आयु वर्ग में राजपाल- प्रथम, पुनीत सरकार- द्वितीय व कुमार मंगलम- तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में स्वाति पांडेय- प्रथम, रोली पांडेय- द्वितीय, नीतू दुबे- तृतीय स्थान पर रहीं।

योग विभाग के शिक्षक डॉ. आलोक तिवारी ने बताया कि जनपद स्तरीय यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं की प्रतिभा का मंच बनी, बल्कि योग और खेलों के समन्वय से स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी सिद्ध हुई। प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर के रूप में मनीष मिश्र, निर्णायक मंडल में वैभव उपाध्याय एवं दीपेश सिंह आयुष विभाग के प्रशिक्षक रहे। डॉ. अनुराग सोनी, डॉ. संदीप रावत, डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ. अनुराग तिवारी, कुमार मंगलम सिंह, डॉ. गायत्री वर्मा, दिवाकर पाण्डेय आदि की सक्रिय भूमिका रही। इस प्रतियोगिता में लगभग 100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी संस्थानों में प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग, योग विभाग, खेल विभाग, परमहंस नेचुरोपैथी योग संस्थान , उदया पब्लिक स्कूल, यश विद्या मंदिर दर्शन नगर आदि शामिल रहे।



अवध विश्वविद्यालय में योगासन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार

# हाईवे पर लूटने वाले लिफाफा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

▶ अयोध्या में बैंककर्मी से की थी लूटपाट, भागकर नेपाल गए, रास्ते में की कई जगह वारदात

**अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर पुलिस व सर्विलांस, स्वॉट व एसओजी टीम ने दिल्ली, एनसीआर व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आतंक का पर्याय बने लिफाफा गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान प्रदीप कुमार (45) निवासी त्रिलोकपुरी थाना मयूर बिहार फेस-1 दिल्ली व सोनू (36) निवासी त्रिलोकपुरी झुग्गी इंद्रा कैंप थाना मयूरबिहार फेस-1 के रूप में हुई। इन आरोपियों ने 23 मई को एक बैंककर्मी को कार में बैठाकर उससे लूटपाट की थी।

पुलिस लाइंस स्थित सभागार में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 23 मई की शाम पांच बजे अयोध्या निवासी बैंककर्मी बैंक रामअचल वर्मा प्रतापगढ़ कारागार में डिप्टी जेलर के पद पर तैनात अपनी पत्नी से मिलने जाने के लिए नाका बाईपास पर सवारी का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान एक कार में सवार चार लोग आए व प्रयागराज जाने की बात कह उसे कार में बैठा लिया। कार जब अवध विवि के पास पहुंची तब आगे सीट पर बैठे एक व्यक्ति ने पिस्टल निकालकर रामअचल से 8500 रुपये, सोने की अंगूठी व दो एटीएम कार्ड व उसका पिन ले लिया। इसके बाद वी उसे मसौधा के पास स्थित रोडवेज वर्कशॉप के पास उतार कर प्रयागराज की ओर चले गए। रात में ही आरोपियों ने उनके खाते से दो बार में 20 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बताया कि पीड़ित को सिर्फ गाड़ी नंबर यूपी 55 ही याद था। सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से शुक्रवार दोपहर आरोपी प्रदीप व सोनू को अरूवावां गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। बताया कि मामले में पहले ही दो अन्य आरोपी रोहित कुमार निवासी त्रिलोकपुरी थाना मयूर बिहार फेस–1 नई दिल्ली व इंद्रजीत निवासी त्रिलोकपुरी थाना मयूर बिहार फेस-1 दिल्ली को चार जून को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### दिल्ली, एनसीआर में आतंक का पर्याय बना है लिफाफा गैंग

दिल्ली निवासी प्रदीप कुमार दिल्ली, एनसीआर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आतंक का पर्याय बना हुआ था। दिल्ली के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ लूट, डकैती समेत अन्य गंभीर धाराओं में 26 केस दर्ज है। वहीं सोनू के खिलाफ भी 10 से ज्यादा आपराधिक केस दर्ज हैं। ये दोनों पश्चिम उत्तर प्रदेश में सक्रिय लिफाफा गैंग के सदस्य हैं। यह गिरोह कार से चलता है, हाईवे पर वाहन के इंतजार में खड़े लोगों से लूट, डकैती जैसी वारदात करता है। इनके पास पिस्टल आदि हथियार भी होते हैं। साथ ही यह नकली वायरलेस सेट भी रखते हैं व लोगों को कभी क्राइम ब्रांच तो कभी खुफिया पुलिस बताकर धमकाकर लूट जैसी वारदात करते हैं। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि इस गिरोह के बदमाश कार में लिफाफा रखते हैं, वह पीड़ितों को लूटकर उनकी नकदी, जेवरात, मोबाइल आदि लिफाफे में रखने को कहते हैं। जो नहीं रखता उसे पिस्टल के दम पर जबरन ले लेते हैं। बताया कि अयोध्या में वारदात के बाद सभी बदमाश नेपाल चले गए थे, रास्ते में भी कई वारदातें की। इसको लेकर अन्य जिलों की पुलिस से संपर्क किया जा रहा है।

## महिला चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग

**रुदौली, अयोध्या : अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में खून की कमी की वजह से जिला महिला अस्पताल रेफर महिला के सड़क पर प्रसव के मामले में परिजनों ने महिला चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पति राकेश का आरोप है कि महिला चिकित्सक अंजू जायसवाल ने प्रसूता के रक्त अल्पता होने पर जिला महिला ले जाने की सलाह दी। प्रसव दर्द से पीड़ित महिला को परिजन सीएचसी से जिला अस्पताल ले जा रहे थे। कुछ दूरी पर तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। जिसे देख अगल-बगल की महिलाएं जुट गईं और साड़ी के घेरे में सड़क की पटरी पर प्रसव कराया। बताया कि खून की कमी बता कर जिला अस्पताल भेजने के बाद सामान्य रूप से बच्चा पैदा हुआ। उन्होंने महिला चिकित्सक पर कार्रवाई की की। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल ने बताया कि प्रसूता को खून की कमी के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। महिला के परिजन सीएचसी के निकट निजी नर्सिंग होम लेकर चले गए थे। वहां पर भी महिला का इलाज नहीं किया गया। निजी अस्पताल से निकलते समय महिला ने सड़क पर बच्चे को जन्म दे दिया। प्रसूता और बच्चे को सीएचसी लाया गया है। दोनों स्वस्थ हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सप्ताह 15 से 21 जून तक

अयोध्या कार्यालय

▶ इस बार योग फॉर वन अर्थ वन हेल्थ की थीम, अवध विवि में विशेष शिविर

**अमृत विचार :** भारत सरकार एवं आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून को मनाया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए योग सप्ताह 15 से 21 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर के शारीरिक शिक्षा केंद्र खेल एवं योग विज्ञान संस्थान कैंपस में शुक्रवार को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह विष्णु द्वारा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार बलियान द्वारा नामित एएनएम व सीएचओ के 30 प्रतिनिधियों व जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नामित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नगर निगम के सहयोग से सीमा तिवारी द्वारा विभिन्न पार्कों में कार्यरत योग प्रशिक्षकों एवं आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों को आयुष निदेशालय लखनऊ द्वारा प्रशिक्षित नोडल प्रशिक्षक दीपक सिंह द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हेतु प्रोटोकॉल योग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, वजीरगंज चेला छावनी, अयोध्या के सेवाकेंद्र में जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया।

# पौधरोपण कर स्थानीय निकाय के अफसरों के साथ की मंत्रणा

**अयोध्या, अमृत विचार:** आगामी प्रमुख पर्वों के दृष्टिगत विशेष सचिव/ संयुक्त प्रबंध निदेशक जल निगम (नगरीय) अयोध्या के नगर विकास विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा अयोध्या का भ्रमण किया गया। उनके द्वारा नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ सरयू तट स्थित चौधरी चरण सिंह घाट स्थित पुष्प वाटिका में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सहादतगंज हनुमान गढ़ी के पास स्थित नाले एवं रामघाट के निकट सोतिया नाले की सफाई कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नालों की समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए। जिससे वर्षा काल में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसी क्रम में सर्किट हाउस स्थित सभागार में बस्ती,सिद्धार्थनगर,बाराबंकी, अयोध्या के नगर आयुक्त,प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं निकायों के अधिशाषी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें आगामी पर्व के दौरान तैयारियों की समीक्षा की गई। अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ, अपर जिलाधिकारी प्रशासन/प्रभारी स्थानीय निकाय अनिरुद्ध प्रताप सिंह व अन्य जनपदों के प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय,वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम मणि शुक्ला, जोनल अधिकारी (अयोध्या धाम) अशोक कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता (निर्माण) राजपति यादव, मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार सहित विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार।

# कुशाग्र, रितिका, दीक्षा, गर्विता, वन्या एकल सेमीफाइनल में

अयोध्या कार्यालय।

▶ प्रदेशीय सबजूनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता का समापन आज

**अमृत विचार:** डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित प्रदेशीय सबजूनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। आयोजन सचिव अनूप दुबे ने बताया कि शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा।

अंडर-13 बैडमिन्टन प्रतियोगिता के बालक क्वार्टर फाइनल में कुशाग्र लखनऊ ने कानपुर के कंदर्प को सीधे सीटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं बालिका वेज में नोइडा की वन्या ने मेरठ की अरायना को, मेरठ की रितिका ने वाराणसी की उर्वशी को, हापुड़ की दीक्षा ने प्रयाग की यक्षिता को, मेरठ की गर्विता ने रिद्धिमा को सीधे सीटों में पराजित कर एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बालक युगल में कुशाग्र व शिवेश ने अर्णव व आयुष को, समर्थ व शिव ने लक्षित व सिद्धांत को, रॉबिन व शिवांश ने अभिनव व शौर्य को, कंदर्प व शार्दूल ने अर्णव व श्रेयांश को हराकर युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग में जानिया व शांभवी ने रिद्धि व रिद्धिका को, दीक्षा व रितिका ने पाखी व यशा को हराकर बालिका सेमीफाइनल में स्थान बनाया।

## बिना पुनर्वास की व्यवस्था गरीबों के घर तोड़ना उचित नहीं : मायावती

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** दिल्ली में वर्षों से रह रहे गरीबों व मजदूरों के घरों को तोड़ने का मुद्दा बसपा ने सोशल मीडिया पर उठाया है। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि गरीबों व मजदूरों के घरों को बिना पुनर्वास की व्यवस्था किये, तोड़ा जाना उचित नहीं, सरकार पहले इनके लिए पुनर्वास व वहां सभी जरूरी सुविधाएं देने का प्रबंध करके तब उन्हें हटाये।





गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

# हर समस्या पर होगी प्रभावी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई होगी। जनता दर्शन के दौरान योगी करीब 200 लोगों से मिले। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

## धार्मिक शिक्षा देने पर रोक के आदेश के विरुद्ध मदरसों ने ली हाईकोर्ट की शरण

▶ याची मदरसों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई पर अंतरिम रोक

**लखनऊ, विधि संवाददाता। अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में धार्मिक शिक्षा देने पर रोक के एक आदेश के विरुद्ध प्रभावित मदरसों ने याचिकाएं दाखिल की हैं। न्यायालय ने याचिकाओं पर सुनवाई के उपरांत याची मदरसों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने मदरसा मोइनुल इस्लाम कस्मिया समेत दो दर्जन से अधिक मदरसों की ओर से दाखिल अलग-अलग याचिकाओं पर पारित किया है। सभी मदरसे श्रावस्ती जनपद से संबंधित हैं। याचियो की ओर से अधिवक्ताओं नृपेंद्र सिंह, अविरल राज सिंह व मो. यासिर ने दलील दी कि उन सभी को 1 मई 2025 व इसके आसपास की तारीखों पर नोटिसें जारी करते हुए, धार्मिक शिक्षा न देने की बात कही गई थी। दलील दी गई कि उक्त नोटिस पर बिना पर्याप्त समय दिए याची मदरसों को धार्मिक शिक्षा न देने का आदेश पारित कर दिया गया। मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता उपेंद्र सिंह ने विस्तृत हलफनामा देने के लिए दो सप्ताह का समय दिए जाने का न्यायालय से अनुरोध किया। इस पर न्यायालय ने समय दिए जाने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया, साथ ही याची मदरसों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के प्रशासनिक कार्रवाई अथवा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर अग्रिम सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी ।


**सूचना**

मेरा पूर्व में नाम श्रीदेवी पत्नी बृजेश यादव था। अब मेरा नाम बदलकर मुन्नी पत्नी बृजेश हो गया है, जो सही है। अब मुझे मुन्नी पत्नी बृजेश के नाम से ही जाना पहचाना जाय। **मुन्नी पत्नी बृजेश यादव निवासी ग्राम कुतुबपुर करनैलगंज गोंडा।**

**नवयुग विधि महाविद्यालय**
रतनपुर बारी सहिजन सुलतानपुर (उ0प्र0)–228131

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत (एल0एल0बी0, त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्राचार्य– 01 पद तथा प्रवक्ता– 10 पद
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0, बी0सी0आई0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
**प्रबंधक**
**मो0नं0. 9919332588, 9918398383, 9450214159**

**कार्यालय – ग्राम पंचायत इमिलिया खादर विकास खण्ड पचपेड़वा जनपद बलरामपुर**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत इमिलिया खादर में केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के अंतर्गत शौचालय निर्माण/रेट्रोफिटिंग, नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल निर्माण, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप, हैंडपंप, मरम्मत, हैंडपंप रिवोर, स्कूल में दिव्यांग/सामान्य शौचालय निर्माण/मरम्मत,स्कूल कायाकल्प, सोकपिट निर्माण, सामुदायिक शौचालय मरम्मत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन में कुर्सी मेज आदि क्रय, सोलर लाइट, पशु शेड बकरी शेड, मुर्गी शेड, निर्माण, स्वयं सहायता समूह हेतु शेड निर्माण खाद गड्ढा नाडेप वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, गौवंश आश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत गौवंश आश्रम स्थल का बाउंड्री वाल निर्माण, कूप मरम्मत अन्त्येष्टि स्थल निर्माण आदि प्रयुक्त होने वाली साम्रगी जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, सीमेन्ट सरिया, पत्थर गिट्टी, स्ट्रोन, इंटरलॉकिंग गईलस, साईन बोर्ड, पत्थर, मिट्टी, जी. एस. एस. बी. (लोहा पाइप) विभिन्न माप को स्थुम पाइन ऋक पाईप, लोहे का दरवाजा। प्राईमर, पेंट, पुट्टी, सिमिटेड सीट, (एल्बेस्टर) शौचालय शीट यूरिनल सीट, ढाड पाइप, टोटी, सिंटेक्स, वाश बेसिन आदि आवश्यक है। सामग्री। आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा/ कोटेशन जो पंजीकृत फर्म हो आमंत्रित की जाती है।
जो दिनांक 07/06/2025 से 10/06/2025 को दिन में 02: 00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जाएगा/निविदा/कोटेशन दिनांक /11/06/2025को 3: 00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोला जाएगा/निविदा कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विशिष्टियों के अनुसार परिमंडल गोंडा के द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जाएगी। निविदा कोटेशन वित्तीय 2025– 26 में कराए गए विकास कार्यों में प्रभावी रहेगी शेष नियम और शर्तें लागू।

**दशरथ** ग्राम प्रधान — **विनोद कुमार** ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत इमिलिया खादर विकास खण्ड पचपेड़वा जनपद बलरामपुर

**नवयुग पी0जी0 कॉलेज**
रतनपुर बारी सहिजन पो0 कुन्दाभैरवपुर, सुलतानपुर (उ0प्र0)–228131

**आवश्यकता है**

**स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.)** पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी एवं ऊर्दू विषयों में 05–05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक कला संकाय (एम0ए0)** हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम.एससी)** हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर कृषि संकाय (एम.एससी)** पाठ्यक्रम हेतु एग्रोनॉमी, हार्टिकल्चर, जेनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग, एनीमल हसबैन्डरी एवं डेयरी, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री एण्ड स्वायल साइन्स विषयों में 05– 05 पद प्रवक्ताओं की।
**परास्नातक स्तर पर शिक्षा संकाय एम0एड्0** पाठ्यक्रम में 10 पद प्रवक्ता की।
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 07 दिन के अन्दर समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों/ अंकपत्रों की छायाप्रति एवं दो रंगीन (पासपोर्ट साइज) फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।
**प्रबन्धक**
**मो0नं0: 9918398383, 9919332588, 9450214159**

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरे पांच पुत्र क्रमशः प्रदीप कुमार, पिकू उर्फ आलोक, लालजी, रिंकू , शनि उर्फ सुमित हैं। जिनमें शनि उर्फ सुमित का चाल चलन ठीक नहीं है। वह अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है और हम लोगों से अलग रहता है। उसके गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते मैंने व मेरे सभी पुत्रों ने उससे संबंध विच्छेद कर लिये हैं। मैंने उसे समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा– **मुन्नी देवी पत्नी राम आसरे, निवासी– बरौनाकलां, थाना –ऐरवाकटरा, तहसील –बिधूना, औरैया।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र SURENDRA KUMAR JC 675289M, Rank SUB/SKT के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम KUSHMA DEVI एवं जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम KUSUMA DEVI एवं सही जन्मतिथि 02.11.1961 है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी अंकित है। KUSHMA DEVI एव KUSUMA DEVI दोनों मेरे ही नाम हैं। **कुसमा देवी पत्नी स्व0 अर्जुन निवासी–ई–1/750, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**सूचना**

मेरी एल आई सी पालिसी नंबर 276750937 में मेरा घरेलू नाम श्रीमती पत्नी राम सजीवन दर्ज है, जबकि आधार आदि अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम **निशा पत्नी राम सजीवन नि0– ग्राम जगतपुर भिचकौरा पो0 बेहटा कला जिला रायबरेली** है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अभिनव वर्मा उर्फ साजन पुत्र शशि कुमार से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिया है और उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने द्वारा किए गए कार्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशि कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी गौवनहा थाना खीरों जिवरायबरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अफरीन बानो पत्नी मो. आसिफ कुरैशी सुल्तानपुर रोड, इस्लामिया कालेज, राही जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो लिखा है, जो गलत है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में अनम कुरैशी लिखा हुआ है, जो कि सही है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो के बजाय अनम कुरैशी किया जाए, जो कि सही है।

**सूचना**


मेरे सभी दस्तावेज में मेरा नाम जकाउल्लाह खान है, जबकि मेरी एलआईसी पॉलिसी नंबर–277234849 में गलती से जफरुल्लाह खान हो गया है,जबकि जफरुल्लाह खान और जकाउल्लाह खान एक ही आदमी हैं। मेरा सही नाम जकाउल्लाह खान ही है, भविष्य में मुझे जकाउल्लाह खान के नाम से जाना–पहचाना जाए। – **जकाउल्लाह खान पुत्र ऐजाज मोहम्मद खां, निवासी सिपहिया कोटवा, फैज़ाबाद, उ.प्र.।**

**सूचना**

मैं **मकबूल अहमद उम्र 54 वर्ष पुत्र हबीब अहमद निवासी–ग्राम हुनहुना परगना बसौढी तहसील रुदौली जिला अयोध्या उ.प्र.** का मूल निवासी हूँ। मेरी पांच संतान क्रमशः मंसूर भट्ट, मासूम महफूज पुत्रगण मकबूल अहमद व साबरीन (तलाक शुदा) आफरीन अविवाहित है। मंसूर भटट की शादी हो चुकी है। अन्य पुत्र–पुत्रियों की शादी और परिवार की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। मैं अक्सर बीमार रहता हूँ, परिवार की आय का कोई साधन नहीं है। इस समय मेरे पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया मेरे कहने–सुनने में नहीं हैं। उनका चाल–चलन भी ठीक नहीं है। आये दिन नाजायज काम करते हैं। दोनों मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रखते और असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर मुझको बहुत तंग कर रहे हैं। मैं अपने पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे हर प्रकार के सम्बंध समाप्त कर रहा हूँ। इनके द्वारा जो भी लेन–देन, कृत्य अब या भविष्य में किया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

जन साधरण को सूचित किया जाता है की नीरू बरूआ एवं रत्ना बरूआ एक ही महिला का नाम है। इनका आधार कार्ड रत्ना बरुआ के नाम पर बना है।



**पता – बी/9 गेट न0 08 राज भवन परिसर उ0प्र0 लखनऊ, मो0– 9125744069**

## एक नजर

### आज मनाया जाएगा बकदीर का त्योहार

**अंबेडकरनगर :** जनपद में शनिवार को ईदुल अजहा बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। सुबह 6 बजे से जनपद की ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज का सिलसिला शुरू होगा। जामा मस्जिद भियांव के पेश इमाम मौलाना गुलाम यासीन ने मुस्लिम समुदाय से ईदगाह में नमाज अदा करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बकरीद की नमाज का तरीका अन्य नमाजों से थोड़ा अलग है। मौलाना ने नमाज के तरीके की विस्तृत जानकारी दी।

### जीएसटी कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

**अंबेडकरनगर :** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरानपुर में शुक्रवार को एक जीएसटी कर्मी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय हार्दिक गोयल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे के अंदर पंखे से लटके शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। हार्दिक गोयल जीएसटी से संबंधित कार्य करता था। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। वहीं हार्दिक लगभग 2 साल से जीएसटी अकाउंटेंट में जॉब करता था। उसकी चार बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। हार्दिक के माता-पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। भाई मैं वह इकलौता भाई था। हालांकि हार्दिक की शादी नहीं हुई थी और वह किराए के मकान में रहता था।

### सामान खरीदने गई युवती से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात दुकान से सामान खरीदने गई युवती के साथ रास्ते में छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। विरोध पर युवती को मारा पीटा जिसके बाद अपनी जान बचा कर वह अपने घर आयी तो मनबढ़ लोगों ने उसके घर में घुसकर उसे मारा-पीटा और कपड़े फाड़ दिए। बचाव में आए भाई की भी पिटायी कर उस का सर फोड़ दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि युवती ने बताया कि वह बुधवार देर रात अपने गांव में दुकान से सामान खरीदने गयी थी। इसी बीच अंधेरे का फायदा उठा कर विपक्षी अभिषेक व विनय पुत्रगण राम सुभग ने अश्लील गालियां देते हुए उसे बुलाया और पकड़ लिया। विरोध करने पर उसे मारा-पीटा और गला दबा दिया। उधर आरोपी अभिषेक पुत्र राम सुभग ने भी पीड़िता के परिजनों के विरुद्ध रास्ते व घर में घुसकर मारपीट करने का मुकदमा कोतवाली जलालपुर में दर्ज कराया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जल जीवन मिशन की अधूरी परियोजनाओं को कराएं पूर्ण

**अंबेडकरनगर :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत पेयजल योजनाओ की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जिस परियोजना का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि कुल 584 योजनाओं में से 122 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। सम्मिलित राजस्व ग्रामों की कुल संख्या 1 हजार 599 हैं। प्रस्तावित गृह संयोजन की संख्या 3 लाख 16 हजार 569 है। कराए गए गृह संयोजनों की संख्या 3 लाख 10 हजार 459 है। वर्तमान में लाभान्वित परिवारों की संख्या 1 लाख 43 हजार 187 है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी कार, दो लोगों की मौत

## हजलापुर गांव के पास हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती



हादसे के बाद कार के उड़े परखच्चे।



परिजनों का ढांढस बढ़ाते जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामसुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** जनपद के टांडा-बसखारी मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की दर्दनाम मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक को महामाया मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती करया गया है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। हादसा टांडा कोतवाली क्षेत्र के हजलापुर गांव के पास हुआ।

बता दें कि हजलापुर गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। हादसे में आजमगढ़ निवासी 78 वर्षीय प्रमिला सिंह पत्नी उदयभान सिंह और उनके 60 वर्षीय दामाद अमरेश बहादुर सिंह पुत्र राम केवल सिंह निवासी अयोध्या की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अमरेश के पुत्र मनीष कुमार 38 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बहार निकाला। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल मनीष को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से महामाया मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती करया गया है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। टांडा कोतवाली पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जेसीबी की मदद से हटाकर मार्ग को दोबारा चालू कराया। परिजनों के मुताबिक अमरेश बहादुर सिंह अपनी सास को आजमगढ़ छोड़ने जा रहे थे, तभी कि यह हादसा हो गया। सड़क हादसे की सूचना पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा ने महामाया मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर पहुंचकर मृतकों के परिजनों से बातचीत उनको सांत्वना दी।

### सड़क हादसे में साइकिर सवार अधेड़ की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जैतपुर थाना क्षेत्र के तिघरा गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला शुक्रवार लगभग 2 बजे का है। बता दें कि नेवादा कला गांव निवासी जय नाथ 56 वर्ष बारात में बैंड बाजा बजाने गए थे वह घर वापस आ रहे थे, तभी तिघरा गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दिया। जिससे साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जय नाथ की पत्नी की 8 वर्ष पहले ही मौत हो चुकी थी। मृतक के दो पुत्रियां और एक पुत्र है। सबसे बड़ी पुत्री पूजा और छोटी पुत्री का नाम फूल कुमारी है। वहीं सबसे छोटे पुत्र का नाम सौरभ है जो 12वीं का छात्र है। पिता के जाने से अब पूरा पूरा ख्याल और देखरेख पूजा के ही जिम्मे आ गया है। उसे दो भाई बहनों की पढ़ाई का जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी। वहीं थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि सड़क दुर्घटना एक अधेड़ की मौत हो गई है। जिसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### अभियान चलाकर ई-केवाईसी के लिए किया गया जागरूक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आजाद इण्डेन ग्रामीण वितरक के तत्वावधान में ई-केवाईसी के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ई-केवाईसी अपडेट करवाने के लिए उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई। सहायक मैनेजर कौतुक सिंह ने लोगों को बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर पर सब्सिडी प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। ई-केवाईसी से ग्राहकों की पहचान हो सकेगी और धोखाधड़ी को रोका जा सकेगा। वहीं ई-केवाईसी नहीं होने पर सब्सिडी बंद कर दी जाएगी। उपभोक्ता एजेंसी पर जाकर या ऑनलाइन भी ई-केवाईसी करा सकते है। इंडियन गैस सर्विस पियारेपुर की संचालिका जयश्री वर्मा ने बताया कि एरिया मैनेजर रवि चंदेरिया ने सभी गैस संचालकों और संचालिका को हिदायत दी है कि सभी उपभोक्ता ई-केवाईसी जरूर कराएं।

### हर्ष सिंह ने जेईई एडवांस परीक्षा में जनपद का बढ़ाया मान



हर्ष सिंह को सम्मानित करते शिव गोविंद सिंह। अमृत विचार

**आज़मगढ़, अमृत विचार :** जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान वेदांता इंटरनेशनल स्कूल आजमगढ़ के मेधावी छात्र हर्ष सिंह ने जेईई एडवांस्ड जैसी देश की सर्वोच्च इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और जनपद का मान बढ़ाया है। महाराजगंज के भरौली गांव निवासी हर्ष सिंह की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैनेजिंग डायरेक्टर शिव गोविंद सिंह ने हर्ष सिंह को सम्मानित किया। शिव गोविंद सिंह ने कहा कि हर्ष एक मेहनती और अनुशासित छात्र है, जो सदैव अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करते रहते हैं। उनकी यह उपलब्धि उनके आत्मविश्वास, नियमित अध्ययन और पारिवारिक सहयोग का प्रतिफल है। हर्ष ने इससे पूर्व 12वीं परीक्षा में आज़मगढ़ जिले में छठा स्थान प्राप्त किया था। इसके अतिरिक्त हर्ष कक्षा 10वीं में भी ज़िला टॉपर रह चुके हैं, जो उनकी निरंतर शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और वेदांता विद्यालय परिवार को दिया। हर्ष के पिता अजय कुमार सिंह कंपोजिट विद्यालय, भीमापुर (ब्लॉक-कोयलसा) में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर शिवाजी सिंह, अहमद एजाज़, अभय सिंह, स्नेहा सिंह विद्यावती, बृजेश व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### 9 से 21 जून तक चलेगा प्रदेश व्यापी अभियान: अशोक सिंह




कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि अशोक सिंह। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार को हरिऔध कला भवन में जिला कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के गौरवशाली कार्य दिवसों में उनकी उपलब्धियां की चर्चा को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 21 जून तक प्रदेश व्यापी अभियान आरंभ किया गया है। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर केंद्रित रहेगा। इस अभियान का आरंभ राष्ट्रीय स्तर पर 8 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्रियों द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर 9 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रेस वार्ता की जाएगी और जिला केद्रों पर 10 से 11 जून को प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जयनाथ सिंह, वंदना सिंह ,अरविन्द जायसवाल, सतेन्द्र राय, रामदर्शन यादव, ऋषिकेश दूबे, जशवंत सिंह, तीजा राम, रामपाल सिंह, डा श्याम नारायण सिंह, सचिदानंद, पवन सिंह मुन्ना, हरिवंश मिश्रा, अवनीश मिश्रा, नन्हकूराम सरोज, पूनम सिंह, विभा बर्नवाल, विवेक निषाद, अरूण सिंह, इन्द्रेश चौहान, स्माइल फारुकी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर की जांच



दवाओं की जांच करते औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शैलेन्द्र मेडिकल स्टोर मंशापुर रोड पहितिपुर बाजार औरंगनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के रख-रखाव की जांच की गई और अभिलेखों की भी जांच की गई।

जांच के दौरान कुछ औषधियों के क्रय विक्रय अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किया गया, जिनको प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। औषधि निरीक्षक ने विक्रय अभिलेख नियमित जारी करने के लिए कड़े निर्देश दिए और नारकोटिक युक्त औषधीय को बिना डॉक्टर के पर्चे के न देने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कैमरे की जांच की गई, जिसमें कैमरा कार्यरत पाया गया।

## निजामुद्दीनपुर के विकास के लिए करेंगे प्रयास

**बसखारी, अंबेडकरनगर**




विजयी प्रतिभागियों को शील्ड और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करते नगर पंचायत किछौछा के चेयरमैन ओमकार गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से कबूतर उड़ान टूर्नामेंट का दो दिवसीय समापन समारोह किछौछा स्थित निजामुद्दीनपुर में सभासद दस्तगीर अहमद की अध्यक्षता और मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान के संचालन में आयोजित हुआ।

नगर पंचायत किछौछा के चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि ने कहा कि कबूतर उड़ान के प्रतियोगी पशु पक्षी और प्रकृति के प्रेमी होते हैं। प्रतियोगिता व्यक्तियों को खुद को चुनौती देने, लक्ष्य निर्धारित करने और सुधार के लिए प्रयास करने का अवसर देती हैं। ऐसे में क्षेत्र के लिए कबूतर उड़ान टूर्नामेंट मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि निजामुद्दीनपुर के विकास के लिए मैं भरसक प्रयास करूंगा। सभासद दस्तगीर अहमद ने कहा कि निजामुद्दीन की जनता ने मुझे तीन बार लगातार चुनाव में विजय दिलायी है, मैं हर समय आपके संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। टूर्नामेंट में प्रथम दिवस में गुड्डू किछौछा, सलमान दरगाह किछौछा, सुनील बसखारी ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस में गुड्डू किछौछा, नियाज मुबारकपुर, नसीम हंसवर ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथि द्वारा विजेताओं को फ्रीज, कूलर, साइकिल, मोमेंटो और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षक असलम खान, विकास चौरसिया, सेराज खान, संजय, फैज मोहम्मद, सलमान, बल्लू चौरसिया, अफजल, सोनू, मुस्तकीम बब्लू, उजैर, महताब, जुनेद, आकाश और अन्य मौजूद रहे।

**कबूतर उड़ान टूर्नामेंट के दौरान बोले चेयरमैन ओमकार गुप्ता**

## अर्द्ध विक्षिप्त युवक ने मां सहित दो को किया घायल

**संवाददाता, महराजगंज, आजमगढ़**

**घटना के बाद घायल अवस्था में पड़ा मिला युवक, मौत**

**अमृत विचार:** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक अर्द्ध विक्षिप्त युवक ने अपनी मां और एक दस वर्षीय बच्ची को धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। हमले के कुछ ही देर बाद युवक के महाराजगंज कप्तानगंज मार्ग पर घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली, जिसे जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नरोत्तमपुर निवासी सन्नी मिश्र (26वर्ष) पुत्र अमरजीत मिश्र मानसिक रूप से अर्द्ध विक्षिप्त तथा नशे का आदी था। गुरुवार को वह अपनी मां शशिकला को घर में रखे हसिये से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके बाद उसने विशुनपुर निवासी रामबदन यादव की नातिन आर्या यादव (10वर्ष) हसिये से गले, चेहरे व हाथ की उंगली पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची का शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस उक्त घटना का संज्ञान लेकर युवक की तलाश कर ही रही थी कि पुलिस को सूचना मिली कि अर्द्ध विक्षिप्त युवक महराजगंज-कप्तानगंज मार्ग पर गंभीर रूप घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्र अपने मय हमराही के साथ मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल सन्नी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले आए। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने युवक के पिता तहरीर के आधार पर मुक़दमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि घटना की हर पहलु से जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की जानकारी स्पष्ट हो पाएगी।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकर नगर

पत्रांक : 148/न0पा0परि0ज0/2025–26 दिनांक :– 06.06.2025

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के द्वारा स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत 05 कार्य, की ई–निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा देखने/डाउनलोड /खरीदने की तिथि | 13.06.2025 12:00 PM | 05.07.2025 01:00 PM |
| 2. | बिड समाप्ति की तिथि | 05.07.2025 12:00 PM | 05.07.2025 01:00 PM |
| 3. | बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 05.07.2025 02:00 PM |

**नियम एवं शर्ते –**

1. सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वत: ही निरस्त समझी जायेगी।
2. बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जलालपुर को होगा।
3. निर्माण कार्यो की निविदा में वर्णित सामग्री आदि पर आयकर, जी.एस.टी.कर व अन्य करों की कटौती ठेकेदार के बिल से नियमानुसार की जायेगी।
4. निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, आयकर व जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति साथ में संलग्न करनी अनिवार्य होगी। जो वर्तमान समय तक वैध होनी चाहिये।
5. उक्त निविदा से संबंधित शेष नियम शर्त बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर**


निरीक्षण | सचिव नगर विकास विभाग अनुज कुमार ने सभी वार्डों में नियमित सफाई के दिए निर्देश

# नगर निकाय में कहीं पर भी न हो जलभराव

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**



निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी बीना सिंह से जानाकरी लेते सचिव नगर विकास विभाग अनुज कुमार झा व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सचिव नगर विकास विभाग अनुज कुमार झा ने आगामी त्योहारों बकरीद और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत नगरीय निकायों द्वारा की जा रही कार्रवाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय में कहीं पर भी जलभराव नहीं होना चाहिए।

बता दें कि सचिन नगर विकास अनुज कुमार झा ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के साथ नसीरपुर बरवां वार्ड और राबीपुर बहाउद्दीनपुर वार्ड में टांडा मार्ग, रसूलाबाद वार्ड में पार्क रोड आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर जल निकासी व्यवस्था, बकरीद की तैयारियों आदि की स्थिति का जायजा लिया। सचिव ने कहा कि वर्षा से पूर्व समस्त नालों की सही और बेहतर ढंग से सफाई सुनिश्चित कर ली जाए, यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगर निकाय में कहीं पर भी जल जमाव की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने सभी निकायों के सभी वार्डों में नियमित अच्छी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने की निर्देश दिए। सचिव द्वारा गंगा दशहरा पर नगर निकायों में की गई व्यवस्थाओं, पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण के जागरूकता कार्यक्रमों और पौधारोपण के कार्यक्रमों की भी जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सचिव नगर विकास विभाग ने पौधारोपण और पर्यावरण के जागरूकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को नियमित आयोजित करने तथा अधिक से अधिक पौधों को रोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बकरीद की तैयारी को बेहतर ढंग से पूर्ण करने तथा सभी स्थलों पर बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, शौचालय व टैंकर आदि की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर, जिला प्रोजेक्ट मैनेजर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

### योग दिवस पर आयोजित करें जागरूकता कार्यक्रम

सचिव ने आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा 15 जून से आरंभ होने वाले योग सप्ताह में बृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 21 जून को योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व सचिव नगर विकास के हवाई पट्टी सर्किट हाउस में आगमन पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अकबरपुर नगर पालिका बीना सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर सचिव को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

## एक नजर

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**उतरौला, बलरामपुर।** बरमभारी गोकुली में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के चाचा लक्ष्मण नाथ सुरेश कुमार वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी भतीजी की शादी दो वर्ष पूर्व बरमभारी गोकुली निवासी मनीष वर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति, सास, देवर और ननद द्वारा पांच लाख रुपये और सोने की चैन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाता था। प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने गुरुवार को फांसी लगा ली। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि तहरीर पर पति, सास, देवर और ननद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### गौ रक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार : प्रो. गुरु प्रसाद

**बलरामपुर।** विश्व हिंदू परिषद (गोरक्षा प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. गुरु प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को नगर के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान देशभर में गौ रक्षा को लेकर एक नई कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने भावुक स्वर में कहा कि गौ माता केवल आस्था नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान हैं। प्रो. सिंह ने युवाओं से अपील की कि वे गौ सेवा को केवल धार्मिक कर्मकांड न समझें बल्कि इसे राष्ट्र निर्माण का माध्यम मानें। प्रेसवार्ता में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राम कृष्ण सिंह, जिला सहमंत्री चंदन, डॉ राकेश चंद्रा, समेत अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### उन्नत कृषि तकनीक की दी गई जानकारी

**बलरामपुर।** केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के तहत विकासखंड बलरामपुर की ग्राम पंचायत जोरावरपुर में एक दिवसीय कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टू राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को खरीफ मौसम में बोई जाने वाली प्रमुख फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों जैसे बीज उपचार, जैव उर्वरकों का उपयोग, बीबीएफ (ब्रॉड बेड फरो) व आरएंडएफ पद्धति, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, एकीकृत कीट प्रबंधन, सिंचाई की आधुनिक तकनीकें और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कृषि पद्धतियों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान 29 मई से 12 जून तक जनपद के 135 ग्रामों में चलाया जा रहा है।

### कथक नृत्य कार्यशाला में दी जानकारी

**बलरामपुर।** बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य निःशुल्क कार्यशाला के पांचवें दिन प्रतिभागियों को कथक नृत्य में टुकड़ा की जानकारी दी गई। कथक गुरु हर्षिता चौहान ने प्रतिभागियों को टुकड़ा की बारीकियों से अवगत कराया और बताया कि यह एक छोटी नृत्य रचना है जो बोलों से बनाई जाती है और सम पर शुरू और समाप्त होती है।

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग में झूमे भक्त

**बलरामपुर।** बलरामपुर देहात धुसाह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य जगन्नाथ प्रसाद पाण्डेय ने श्रीकृष्ण की जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि जब अत्याचारी कंस के पाप से धरती डोलने लगी तब भगवान विष्णु को एक बार फिर से अवतार लेना पड़ा। कथा में भगवान के जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर भक्त आनंद से झूम उठे। कथा के आयोजक इन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, किरन त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी, अविनाश त्रिपाठी, सुरभी त्रिपाठी, स्वाती त्रिपाठी, यथार्थ शुक्ल, रुद्रांश, शौर्य त्रिपाठी आदि ने लोगों का स्वागत किया।

### वाहनों पर चालकों की जानकारी होगी अनिवार्य

**बलरामपुर।** जिले में अब सार्वजनिक वाहनों पर चालक की पूरी पहचान अंकित करना जरूरी कर दिया गया है। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए नई व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सी और टैंपो जैसे सार्वजनिक परिवहन के साधनों पर चालक का नाम, मोबाइल नंबर और आधार संख्या स्पष्ट रूप से लिखवाना अनिवार्य किया गया है। परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) बृजेश कुमार यादव ने बताया कि जिले भर के सभी सार्वजनिक वाहनों को इस नियम का पालन करना होगा। यह निर्देश सभी चालकों को जारी कर दिया गया है और जल्द ही विभाग की विशेष टीम जांच अभियान चलाएगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त करने के आदेश

## ग्राम चौपाल : तालाब व चकमार्ग पर अवैध कब्जे की 75 बार की गयी शिकायत का कराया गया समाधान

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तीसरे फेज की शुरूआत करते हुए जिलाधिकारी शर्मा ने शुक्रवार को झंझरी, इटियाथोक और मुजेहना की पांच ग्राम पंचायतों जानकी नगर, पारासराय, धानेपुर, भरथौली और बेसहूपुर में चौंपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होने संपर्क मार्गों की स्थिति, विद्युत आपूर्ति, शौचालय निर्माण, नाली, राशन वितरण, अविवादित वरासत जैसे मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत पारासराय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की केंद्र पर न जाने की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यकत्री मिथिलेश कुमारी की सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया। चौपाल कार्यक्रम के दौरान डीएम व सीडीओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर में चल रहे समर कैंप में बच्चों से बात की। डीएम ने खुद गांव-गांव जाकर न सिर्फ ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं, बल्कि अधिकारियों को साथ लेकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया।



मुजेहना के ग्राम पंचायत भरथौली में आयोजित चौपाल में लोगों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम चौपाल के तीसरे फेज की शुरुआत पूर्व समीक्षा और रणनीतिक योजना के साथ हुई है। आईजीआरएस, समाधान दिवस, जनता दर्शन और अन्य प्लेटफार्म से प्राप्त शिकायतों की सघन पड़ताल करने के बाद जिन ग्राम पंचायतों से बार-बार समस्याएं आ रही थीं, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर चौपाल आयोजन के लिए चुना गया है। इस क्रम में शुक्रवार को झंझरी, इटियाथोक और मुजेहना ब्लाक के पांच ग्राम पंचायतों में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत जानकी नगर में रानी पुरवा गांव ग्रामवासियों ने नाली निर्माण की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को मौके पर भेजकर दोनों पक्षों के बीच समाधान कराकर नाली निर्माण करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत भरथौली में चौपाल के दौरान अवगत कराया गया कि शिकायतकर्ता सालिकराम के द्वारा पिछले कई महीनों से चकरोड एवं तालाब पर अवैध कब्जा के संबंध में 75 शिकायतें आईजीआरएस पर की गई है। जिस पर जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को मौके पर बुलाकर वार्ता करके शिकायत को निस्तारित कराया। बेसहूपुर के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विद्युतीकरण का कार्य अधूरे पर बंद कर दिया है। इस पर डीएम ने विद्युत विभाग को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है।

इस चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर गोंडा अशोक कुमार गुप्ता, अपर उपजिलाधिकारी द्वितीय विशाल कुमार, तहसीलदार सदर गोंडा मनीष कुमार, नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार यादव, नायब तहसीलदार सदर गोंडा रंजन वर्मा, परियोजना निदेशक चंद्रशेखर, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और संबंधित ब्लॉकों के बीडीओ उपस्थित रहे।

# डयूटी पर जा रहे नगर पालिका कर्मी की ट्रक से कुचलकर मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के जल कल विभाग में काम करने वाले एक कर्मचारी की बृहस्पतिवार को ट्रक से कुचलकर मौत हो गयी। हादसा रात करीब 11 बजे नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दुखःहरण नाथ मंदिर के पास हुआ।

नगर कोतवाली क्षेत्र के इंद्रापुर के रहने वाले महताब आलम (40) नगर पालिका परिषद के जल कल विभाग में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थे। बृहस्पतिवार को उनकी रात की ड्यूटी था। रात में वह ड्यूटी पर जाने के लिये अपनी मोपेड बाइक से निकले थे। दुखहरणनाथ मंदिर के समीप उनकी बाइक एक ई रिक्शा से टकरा गयी ओर वह नीचे सड़क पर गिर गए। इसी बीच पीछे

▶▶ **नगर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर हुआ हादसा**


महताब आलम। (फाइल फोटो)

से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हे कुचल दिया। इस हादसे में महताब आलम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक के भाई नूर आलम की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कार की ठोकर से समाचार पत्र विक्रेता घायल

**मनकापुर :** क्षेत्र के ग्राम जोगापुर निवासी राकेश तिवारी (50) गुरुवार की शाम समाचार पत्र वितरण का कार्य समाप्त कर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मनकापुर-गोंडा मार्ग पर स्थित हिन्दुसिंह पुरवा के पास तेज रफ्तार से आ रही कार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राकेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना डायल 108 को दी, जिसके बाद एम्बुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया। घायल के चाचा परमानंद तिवारी ने बताया कि कार चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था और उसी के चलते यह दुर्घटना हुई। कार का नंबर भी नोट कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घायल का इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। इलाज के बाद पुलिस को तहरीर दी जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि ततहरीर मिलने पर आरोपी कार चालक के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 युवक घायल

गोंडा उतरौला मार्ग पर सोनी गुमटी ब्रिज के समीप एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवकों को ठोकर मार दी। हादसे में 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

पकड़ी कैशवार गांव के रहने वाले शिवनरायन ने बताया कि बृहस्पति वार की रात करीब 11 बजे उसके चाचा राम जियाजियावन शर्मा व भाई अनिल शर्मा शहर से घर वापस लौट रहे थे। सोना गुमटी ओवरब्रिज के समीप पीछे से आ रही एक स्कॉर्पियो कार ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि शिवनरायन की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### सुशासन के ग्यारहवें वर्ष पर लगाए ग्यारह पौधे


केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के ग्यारहवें वर्ष पर भाजपा द्वारा जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, निर्वतमान विधायक गैसड़ी शैलेश कुमार सिंह शैलू, चेयरमैन डॉ .धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के द्वारा रानीतालाब पर ग्यारह पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, डॉ अजय सिंह पिंकू, जयंत सिंह धर्मू, अभिषेक सिंह, शशांक सिंह गौरव, हरेंद्र दुबे, अब्दुल अजीज, विराँच तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 40 महादानियों ने किया रक्तदान


रक्तदाताओं को सम्मानित करते नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा। अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर :** ईद उल अजहा के मौके पर पचपेड़वा में स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन। परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद वेलफेयर सोसाइटी व वन उम्मा फाउंडेशन की सहायता से वीडियो वॉलिंटियर के सामुदायिक संवाददाता शोएब क़मर रक्तदान को लेकर युवाओं में जागरूकता अभियान लाने का काम करते हैं इस क्षेत्र में पिछले 3 सालों में शोएब क़मर के माध्यम से अब तक 557 यूनिट रक्तदान कराया गया है। वन उम्मा फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने पूरी जिम्मेदारी के साथ रक्तदान को सफल बनाने के लिए लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहे थे जिसकी वजह से 40 यूनिट रक्तदान करने में सफल रहे। इस रक्तदान कैंप में कई युवाओं ने आपने जीवन का पहला रक्तदान किया तो वहीं आकिब हबीब (8वी), इरशाद खान (9वी), जमशेद सिद्दीकी (7वी), अरशद खान (5वी) बार रक्तदान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रवि कुमार वर्मा ने इस मौके पर दोनों सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सबका कार्य सराहनीय है, मुझे गर्व है मेरे नगर पंचायत में ऐसे युवा साथी मौजूद है जो केवल रक्तदान नहीं करते है बल्कि समाज को जागरूक करने का भी काम करते हैं अगर इस तरह का कोई कार्यक्रम आगे भी आयोजन होता हैं तो पूर्ण रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष होने के नाते नहीं बल्कि एक जागरूक नागरिक होने के नाते हम सहयोग करेंगे। शोएब क़मर ने कहा कि वन उम्मा फाउंडेशन के सभी साथियों ने उम्मीद से बढ़कर जिम्मेदारी निभाने का प्रयास किया जो बहुत ही सराहनीय है।

### विधायक ने वितरित की ट्राइसाइकिल व सहायक उपकरण


दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड साइकिल वितरित करते विधायक। अमृत विचार

**बलरामपुर।** आकांक्षी विकास खंड श्रीदत्तगंज में राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने 46 दिव्यांगजनों को 80 से अधिक सहायक उपकरण वितरित किए, जिनमें 20 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भी शामिल थीं। इन सहायक उपकरणों को पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। विधायक पल्टूराम ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है और इन उपकरणों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज में समान अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में बीडीओ श्रीदत्तगंज, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम एलिमको कानपुर और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया गया था।

### मुख्यमंत्री के दीर्घायु के लिए लोगों ने किया हवन यज्ञ



**बलरामपुर :** सनातन जागृति मंच द्वारा उत्तर प्रदेश में सुशासन और कानून का राज स्थापित करने वाले यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53 वां जन्मदिवस स्थानीय हनुमानगढ़ी परिसर में यज्ञ कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। संयोजक दिलीप गुप्ता ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि 2017 से प्रदेश में कानून का राज है।

# प्रकृति के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है पौधरोपण


हलधरमऊ बीआरसी पर पौधरोपण करते बीईओ श्रवण तिवारी व शिक्षक।

**गोंडा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बृहस्पतिवार को जिले में कई स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इसी क्रम में हलधरमऊ ब्लैक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण तिवारी ने शिक्षकों के साथ पौधरोपण किया। पौधरोपण करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है।

# शव रखकर ग्रामीणों ने लगाया जाम

**छपिया, अमृत विचार:** बृहस्पतिवार को संदीप हालत में एक युवक की मौत के मामले को लेकर गुस्सा आए परी जिन्होंने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बादशाहों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की हत्या कर उसका शव सड़क पर फेंका गया है।

धानेपुर गांव निवासी शुभम भारती (18) बृहस्पतिवार को बाइक से अपने दोस्त शिवानी के घर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था लेकिन वापस लौटते समय उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। दोस्तों के मुताबिक जब शुभम बाइक से अपने गांव लौट रहा था तो रास्ते में उसकी बाइक फिसल गई थी और वह सड़क पर गिर पड़ा था उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई थी

▶▶ **तीन लोगों के खिलाफ के मुकदमा दर्ज**

▶▶ **बृहस्पतिवार को संदिग्ध हालत में हुई थी युवक की मौत**

लेकिन परिजनों ने इस घटना को हादसा मानने से इनकार कर दिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मसकनवा बभनान मार्ग पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया और मृतक शुभम की महिला मित्र शिवानी, उसके भाई व ग्राम प्रधान पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मृतक के पिता तुलाराम भारती ने बताया कि उनका बेटा शुभम गुरुवार रात 2 बजे अपनी दोस्त शिवानी के निमंत्रण में शामिल होने के लिए निकला था। आरोप है कि चांदनी चौक मुख्य मार्ग के पास शिवानी और उसके भाई राज भारती ने शुभम को साजिश के तहत मारकर शव को सड़क पर फेंक दिया।घटना के बाद कपूर चंद नामक व्यक्ति मोटरसाईकल से उसे छपिया अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होने शिवानी, राज भारती व ग्राम प्रधान पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मौके पर क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नरायन पालीवाल, सदर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सिंह, कोतवाल मनकापुर व थानाध्यक्ष छपिया ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। छपिया थाना प्रभारी संजीव वर्मा ने बताया कि हादसे के पीछे की वजहों की जांच की जा रही है। परिजनों के आरोपों को भी गंभीरता से लेकर मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी सचिव का जलवा कायम, कर्नलगंज पहुंची पत्रावली तब खाते में पहुंचा वेतन

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** कृषि उत्पादन मंडी समिति नवीन गल्ला मंडी के कर्मचारियों का वेतन आखिरकार किसी तरीके से उनके खाते में पहुंच ही गया, लेकिन मंडी सचिव का जलवा कायम रहा। जब कर्मचारी पत्रावली लेकर कर्नलगंज मंडी पहुंचे तब जाकर वेतन खाते में भेजा गया। फिलहाल वेतन मिलने से कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी देखी गई, लेकिन जिस तरीके से मंडी सचिव के कार्य प्रणाली है उसे लोग काफी परेशान देखे जा रहे हैं।

बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी के कर्मचारियों का वेतन मंडी सचिव और लिपिक के लापरवाही के चलते कर्मचारियों का वेतन खाते में नहीं आया था, जिससे कई कर्मचारी काफी परेशान हो गये थे। कृषि उत्पादन मंडी समिति गोंडा तथा करनैलगंज दोनों मंडी के सचिव मुकेश जायसवाल है। मंडी प्रशासन की ओर से दोनों मंडियों की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जाता है कि जब कोई कर्मचारी वेतन को लेकर मंडी सचिव से बात करता है तो वह तरह-तरह की बातें कहने लगते हैं। इसलिए कोई कर्मचारी मुखर होकर कोई बात कह नहीं रहा है। एक कर्मचारी के अनुसार वेतन न आने से उनके घर में भोजन की भी समस्या हो रही थी । वह चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं। बच्चों की फीस भरनी थी, लेकिन वेतन खाते में न आने से उनकी स्थिति काफी खराब हो गई। आरोप यह भी है की मंडी सचिव समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। बताया जाता है जो बाबू वेतन बिल बनाते हैं वह लापरवाही बरत रहे थे। महीने के अंत तक बिल बनाकर बैंक में चला जाना चाहिए, लेकिन गोंडा मंडी समिति में ऐसा नहीं हो पा रहा था । जिस बाबू की जिम्मेदारी है। उनका स्थानांतरण भी हुआ था लेकिन रिलीव नहीं किया गया है।

▶▶ **वेतन खाते में पहुंचने पर कर्मचारियों ने ली राहत की सांस**

मंडी में दूसरे बाबू की तैनाती भी हो गई है लेकिन सचिव की कृपा से स्थानांतरित बाबू ही कार्यभार देख रहे है। उनका कहना था कि करनैलगंज मंडी में बिल लेकर आओ तब वेतन भुगतान होगा। उनका पूरा साथ मंडी सचिव दे रहे थे। वेतन देरी से भुगतान होना कोई नई बात नहीं थी, पिछले कई महीने से ऐसे ही भुगतान हो रहा था, जिसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। मंडी सचिव दो जगह का चार्ज होने का पूरा लाभ उठाते हैं। कार्यालय में मौजूदगी भी कम होती है। जब कोई कहता है तो कभी बता देते हैं। करनैलगंज हूं, कभी बता देते हैं गोंडा मंडी में हूं। जबकि अक्सर वह कार्यालय से गायब ही रहते हैं। कर्मचारियों ने वेतन भुगतान की बात कही तो उन्होंने कहा कि कर्नलगंज है, वही पत्रावली लेकर आओ तब वेतन संबंधित कार्य होगा। आखिरकार मंडी कर्मचारियों में जब देखा कि वेतन भुगतान नहीं हो पाएगा तो वह मंडी सचिव व लिपिक के आदेशानुसार पत्रावली लेकर करनैलगंज मंडी पहुंचे, उसके बाद बिल वाउचर पर साइन हुआ और खाते में वेतन की धनराशि भेजी गई। फिलहाल वेतन खाते में पहुंचने के बाद कर्मचारी ने राहत की सांस ली है। लेकिन जिस तरीके से मंडी प्रशासन की कार्य प्रणाली है उसको लेकर आक्रोश है। इस संबंध में जब मंडी सचिव मुकेश जयसवाल से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया तो मोबाइल की घंटी बजती रही लेकिन बात नहीं हो सकी।

**आयोजन** केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में दी जानकारी

# 21 जून तक चलाए जाएंगे विभिन्न अभियान : राहुल राज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को अटल भवन कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कार्यकर्ताओं को केन्द्र सरकार के उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।



केंद्र सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

मुख्य अतिथि ने कहा कि छह से 21 जून तक विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे। अभियान के दौरान पौधरोपण का भी कार्यक्रम शामिल रहेगा। आगामी 9 जून को प्रदेश सरकार के मंत्री व प्रदेश पदाधिकारी प्रेस वार्ता जिले में करेंगे। 11 व 12 जून को जिले में प्रदेश से कोई भी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दिन प्रबुद्ध समागम एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसी के साथ ही जिले के जनप्रतिनिधियों द्वारा कराये गए अच्छे कार्यों को कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर शेयर करें। पार्टी की ओर से डिजिटल प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिसमें सोशल मीडिया पर मौजूद लोग प्रतिभाग कर सकेंगे। मंडल स्तर पर भी अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। 13 से 15 जून तक विकसित भारत का संकल्प कार्यक्रम किया जाएगा। शक्ति केन्द्रों पर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम चौपाल व नगरीय क्षेत्र में नगरीय चौपाल का आयोजन होगा। सभी कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल उत्सव के रूप में मनाएं। 19 से 20 जून तक प्रत्येक मंडल में विश्व योग दिवस का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ता निचले स्तर तक पहुंचाने का कार्य करें। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर लाभ दिलानें में सहायोग करें। नपाप अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि अभियान में युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का काम संगठन के लोग करें। युवाओं के लिए सरकार तमाम योजनाएं चला रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, सह संयोजक शिव प्रसाद यादव, मयूर सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता, बिन्दू विश्वकर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता तिवारी, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, बंदना पासवान, अवधेश तिवारी तरुण, सुनीता मिश्रा, रवीन्द्र सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पहले बदमाशों का किया एनकाउंटर, फिर बेटी का कराया विवाह

## शाबाश गोंडा पुलिस : धूमधाम से हुई उदय कुमारी की शादी, घराती बनी मित्र पुलिस, एसपी व सीओ एसटीएफ ने दिया आशीर्वाद

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : शातिर बदमाशों का एनकाउंटर करने के बाद गोंडा पुलिस ने मित्र पुलिस की भूमिका को साकार करते हुए बदमाशों की गोली का शिकार हुए मृतक शिवदीन के बहन की शादी पूरे धूमधाम के साथ करायी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बृहस्पतिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ उदय कुमारी का विवाह हुआ। एसपी विनीत जायसवाल उनकी पत्नी डा तन्वी जायसवाल, सीओ एसटीएफ डीके शाही व उनकी पत्नी तथा राज्य महिला आयोग की सदस्य ॠतु शाही ने बारात की अगवानी की और नवदंपति को सुखद वैवाहिक जीवन का आशिर्वाद दिया। जिले भर के पुलिसकर्मी इस विवाह में घराती की भूमिका में रहे। शादी का खर्च भी पुलिस व एसटीएफ ने उठाया।

जिले के उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के डिक्सिर धन्नीपुरवा गांव के रहने वाले 22 वर्षीय शिवदीन की सशस्त्र बदमाशों ने 24 अप्रैल की रात गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस वारदात ने पीडित परिवार की खुशियां छीन ली थी और मृतक की बहन उदय कुमारी का 5 मई को होने वाला वैवाहिक कार्यक्रम टल गया था। घटना में शामिल दो बदमाशों को पुलिस ने एक महीने के भीतर पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया था। वहीं जब मृतक के बहन की शादी टलने की जानकारी एसपी विनीत जायसवाल को हुई तो उन्होने अपनी पत्नी डा तन्वी जायसवाल को पीडित परिवार के पास भेजा। डा तन्वी ने परिजनों से मुलाकात की और उन्हे बेटी के विवाह में हर संभव मदद का भरोसा देते हुए फिर से वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू करायी। उन्होंने परिवार को 1.51 लाख रुपये नकद व अन्य उपहार दिया। एसपी की पहल के बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य ॠतु शाही व यूपी एसटीएफ ने भी उदय कुमारी के विवाह की जिम्मेदारी उठाने की घोषणा की थी।


नवदंपति को आशिर्वाद देते एसपी विनीत जायसवाल, एसटीएफ सीओ डीके शाही, राज्य महिला आयोग की सदस्य ॠतु शाही।


दुल्हन को मंडप की तरफ ले जाते सीओ, इंस्पेक्टर व महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**विधायक ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधान ने भी किया सहयोग**

उदय कुमारी के विवाह मे गोंडा पुलिस व एसटीएफ के साथ तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह गुड्डू व गांव के प्रधान ने भी सहयोग किया। विधायक के बेटे विनोद पांडेय वैवाहिक समारोह में मौजूद रहे। उन्होने नव दंपति को आशिर्वाद स्वरूप इन्वर्टर, सोने की अंगूठी व अन्य सामान दिया। पुलिस, एसटीएफ ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधान के सामूहिक सहयोग से पंडाल सजवाया गया और भोजन आदि की व्यवस्था करायी गयी। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पुलिस का यह कार्य संवेदनशीलता व सामाजिक सरोकार का परिचायक बना। पूरे जिले के लोगों ने पुलिस के इस कार्य को मानवता की मिसाल करार दिया।

### बारात पहुंचने से पहले ही आगवानी में खड़े रहे अफसर

उदय कुमारी के विवाह में शामिल होने के लिये यूपी एसटीएफ के सीओ डीके शाही व उनकी पत्नी तथा राज्य महिला आयोग की सदस्य ॠतु शाही शान चार बजे ही धन्नीपुरवा पहुंच गए। एसपी विनीत जायसवाल पत्नी डा तन्वी जायसवाल के साथ बारात आने से पहले ही उदय कुमारी के घर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम रायव सीओ तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह पुलिस टीम के साथ पहले ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। जब बारात गांव पहुंची तो जिले के आला अफसर उनकी आगवानी में खड़े थे। दूल्हा बने प्रदीप राजपूत ने कहा कि उन्होने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरी शादी में इतने बड़े अफसर शामिल होंगे। वहीं दुल्हन उदय कुमारी व उसके परिजनों ने एसपी विनीत जायसवाल, गोंडा पुलिस, राज्य महिला आयोग की सदस्य ॠतु शाही, एसटीएफ सीओ डीके शाही, स्थानीय विधायक, ब्लाक प्रमुख व अन्य सभी को धन्यवाद दिया।

> हमारा प्रयास न केवल अपराध पर नियंत्रण करना बल्कि पीड़ितों के जीवन को संबल देना भी है। इस विवाह आयोजन के माध्यम से गोण्डा पुलिस ने मानवीय मूल्यों को निभाते हुए समाज के प्रति अपने दायित्व को और दृढ़ता से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। इस पूरे प्रकरण में गोण्डा पुलिस और एसटीएफ ने न केवल कानून व्यवस्था का पालन कराया, बल्कि एक अभिभावक की भूमिका निभाकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया। हम केवल अपराधियों के विरुद्ध नहीं, बल्कि जरूरतमंद व पीड़ित जनमानस के साथ भी हमेशा खड़े हैं।
>
> –विनीत जायसवाल, पुलिस अधीक्षक

## एक नजर

### 14 जून से होगा प्रशिक्षण का आयोजन

**रुपईडीह :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक के 56 ग्राम संगठनों के दो-दो सदस्यों का प्रशिक्षण का प्रथम चरण आगामी 14 जून से ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कपिल देव पांडेय ने बताया कि इस प्रशिक्षण में सभी सदस्यों को ग्राम संगठन के दायित्वो व उनके संचालन के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण मे चयनित सभी 60 सदस्यों को अवगत करा दिया गया है।

### गन्ना किसानों को दी जानकारी

**रुपईडीह :** शुक्रवार को गन्ना विकास परिषद एवं मैजापुर चीनी मिल के संयुक्त तत्वावधान मे बेलवा बाजार मे मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गन्ना किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। समस्या निदान के बारे मे जानकारी दी गई। मुख्य प्रशिक्षक सचिन मिश्र ने उपस्थित किसानों को गन्ने की उन्नतिशील प्रजातियों, कीट नियंत्रण, रोग की पहचान व निदान तथा विज्ञानी खेती के तौर तरीकों से अवगत कराया। गन्ना विकास अधिकारी नरेंद्र मिश्र ने प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलायी जा रही योजनाओं के बारे मे बताया। गन्ना प्रबंधक राजेश सरोहा, दीनानाथ, नरेंद्र मिश्र, कुशलपाल तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### दबंगों ने गिराई पक्की दीवार, किया तोड़फोड़

**तरबगंज :** नगरपंचायत तरबगंज के रामापुर स्वरूपा पुरवा में दबंगों ने जमकर तांडव मचाते हुए ई-रिक्शा मोटरसाइकिल सहित पक्की दीवार तोड़ दी है। काफी देर तक हड़कंप पहुंच रहा। पीड़ित स्वामी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार की बीती देर रात दबंगों ने साथियों के साथ मिलकर जमकर तांडव मचाया घर के सामने खड़े ई-रिक्शा व मोटरसाइकिल कों तोड दिये हैं। रोकनें पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की हैं। आरोपी नेदरवाज़े के सामने बनी पक्की दीवार कों भी तोड़ कर गिरा दिया है। घरों के कई बिजली उपकरण, लाठी डंडों से तोड़ दिए गए। महिलाओं को धमकी देकर हमलावर फरार हो गए। रात को हुई घटना की सूचना पीड़ितों ने स्थानीय पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया की तोड़ फोड़ की शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

### संदिग्ध अवस्था में घूम रहा युवक गिरफ्तार

**रुपईडीह :** रात में कौड़िया के कटुवा नाला कस्बे में संदिग्ध रूप से घूम रहे बहराइच के कोतवाली देहात क्षेत्र के वेदनापुर गांव निवासी मोहम्मद वैस को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को पुलिस द्वारा न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की गिरफ्तारी पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी सुनील कुमार सिंह व आरक्षी नीरज सिंह द्वारा की गई है।

### युवती को अगवा करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज :** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। युवती के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के भाई ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 3 जून की रात लगभग 9 बजे उसकी 21 वर्षीय बहन अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में पता चला कि गांव का ही युवक धर्मेंद्र उर्फ मयकू लाल उसे शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही युवती को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### कृषि गोष्ठी में दी गई तकनीकी जानकारी

**इटियाथोक :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत चुरिहारपुर, गजाधरपुर व गोशेंद्रपुर में किसानों को बेहतर उपज के विषय में जानकारी दी गई। किसान गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र गोपालग्राम के अभिषेक मिश्रा ने कहा कि किसान जैविक एवं प्राकृतिक तरीके से खेती करें। एडीओ कृषि मजहर हुसैन ने कृषि यंत्रों के उपयोग, पशुपालन में आ रही दिक्कतों,फसलों के रोग से बचाव के लिए किसानों को जानकारी देते हुए उर्वरक एवं रसायनों के प्रयोग की जानकारी दी। इस अवसर पर अखिलेश प्रजापति, अंकित कुमार, रविंद्र सिंह, अनिल चतुर्वेदी मौजूद रहे।

## गंगा दशहरा पर सरयू घाट पर उमड़े श्रद्धालु


सरयू घाट पर मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर सरयू घाट बसेहिया पर भजन संध्या और आरती का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां सरयू की आरती में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण व जल शुद्धता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भक्ति संगीत, मंत्रोच्चार और पर्यावरण चेतना से जुड़े संदेशों ने वातावरण को आध्यात्मिक और जागरूकता से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर गंगा दशहरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने नदी की स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर बल दिया। कार्यक्रम में महंत सुनील पुरी, डीएफओ पंकज कुमार शुक्ला, एसडीओ सुदर्शन कुमार श्रीवास्तव, अंकिता सिंह आदि मौजूद रहीं।

## मजार पर फातिया कराने गई एक ही गांव की तीन युवतियां लापता

**धानेपुर :** धानेपुर इलाके में स्थित एक मजार पर फातिया कराने गयी एक ही गांव की तीन युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों की शिकायत की पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर बरामदगी के प्रयास में जुट गई है।

धानेपुर के एक गांव की रहने वाली समुदाय विशेष की तीन युवतियां गुरुवार को इलाके के मजार पर गयी हुई थी, जहां से लापता हो गई है। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवार में खलबली मच गई। खोजबीन के बाद पता नहीं चला तो परिजनों ने ने शिकायत की है। एक गांव निवासी पीड़ित परिजनों के मुताबिक घर की 19 साल की बेटियों पर शैतानी साया था। इससे निजात पाने के लिए गुरुवार को तीनों धानेपुर इलाके के आगापुरवा में स्थित मलंगशाह की मजार पर फातिहा कराने गई थी। जहां से लापता हो गई। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तीनों युवतियों बालिग है गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है और बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## बकरीद आज, सुबह 8 बजे अदा होगी नमाज

**गोंडा, अमृत विचार:** ईद उल अजहा यानि बकरीद का त्योहार शनिवार को मनाया जाएगा। शहर के मुहल्ला पटेल नगर स्थित गोंडा ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी। बकरीद को लेकर आज दिन भर लोगों ने जरूरत के वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। बाजार में खूब रौनक रही।

ईद उल अजहा ( बकरीद ) का त्योहार पैगम्बर हजरत ईब्राहीम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की याद में मनाया जाता है। गोंडा ईदगाह कमेटी की ओर से ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे अदा किए जाने का ऐलान किया है। नमाज के बाद बकरीद पर बकरों की कुर्बानी की जाती है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। जिला प्रशासन ने के आदेश के अनुसार कहीं भी खुले में कुर्बानी नहीं की जाएगी। साथ ही मिलजुल कर सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है। इसके लिए उलेमाओं ने ऐलान कर लोगों को सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करने की हिदायत दी है। वहीं शहर में बकरीद को लेकर लोगों ने सेंवई आदि की खूब खरीदारी की। शहर के मेवातियान मुहल्ले के मैदान में बकरों की बिक्री के लिए मंडी लगी जहां पर 10 हजार से लेकर 40 हजार रुपये तक के बकरे बिके। सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना अध्यक्षों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। नगर कोतवाली पुलिस को सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा संग शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम मुण्डेरवा में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत गीता संगीतमय कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। अयोध्याधाम से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक संजीवाचार्य महाराज के सान्निध्य में सरयू तट से कलश यात्रा निकाली गई, जो समय्य माता मंदिर होते हुए कथा स्थल तक पहुँची। कथा प्रारंभ करते हुए संजीवाचार्य महाराज ने श्रीमद्भागवत की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि निष्काम भाव से कथा श्रवण करने से न केवल आत्मिक ज्ञान की प्राप्ति होती है, बल्कि धर्म और कर्म का भी परिपालन होता है। श्रीमद्भागवत कथा जीवन जीने की कला सिखाती है और भक्तों को सत्य, प्रेम व त्याग के मार्ग पर प्रेरित करती है। संपूर्ण वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा, श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नृत्य करते रहे। आयोजन में शामिल जनसमूह में अपार श्रद्धा और उत्साह देखने को मिला।कलश यात्रा में जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, ग्राम प्रधान कुसुम सिंह, अधिवक्ता अरविंद प्रताप सिंह, अध्यापक रवि प्रताप सिंह, केडी सिंह, सुरेश सिंह, बृजेश कुमार सिंह, अंकित सिंह, रितेश मिश्रा, अभ्युदय प्रताप सिंह, बाबादीन मिश्रा, नकछेद मिश्रा, दिलीप कुमार, मुख्य यजमान भगवान बख्श सिंह एवं शकुंतला सिंह शामिल रहीं।

### पदोन्नति पाकर दरोगा बने सात हेड कांस्टेबल


पदोन्नत पुलिस कर्मियों के साथ एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस महकमें में कार्यरत 7 हेड कांस्टेबल पदोन्नति पाकर दरोगा बन गए। इस पर एसपी विनीत जायसवाल ने उन्हे स्टार लगाकर सम्मानित किया और पदोन्नति की बधाई दी। एसपी ने पदोन्नत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपनी नई जिम्मेदारियों को भलीभांति समझें और प्राथमिकता के आधार पर जनता की समस्याओं को सुनें और उनके समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण कराएं। पदोन्नति पाने वालों में राजनारायण यादव थाना खोड़ारे, शैलेन्द्र यादव थाना कोतवाली देहात, आत्मा सिंह थाना कोतवाली देहात, मान सिंह थाना धानेपुर, गऊचरन थाना एएचटीयू, अवधेश कुमार यादव एसपीओ कार्यालय और दिग्विजय यादव संबद्ध यूपीपीसीएल शामिल हैं। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत परसपुर में बिजली आपूर्ति को लेकर आक्रोश


परसपुर विकास मंच ने बिजली आपूर्ति सही करने को लेकर दिया गया मांग पत्र।

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत परसपुर में बिजली आपूर्ति को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने अधिशासी अभियंता, देवीपाटन मंडल को एक पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है कि नगर पंचायत को शासन द्वारा निर्धारित 21 घंटे की विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही है। उन्होंने पत्र में कहा है कि परसपुर उपखंड के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत क्षेत्र में शासन की मंशा के अनुरूप 20 से 21 घंटे बिजली आपूर्ति न देकर केवल 12 से 15 घंटे ही बिजली दी जा रही है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है तथा नगर के लोग ठगा महसूस कर रहे है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नगर पंचायत क्षेत्र में शासन के निर्देशों के अनुसार विद्युत आपूर्ति को 21 से 22 घंटे तक सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को गर्मी और अघोषित कटौती से राहत मिल सके। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगातार हो रही विद्युत कटौती से स्कूली बच्चों, दुकानदारों तथा बीमार व्यक्तियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## स्टाफ नर्स पर भ्रष्टाचार का आरोप

**करनैलगंज :** सीएचसी करनैलगंज में तैनात स्टाफ नर्स पर भ्रष्टाचार फैलाने का गंभीर आरोप लगाते हुए एक स्थानीय निवासी ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र भेजा है। करनैलगंज के बालूगंज निवासी प्रदीप कुमार ने डीएम नेहा शर्मा को भेजे गए पत्र में कहा है कि अस्पताल में प्रसूताओं और अन्य मरीजों को सरकार द्वारा दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। इसके बजाय मरीजों से दवाएं बाहर से लिखवाई जा रही हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि कुछ स्टाफ नर्सें अस्पताल के कमरे में ही निजी प्रैक्टिस कर रही हैं। स्टाफ नर्स संध्या गुप्ता पर भ्रष्टाचार फैलाने का आरोप है, जिन पर पहले भी पर्ची वायरल कर दवाओं के कमीशन के आरोप लगे थे। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि दोषी स्टाफ नर्सों और मेडिकल स्टोर संचालकों पर विभागीय कार्रवाई की जाए। सीएचसी अधीक्षक डॉ अनुज कुमार का कहना है कि उन्हें जानकारी नहीं है यदि शिकायत मिलती है उसकी जांच कर कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जाएगा।

## कार्बन कनेक्ट परियोजना से बढ़ेगी किसानों की आय

**गोंडा, अमृत विचार:** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए किसानों को जलवायु अनुकूलित कृषि पद्धतियों से जोड़ने की दिशा में पानी संस्थान की तरफ से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कार्बन किसान कनेक्ट (सीकेसी) परियोजना के अंतर्गत पानी संस्थान किसानों को जागरूक कर कार्बन क्रेडिट के लिए पंजीकरण करा रहा है।

पानी संस्थान के जिला प्रबंधक राजीव मिश्र ने बताया कि परियोजना के तहत 10 लाख किसानों को कार्बन क्रेडिट प्राप्त करने योग्य बनाया जायेगा। इसके अतिरिक्त, यह पहल वाटर फुटप्रिंट और कार्बन फुटप्रिंट को घटाकर पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। यह कार्यक्रम न केवल किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।


किसानों को कार्बन कनेक्ट परियोजना की जानकारी देते पानी संस्थान के अधिकारी।

**क्या है कार्बन किसान कनेक्ट परियोजना**

कार्बन खेती, मिट्टी में कार्बन को संग्रहित करने या ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए भूमि के प्रबंधन का एक तरीका है। यह कृषि पद्धतियों का एक समूह है जिसका उद्देश्य मिट्टी, फसल की जड़ों, लकड़ी और पत्तियों में कार्बन का भंडारण करना है, जिससे वायुमंडल में कार्बन की मात्रा कम हो। कार्बन खेती के माध्यम से किसान अपनी भूमि में कार्बन को संग्रहित कर सकते हैं, जिससे फसल की पैदावार और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भी कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्कूल की भूमि पर कब्जे की शिकायत

**परसपुर :** पूरे अजब गांव में स्थित विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। गांव निवासी सूर्यभान सिंह पुत्र स्वर्गीय जगदम्बा सिंह ने उपजिलाधिकारी करनैलगंज को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया है कि गांव में स्थित गाटा संख्या 354/0200 हेक्टेयर भूमि, जो विद्यालय के नाम दर्ज है, उस पर गांव के लालबहादुर सिंह उर्फ नंगा पुत्र श्याम सुंदर द्वारा जबरन नल गाड़कर अतिक्रमण की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, विपक्षी द्वारा बलपूर्वक भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे ग्रामवासियों में असंतोष व्याप्त है। प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से मौके पर राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन कराकर विद्यालय की भूमि को सुरक्षित किया जाए और तारबंदी कर पुनः अतिक्रमण की संभावना को रोका जाए।

**हर्षोल्लास** निर्जला एकादशी के पूर्व संध्या पर हुआ बाबा खाटू श्याम का गुणगान

## कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है ...


खाटू श्याम के भजनों पर झूमती महिला श्रद्धालु

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** शहर के सर्कुलर रोड पर निर्जला एकादशी के पूर्व संध्या पर श्याम प्रेमी अजय अग्रवाल के निवास पर बाबा खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन रात्रि 8 बजे शुरू हुआ, जिसमें स्थानीय भजन गायक परमानंद शर्मा, पुनीत बंसल, नितेश मित्तल, आलोक भावसिंहका ने बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया।

गोरखपुर की आमंत्रित भजन गायिका शिप्रा सलोनी ने बाबा श्याम के दरबार में बाबा खाटू श्याम, बालाजी और माता रानी के भजनों की हाजिरी लगाईं। कीर्तन किया रात बाबा आज थाने आनो है,आयो सांवरियो सरकार लीले पर चढ़कर। दानी होकर चुप क्यूं बैठा ये कैसी दातारी रे, श्याम बाबा आदि कई भजनों की हाजिरी लगाईं। कीर्तन में आसपास के जनपदों से श्याम प्रेमी शामिल हुई। भजन की समाप्ति पर आरती हुई।और उसके बाद सभी श्याम प्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सुरेश भावसिंहका,रवि मोदी, संजय गोयल,अवि गोयल, आयूष गोयल,शैलेन्द्र गोयल,शलभ गर्ग, अंकित लवी,श्याम गोयल,सबिता गोयल, लक्ष्मी गोयल,बेनू अग्रवाल,पायल मोदी, संगीता अग्रवाल सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

गुणैरुत्तमतां यान्ति नोच्चैरासनसंस्थितैः ।
प्रसादशिखरस्थोऽपि किं काको गरुडायते ॥

गुणों से ही मनुष्य बड़ा बनता है, न कि किसी ऊंचे स्थान पर बैठ जाने से । राजमहल के शिखर पर बैठ जाने पर भी कौआ गरुड़ नहीं बनता ।

## संपादकीय

# मध्य वर्ग को सीधी राहत

वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन जारी रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाने का बड़ा फैसला लिया है। निश्चित रूप से इस फैसले से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने लगातार तीसरी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दर कटौती का उद्देश्य न केवल आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना है बल्कि आम जनता, विशेष रूप से मध्यम वर्ग को सीधी राहत पहुंचाना भी है। इस कटौती के साथ रेपो दर तीन साल के निचले स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। इसके साथ आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। रेपो दर में कटौती के साहसिक कदम से मकान खरीदने वालों को राहत मिलेगी और रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग भी बढ़ेगी। इस बार की कटौती ने बैंकों के लिए पूंजी जुटाना सस्ता बना दिया है, जिससे अब होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन जैसे उत्पादों की दरें घटेंगी। जहां एक ओर आम जनता को सीधी राहत मिल रही है, वहीं बैंकों के लिए यह कदम दोहरी परिस्थिति लेकर आया है। स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था को स्थिर गति देने और मांग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। कंपनियों के लिए भी यह फैसला वित्त पोषण को आसान बनाएगा, नई परियोजना शुरू करने में मदद करेगा और नकदी की स्थिति बेहतर करेगा। जानकारों के मुताबिक आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आगे रेपो दर में और कटौती की गुंजाइश काफी कम है।

भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भविष्य की नीति तैयार करने के लिए आय के आंकड़ों और उभरते परिदृश्य का सावधानीपूर्वक आकलन करेगी। कुल मिलाकर यह दर कटौती आम लोगों की जेब पर भी सकारात्मक असर डालेगी। क्योंकि छोटे शहरों और कस्बों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जहां अधिकतर ग्राहक बैंक ऋण पर निर्भर रहते हैं। निस्संदेह यह महत्वपूर्ण कटौती केवल एक मौद्रिक नीति निर्णय नहीं है बल्कि आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाने, आर्थिक असमानता को घटाने और बाजार को फिर से सक्रिय करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

# भारत के लिए संकट नहीं बनेगा ब्रह्मपुत्र का पानी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिये अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि के निलंबन से आहत पाकिस्तान भारत को सबक सिखाने के दिन में स्वप्न देख रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के सलाहकार राणा अहसान अफजल ने एक नई धमकी देते हुए कहा है कि यदि चीन ब्रह्मपुत्र का पानी रोक दे तो भारत का क्या हाल होगा? चूंकि पाकिस्तान न तो ब्रह्मपुत्र के भूगोल से परिचित है और न ही पानी के प्रवाह के तकनीकी के ज्ञान से? इसलिए इस भूगोल और तकनीक का ज्ञान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कराकर पाक के नैरेटिव की हवा निकाल दी। बिस्वा ने अपनी एक्स पोस्ट पर ठोस तथ्यों के साथ लिखा कि ब्रह्मपुत्र एक ऐसी नदी है, जिसका प्रवाह भारत में घटता-बढ़ता नहीं है। अतएव नदी को अपना प्रवाह बनाए रखने के लिए चीन के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ब्रह्मपुत्र के कुल जल प्रवाह में चीन केवल 30 से 35 प्रतिशत तक का योगदान देता है। यह भी ज्यादातर हिमनदों के पिघलने और बारिश से मिलता है। शेष 65 से 70 प्रतिशत जल भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों से मिलता है। इसलिए यह नदी भारत में प्रवेश के बाद सशक्त हो जाती है। अतएव यह वर्षा जल से पोषित भारतीय नदी प्रणाली का हिस्सा है न कि किसी एक जल स्रोत पर निर्भर है। पाकिस्तान को यह सच्चाई जाननी चाहिए। फिर भी चीन ब्रह्मपुत्र के जल को कम करता भी है तो वह भारत के लिए मददगार ही साबित होगा। क्योंकि इस नदी की बाढ़ से प्रतिवर्ष लाखों लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ता है।

ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बांध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबंध कर लिए हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था। लेकिन इसका असर पूर्वोत्तर की कृषि पर देखने में नहीं आया था। ब्रह्मपुत्र एशिया की सबसे लंबी नदी है। इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लंबी नदियों में 29वां स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊंचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएं निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बांधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापार, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बांधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल के रूप में भी देखी जाती हैं। लेकिन यदि चीन ब्रह्मपुत्र के पानी को औजार बनाता है तो भारत से कहीं ज्यादा चीन की ही बिजली, सिंचाई और पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी।

दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 नगर और 110 बड़े नगर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। उद्योगों और कृषि संबंधी जरूरतों के लिए भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिए उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएं प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, इनके अटकने के अनुमान लगा लिए जाते हैं। ये परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे 37827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा। चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहां भारत को मध्यम व लघु बांध बनाना आसान है। ये सभी बांध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं और पानी का प्रवाह बना रहता है तो पूर्वोत्तर के सातों राज्यों की बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसे बुनियादी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। पिछले 11 साल में इन बांधों के निर्माण में तेजी आई है।

चीन के साथ सुविधा यह है कि वह अपनी नदियों के जल को अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानकर चलता है। पानी को एक उपभोक्ता वस्तु मानकर वह उसका अपने हितों के लिए अधिकतम दोहन में लगा है। बौद्ध धर्मावलम्बी चीन परंपरा और आधुनिकता के बीच मध्यमार्गी सामंजस्य बनाकर चल रहा है। जो नीतियां एक बार मंजूर हो जाती हैं, उनके अमल में चीन कड़ा रुख और भौतिकवादी दृष्टिकोण अपनाता है। इसलिए वहां परियोजना के निर्माण में धर्म और पर्यावरण संबंधी समस्याएं रोड़ा नहीं बनती। नतीजतन एक बार कोई परियोजना कागज पर आकार ले लेती है तो वह आरंभ होने के बाद निर्धारित समयावधि में लगभग पूरी हो जाती है। चीन और भारत के बीच ब्रह्मपुत्र के जल-बंटवारे को लेकर विवाद और टकराव बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पानी के उपयोग को लेकर कई संधियां हुई हैं। इस लिहाज से चीन को सोची-समझी रणनीति के तहत पानी रोकने या उसकी धारा बदलने का अधिकार है ही नहीं। इस संधि में जल प्रवाह के आंकड़े साझा करने की शर्त भी शामिल है। लेकिन चीन संयुक्त राष्ट्र की इस संधि की शर्तों को मानने के लिये इसलिए बाध्यकारी नहीं है, क्योंकि इस संधि पर अब तक चीन और भारत ने हस्ताक्षर ही नहीं किए हैं।

दरअसल ब्रह्मपुत्र का पानी अधिक मात्रा में छोड़ने या रोकने से भारत पर बहुत बड़ा असर पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि नदी का जलभराव क्षेत्र का 22 से 30 फीसदी हिस्सा चीन में है, वहीं 21 फीसदी जल चीन से आता है। तिब्बती जल स्रोतों, बारिश और हिमनदों के पिघलने से यह पानी नदी में आता है। भूटान एक छोटा देश जरूर है, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी में उसका भी योगदान चीन के बराबर करीब 21 फीसदी है। जबकि भूटान में नदी का बहाव क्षेत्र केवल 7 फीसदी हिस्से में है। वहीं भारत में यह 34 फीसदी के करीब है। परिणामतः ब्रह्मपुत्र में सबसे ज्यादा पानी भारत से ही जाता है। यह करीब 39 प्रतिशत है। भारत में प्रवेश करने से पहले ब्रह्मपुत्र में केवल 14 फीसदी पानी ही शेष बचता है। बाकी जो पानी बढ़ता है, वह भारतीय जल स्रोतों से ही बढ़ता है। चूंकि चीन का पानी पहले से ही बहुत कम है, इसलिए चीन जल प्रवाह रोकता भी है तो उसका भारत पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है। मानसून के समय चीन सीमा पर पानी भारत की तुलना में सात गुना तक कम रहता है। अतएव हिमंत बिस्वा ने कड़ा जबाव देकर पाकिस्तान की बोलती बंद कर दी है।

## प्रसंगवश

# खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

खाद्य सुरक्षा को एक मानवाधिकार माना गया है, जिसके तहत सभी को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का उपभोग करने का अधिकार है। इसी के साथ खाद्य जनित बीमारियों के बोझ को कम करके खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना भी अनिवार्य माना गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दूषित खानपान के कारण 200 से अधिक बीमारियां होती हैं और दुनियाभर में प्रतिवर्ष 10 में से 1 व्यक्ति दूषित भोजन के कारण बीमार पड़ता है। प्रतिवर्ष वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी अथवा रासायनिक पदार्थों से दूषित भोजन खाने से करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं और लाखों लोग विभिन्न खाद्य जनित बीमारियों के शिकार होकर मर जाते हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन के कारण गरीबी से ग्रस्त तबके में बीमारियां होने का खतरा ज्यादा होता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा खाद्य सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खाद्य जनित बीमारियों को रोकने के लिए कार्रवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह दिन सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली चुनौतियों पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें सुरक्षित भोजन तक पहुंच की कमी, गरीबी और संघर्ष शामिल हैं। इस दिवस की स्थापना का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर करना था। यह वैश्विक दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि मनुष्यों द्वारा खाया जाने वाला भोजन सुरक्षित है। लोगों के लिए यह जानना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कौन से खाद्य पदार्थ सुरक्षित हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं क्योंकि हमारा भोजन ही सुरक्षित नहीं होगा तो हमारा स्वास्थ्य कैसे अच्छा रहेगा?

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2018 को 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित करने और सुरक्षित भोजन के बहुत सारे लाभों पर प्रकाश डालने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्रतिवर्ष 7 जून को खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाने लगा। 7 जून 2019 पहला खाद्य सुरक्षा दिवस 'खाद्य सुरक्षा, सभी का व्यवसाय' विषय के साथ मनाया गया था। 3 अगस्त 2020 को विश्व स्वास्थ्य सभा ने खाद्य सुरक्षा मुद्दों और दुनिया में आवश्यक कार्रवाइयों के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया और हर साल 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस घोषित कर दिया गया। प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ मनाए जाने वाले इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य वैश्विक, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों को रोकना तथा खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना है। 2021 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 'स्वस्थ कल के लिए आज सुरक्षित भोजन' विषय के साथ, 2022 में 'सुरक्षित भोजन, बेहतर स्वास्थ्य', 2023 में 'खाद्य मानक जीवन बचाते हैं' और 2024 में 'खाद्य सुरक्षाः अप्रत्याशित के लिए तैयार रहें' विषय के साथ मनाया गया था।

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2025 का विषय है 'खाद्य सुरक्षाः क्रियाशील विज्ञान'। यह विषय सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में वैज्ञानिक ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वैज्ञानिक साक्ष्य खाद्य सुरक्षा में प्रगति को आगे बढ़ाते हैं, विशेषज्ञ सलाह से लेकर निगरानी और वैश्विक सहयोग तक। यह विषय वैज्ञानिक ज्ञान को व्यवहार में लाने के महत्व को भी रेखांकित करते हुए इस बात पर जोर देता है कि भोजन तभी सुरक्षित हो सकता है, जब मार्गदर्शन और सलाह को अमल में लाया जाए। असुरक्षित भोजन कई निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के विकास को भी बाधित करता है, जिससे श्रमिकों की विकलांगता, बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता में करीब 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर की हानि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक खाद्य सुरक्षा को जलवायु संकट भी प्रभावित करता है और बढ़ता तापमान सुरक्षित खाद्य उत्पादन के लिए बड़ा खतरा बन रहा है।

# फिर से भड़कता दिख रहा रूस-यूक्रेन युद्ध



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है।

फरवरी 2022 में शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध चौथे साल में चल रहा है। लाखों लोगों की जान जा चुकी है, शहर उजड़ चुके हैं और अब दुनिया की नजरें इस सवाल पर टिकी हैं- आखिर कौन जीत रहा है यह युद्ध? क्या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के ताकतवर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मात दे रहे हैं या फिर रूस धीरे-धीरे अपनी रणनीति में सफल हो रहा है?

विश्लेषकों का मानना है कि तुर्की में रूस और यूक्रेन के बीच हुई बातचीत के बाद स्थिति और उलझ गई है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि उन्हें सिर्फ एक ही बात स्वीकार है-यूक्रेन का सरेंडर। दूसरी ओर, यूक्रेन कुछ शर्तों पर रियायत देने को तैयार है, लेकिन रूस अपने कठोर रुख से टस से मस नहीं हो रहा। दूसरी ओर यूक्रेन, टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर, रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। हाल ही में यूक्रेनी ड्रोन हमलों ने रूस के बमवर्षक विमानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। रूस ने सोचा भी नहीं होगा कि यूक्रेन रूस के 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ा सकता है, लेकिन उसने ऐसा किया। अब 5 एयरबेस पर हमले का नुकसान तो बड़ा है और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का गुस्सा भी स्वाभविक है। ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर से भड़कता दिख रहा है और शांति की उम्मीदें लगभग मंद हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस युद्ध में अब तक करीब 14 लाख लोग हताहत हो चुके हैं। यूक्रेन के 75 हजार से ज्यादा सैनिक या तो मारे जा चुके हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रूस की कुर्स्क पर भारी कार्रवाई के बाद यूक्रेनी सेना को पीछे हटना पड़ा। इसके बाद रूस ने पलटवार करते हुए सूमी प्रांत पर हमला शुरू कर दिया है। सूमी की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यदि रूस इस पर कब्जा कर लेता है, तो वह सीधे कीव की ओर जमीनी हमला कर सकता है। इससे यूक्रेन की राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो जाएगी। फिलहाल, यूक्रेनी सेना रूस के कब्जे वाले इलाकों में जवाबी कार्रवाई कर रही है। उन्हें अमेरिका और यूरोपीय देशों से तकनीकी और खुफिया जानकारी मिल रही है, जिससे उन्हें हमलों की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन में अब अपने ही ड्रोन बनाने की फैक्ट्री और विशेषज्ञ तैयार हो चुके हैं।

हालांकि यूक्रेन को आधुनिक तकनीक और समर्थन मिल रहा है, लेकिन उसकी चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जैसे ड्रोन हमले रूसी सेना को धीमा कर सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरी तरह रोक नहीं सकते,-रूस लगातार मिसाइल और बमबारी करता जा रहा है, यूरोप और अमेरिका से हथियारों की सप्लाई बनाए रखना ओर नए हथियारों के लिए सैनिकों को ट्रेनिंग देना भी यूक्रेन के लिए बड़ी चुनौती है।

रूस की रणनीति अब यह है कि यूक्रेनी सेना की सप्लाई लाइन को काटा जाए, उन्हें घेरा जाए और धीरे-धीरे एक-एक इलाके पर कब्जा किया जाए। इसके लिए रूसी सेना छोटे-छोटे समूहों में काम कर रही है ताकि वे ड्रोन हमलों से बच सकें। यूक्रेन की गैर पारंपरिक रणनीतियां-जैसे लंबी दूरी तक ड्रोन से हमला-रूस के लिए परेशानी बन चुकी हैं, लेकिन रूस अब भी उनके खिलाफ कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया है। इससे संकेत नहीं मिलते कि रूस हमला धीमा करने वाला है।

इस समय रूस ने 5 यूक्रेनी प्रांतों के 19प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इनमें से 12 प्रतिशत इलाके पर वह पहले ही 2014 में कब्जा कर चुका था। पुतिन की चाहत है कि यूक्रेन की 25 प्रतिशत जमीन रूस के अधीन आ जाए, जिसमें एक बफर ज़ोन भी शामिल हो। आपको बता दें कि रूस क्रीमिया पर 2014 में कब्जा कर चुका है लेकिन उसकी मांग सिर्फ क्रीमिया तक सीमित नहीं है, अब वह उन इलाकों को भी यूक्रेन से चाहता है, जिन पर उसकी सेना ने अभी तक कब्जा नहीं किया है, लेकिन रूस अपना दावा करता है। इसके अलावा, वह चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद यूक्रेन की सेना, उसके हथियार और उसकी सीमाएं नियंत्रित कर दी जाएं-कुछ-कुछ वैसा ही जैसा प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी के साथ किया गया था।

इस समय दोनों पक्षों के पास न तो निर्णायक जीत है और न ही शांति का कोई साफ रास्ता। इस लंबी और थकाऊ लड़ाई के बाद भी यह तय नहीं हो पाया है कि कौन जीत रहा है। रूस की धीमी लेकिन स्थायी बढ़त को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, वहीं यूक्रेन भी टेक्नोलॉजी और नाटो समर्थन के दम पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। अगर किसी तरह से शांति समझौता हो भी जाता है, तब भी यह जरूरी नहीं कि संघर्ष थम जाएगा। जानकारों का मानना है कि यूक्रेन के भीतर गुरिल्ला युद्ध चलता रहेगा और नाटो देश रूस के लिए लंबे समय तक परेशानी बने रहेंगे। फिलहाल दुनिया को इंतजार है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा?

## सोशल फोरम

# परिवेश



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहुत से लोग अमरीका और पश्चिमी देशों की ओर देखते हैं, और बहुत से लोग अभी भी रूस की ओर देखते हैं- सोचते हैं कि भारत का समाज ऐसा ही होना चाहिए। निश्चित ही आज का जीवन ग्लोबल या वैश्विक बन चुका है तथा जो सामान्य परिस्थितियां वैश्विक हैं, उनमें अनेक समानताएं अपने यहां भी होंगी। यह परिवेश का ही प्रभाव है। निश्चित ही जितने अंशों में परिवेश की समानता होगी, उतने अंशों में जीवन की शैली में भी समानता हो सकेगी। जिस तरह के उत्पादन के साधन या टैक्नोलोजी होंगे, उसी तरह की भाषा भी होगी, संस्कृति भी होगी और मानव-व्यवहार भी वैसा ही होगा।

इसी के साथ यह भी है कि संसार में जो शक्तियां प्रबल होंगी, वे निर्बल के जीवन को प्रभावित भी करेंगी। चाहेंगी कि विकासशील देशों की व्यवस्था, विकसित देशों और प्रबल शक्तियों के हितों की पूरक हों। आनुवंशिकता के बाद मनुष्य जीवन का सबसे अधिक प्रभावशाली निर्णायक-तत्व परिवेश होता है। परिवेश से ही मनुष्य जीवन की शक्ति प्राप्त करता है। वह परिवेश प्राकृतिक भी होता है, समुद्र, नदी, पहाड़, ऋतु देह और मन दोनों को प्रभावित करते हैं

एक रिसर्चर ने बिहार में रहते हुए बुद्ध की विचार-भूमि पर अनुसंधान-कार्य किया था और बताया था कि क्यों निर्वाण ही इस विचार-सरणि का अन्तिम गन्तव्य बना? उसने बुद्ध काल की उन परिस्थितियों का विश्लेषण किया है, जिनमें अत्यन्त कष्ट-पूर्ण जीवन है। ये परिस्थितियां ही हैं, जिनके कारण पश्चिम में भौतिकवादी-दर्शन का जन्म हुआ और वह प्रभावी बन सका तथा भारत में अध्यात्मवाद का जन्म हुआ और वह प्रभावी बना। जो सामान्य परिस्थितियां हैं, उनके कारण दोनों भूमियों में समान विचारों का जन्म और प्रभाव हुआ। लेकिन परिवेश पूरी तरह समान कभी भी नहीं हो सकेगा। रूस तथा उक्रेन में एक जैसे विचार को लेकर राजसत्ता बनी किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को आमने सामने कर दिया। गोरे शासकों की शह पाकर जिन्ना ने धर्म की समानता का नारा लगाया था, पूर्वी पाकिस्तान भी पाकिस्तान ही बना था, किन्तु परिवेश की भिन्नता ने दोनों को अलग कर दिया।

-फेसबुक वॉल से

# किनकी देखरेख में हुई आजाद भारत की पहली जनगणना



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी।

देश की पहली जनगणना की शुरुआत 20 फरवरी 1951 से हुई। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारी भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती है। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थी।

भारत में 16 साल बाद फिर से जनसंख्या की गणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय जनगणना की अधिसूचना 16 जून 2025 को जारी होगी। जनगणना 1 मार्च 2027 को पूरी होगी। भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद आईसीएसके मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आरए गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया।

गोपालस्वामी ने डब्ल्यू.डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे।

गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी। बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे "स्वतंत्रता जनगणना" भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। यह ब्रिटिश शासन की जनगणनाओं से बिल्कुल अलग थी, जो मुख्य रूप से प्रशासन और राजस्व के लिए होती थीं। 1951 की जनगणना ने भारत में डेटा आधारित शासन की नींव रखी।

दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 1 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी, और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है।

आरए गोपालस्वामी ने 1948 के जनगणना अधिनियम को लागू करने, व्यापक डेटा संग्रह और विभाजन की चुनौतियों से निपटने में उनकी कोशिशों ने भविष्य की जनगणनाओं की नींव रखी। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। इस बीच, यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले, 1872 में लॉर्ड मेयो के शासनकाल में पहली बार जनगणना का प्रयास किया गया था, लेकिन वह आंशिक और असंपूर्ण थी। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# बकरीद पर कोई नयी परंपरा न डालें

## आईजी ने किया संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण, कुर्बानी स्थल पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

संवाददाता, बहराइच



संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण करते आईजी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकरीद त्योहार को लेकर शुक्रवार को बहराइच पहुंचे आईजी ने संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कहा कि जो पहले से परंपरा चली आ रही है, उसी के हिसाब से कुर्बानी करे। कोई नई परंपरा लागू नही की जाएगी।

बहराइच पहुंचे देवीपाटन मंडल के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने एसपी राम नयन सिंह के साथ संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के काजीपुरा, नाजिरपुरा समेत अन्य इलाकों का निरीक्षण कर लोगों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो पहले से परंपरा चली आ रही है। उसी के हिसाब से त्योहार मनाएं, कोई नई परंपरा न बनाएं। उन्होंने कहा कि जो भी मवेशी प्रतिबंधित है, उन्हें न काटा जाए। अगर कोई ऐसा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर बात की जाए तो जनपद में पहली बार नगर कोतवाली पुलिस के प्रयास से कुर्बानी वाले स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिससे निगरानी की जाएगी। इस दौरान आइजी ने घंटाघर चौक पर पहुंच कर व्यापारियों व धर्मगुरुओं से बात की। उन्होंने होने वाली परेशानी के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्योहार में अगर कोई अराजकता फैलाता है तो उसपर सख्त कार्यवाही होगी। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को आदेश दिया है कि सभी अपने अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते रहे और ड्रोन से भी निगरानी करे। अगर कोई अराजकता फैलाता है तो उसपर तत्काल कार्यवाही करने की बात कही है।इस दौरान एसपी सिटी रामानंद कुशवाहा,सीओ सिटी पहुप सिंह,नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह व अन्य पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।


कुर्बानी स्थल पर जांच करती पुलिस। फोटो : अमृत विचार

# भैंस खेत में घुसी, मारपीट में कई घायल

**बहराइच हुजूरपुर अमृत विचार।** जिले के ठाकुर राम पुरवा गांव में खेत में गुरूवार सुबह भैंस ने घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाया। इसी को लेकर उपजे विवाद में हुई मारपीट में दर्जनभर लोग घायल हो गये। सभी घायलों को पुलिस ने मेडिकल को चिरैय्या टांड़ सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

हुजूरपुर थाने के ठाकुररामपुरवा में गजराज के गन्ने के खेत मे गुरुवार सुबह कन्दरा गांव के यादव की भैंस चर रही थी। लोगों ने मना किया तो बड़ी संख्या में लाठी डंडे से लैस हमलावरों ने हमला बोल दिया। इस हमले में बड़कऊ, मनोज, कमलेश, पुष्पा, सावित्री, माया देवी, सोनी, निक्की, निक्की, सुमन व रामरूप गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को पुलिस ने चिरैय्या टांड़ सीएचसी मेडिकल को भेजा। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मारपीट, बलबा, एससीएसटी आदि की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# सड़क हादसों में युवक की मौत, तीन लोग हुए घायल

संवाददाता, बहराइच




**अमृत विचार।** विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

पयागपुर थाने के पहड़वा निवासी बाइक सवार प्रमोद (40) पुत्र राम लोटन गांव के पास मवेशी से टकराकर गिर गया। गम्भीर हालत में घायल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज लाया गया , जहां पर हालत नाजुक देख चिकिस्तक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय घायल की रास्ते में मौत हो गई।यदेहात कोतवाली के बहराइच - बलरामपुर हाइवे के धरसवां और बहादुर चक गांव के बीच तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार पयागपुर थाने के वीरपुर गांव निवासी विजय (28) पुत्र बाबूलाल, मनीष (28) पुत्र राम अचल व थवई गांव निवासी तेज नरायन (25) पुत्र राम फेरन गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया गया।

### बाइक ट्रैक्टर ट्राली में टकराई, युवक घायल

बहराइच अमृत विचार। जिले के खैरा मार्ग पर स्थित आरा मशीन के पास गुरूवार देर रात लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली के पीछे अनियंत्रित बाइक जा घुसी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। बौंड़ी थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी मायाराम (46) पुत्र प्यारे गुरूवार रात साढ़े नौ बजे खैरा बाजार से घर की ओर जा रहे थे। उसी बीच सड़क किनारे खड़ी ट्राली में पीछे से जा घुसा और घायल होकर गिर पड़े।

# पूर्व अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण का शासनादेश जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीर सैनिकों को 20 फीसदी आरक्षण देने का शासनादेश जारी कर दिया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उप्र. पुलिस में सिपाही, पीएसी, फायरमैन और घुड़सवार के पदों पर सीधी भर्ती में पूर्व सैनिकों की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।

गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार अग्निवीर जिस श्रेणी का होगा, उसे उसी श्रेणी में समायोजित किया जाएगा। इसका खास ध्यान रखा जाएगा कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से आगे न बढ़े। दरअसल, 2026 के बाद के सेवा से बाहर आने वाले पूर्व अग्निवीरों को ही पुलिस में भर्ती होने पर आरक्षण प्रदान किया जाना है। मामले में ध्यान दिया जा रहा है जिससे किसी को भी असुविधा न हो।

# लोगों ने खुद ही ढहा दिए अपने अतिक्रमण

संवाददाता, बहराइच


लोगों द्वारा गिराए गए अपने अतिक्रमण। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के फखरपुर क्षेत्र के शरदपारा के रम्मजपुरवा में प्रशासन से बिना अनुमति से बनाए जा रहे धार्मिक प्रयोजन के भवन की एक जागरूक नागरिक की ओर से सीएम व केन्द्रीय गृह मंत्रालय के साथ एसपी से की गई शिकायत। 2012 में भी ऐसे प्रयास पर प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाते हुवे तब भी निर्माणाधीन ढांचे को ढहाया गया था। इस मामले में थाने की पुलिस सक्रिय हुई। तहकीकात शुरू होने पर निर्माणाधीन ढांचे को लोगों ने खुद ढहाया। यहा बड़े पैमाने पर पिलर, नींव आदि का कार्य दिन में न करा के रात में किया जा रहा था।

फखरपुर थाने के रम्मजपुरवा में किसी बाहरी व्यक्ति जिसे लोग पीर बाबा के नाम से पुकारते थे। वह सूनसान जगह पर बड़े पैमाने पर नींव खुदवा, कई पिलर खड़े करवाने, भवन निर्माण की प्रक्रिया में जुटा था। 2012 में इसी स्थान पर बिना प्रशासनिक अनुमति के धार्मिक स्थल के निर्माण की प्रक्रिया की शिकायत पर ढांचा गिरवाया गया था। इस बार जब फिर कोशिश हुई तो स्थानीय लोगों में आक्रोश होने लगा।और गांव के एक व्यक्ति की ओर से इसकी लिखित शिकायत मुख्यमंत्री व केन्द्रीय गृह मंत्रालय तथा एसपी से की गई। एसपी के निर्देश पर एसएचओ मिथिलेश कुमार राय ने दो दिन पूर्व इसकी तहकीकात शुरू की थी। हालांकि तथाकथित बाहरी पीर बाबा खिसक लिए। यही नही निर्माण कार्य भी रातो रात ढहा दिया गया। एसएचओ मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि बिना स्वीकृति निर्माण की शिकायत पर जांच शुरू हुई थी। लोगों ने निर्माणाधीन ढांचे को खुद ही ढहा दिया है। इस पर निगाह रखी जा रही है।

# बकरा चोरी करते सीसीटीवी में कैद हो गया पड़ोसी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के काजीपुरा के रहने वाले हबीबुल्लाह ने ईद की कुर्बानी के लिए लगभग 18500 रुपये कीमत का बकरा खरीदा था। रात के समय बाहरी गेट के कुंडी से बकरे को बांध दिया जाता था। गुरुवार की रात को भी बकरे को चारा पानी देकर रात को बाहरी गेट पर अंदर की कुंडी में बांधकर कमरे में छोड़ दिया गया।

हबीबुल्ला ने बताया की रात को लगभग 11:30 बजे छोटा भाई जब घर के अंदर दाखिल हुआ तो उसने देखा कि दरवाजे पर बकरा नहीं है तब उसने घर के लोगों से पूछा तो बकरे को ढूंढा गया। न मिलने पर परिजनों ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू



किये जिस पर घर से कुछ दूरी पर सर्राफा व्यापारी के सीसीटीवी कैमरे में पड़ोस का ही एक शख्स बकरे को ले जाता हुआ दिखाई दिया। घर वालों ने जब उससे पूछताछ की तो उसने साफ इनकार कर दिया। हबीबुल्ला ने थाने में सूचना देकर उस शख्स की गिरफ्तारी की मांग की है। बकरा चोरी करने वाला शख्स घर से फरार है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है। अगर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# भीड़ देख पेड़ पर चढ़ गया तेंदुआ

संवाददाता, बहराइच


पेड़ पर चढ़ा बैठा तेंदुआ। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के नानपारा रेंज के शिवपुर इलाके में स्थित मुरावनपुरवा ग्राम में आज एक तेंदुए का शावक घूमता दिखा। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना जैसे-जैसे ग्रामीणों को लगती गई बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। वहीं तेंदुए ने भीड़ बढ़ता देख पास में लगे पॉपुलर के पेड़ पर चढ़ गया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने रेंज कार्यालय पर दी। सूचना पाते ही मौके पर वन विभाग के रेंजर पियूष गुप्ता व अन्य वन कर्मी पहुंच गए। रेंजर ने बताया कि हो सकता है कि अधिक भीड़ होने के चलते शावक पेड़ पर चढ़ गया हो। उसे सुरक्षित उतारने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद में इन दिनों जंगली जानवरों का आतंक लगातार जारी है। भेड़िये और तेंदुवे द्वारा हमला कर कइयों को मौत के घाट उतार चुके है और बड़ी संख्या में लोग घायल भी हो चुके है। वन विभाग कर्मियों द्वारा लगातार लोगो को जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। इस मामले में प्रभागीय वनाधिकारी अजित प्रताप सिंह ने बताया कि जैसे ही तेंदुए के शावक के पेड़ पर चढ़े होने की सूचना मिली थी। तत्काल वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। शावक को सुरक्षित जंगल की ओर भेजने के प्रयास किये जा रहे है जिससे भीड़ भाड़ वाले इलाके में न रहे। ग्रामीणों को भी आगाह किया गया है कि अगर कोई भी जंगली जानवर क्षेत्र में दिखता है तो उसकी सूचना तत्काल वन विभाग के अधिकारियों को दे जिससे उन्हें समय रहते जंगल की ओर भेजा जा सके।

# ललितपुर के जेल अधीक्षक निलंबित

- पूर्व सांसद रिजवान जहीर को जेल में सुविधाएं देने के मामले में कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद रिजवान जहीर को ललितपुर जेल में सुविधाएं मुहैया कराने के प्रकरण में शुक्रवार को जेल अधीक्षक मुकेश कुमार को भी निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले बुधवार को रिजवान के बैरक से आपत्तिजनक बस्तुएं बरामद होने के बाद डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय जांच के लिए शासन को संस्तुति की गई है, जबकि जेलर जीवन सिंह पर भी विभागीय कार्रवाई चल रही है।

पहले भी दो प्रधान बंदी रक्षक राजेन्द्र प्रसाद, वीरेन्द्र शाह और बंदी रक्षक रजनेश यादव को निलम्बित किया गया था। 31 मई को डीआईजी और मंडलायुक्त के छापे में रिजवान जहीर को नियम के विरुद्ध सुविधाएं देने का खुलासा हुआ था।

इसके बाद ही कानपुर रेंज के डीआईजी जेल को इसकी जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया था कि जेलकर्मियों की मिलीभगत से रिजवान जहीर को कई सुविधाएं दी जा रही थीं। उनकी बैरक में कई वस्तुएं मिली थीं, जो जेल मैनुअल के अनुसार बैरक में बंदियों को नहीं दी जा सकती है। डीआईजी जेल की छानबीन जारी है। मामले में जांच कर जांच रिर्पोट जल्दी ही अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

# दिनेश गोयल बने आईआईए के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के उद्योगपति दिनेश गोयल वर्ष 2025-2026 के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी एसबी जाखोटिया ने परिणामों की घोषणा की। दिनेश 1 जुलाई से कार्यभार संभालेंगे।

वर्ष 1963 में नई दिल्ली में जन्मे दिनेश गोयल चार्टेड अकाउंटेंट हैं। वह मेसर्स रामा श्यामा पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड बरेली के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक व वैल्यूमेट पैक-एन-प्रिंट के निदेशक हैं। वह इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग जनरल बॉडी के सदस्य, फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में



निर्वाचन के बाद आईआईए के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल को माला पहनाकर बधाई देते कार्यकारिणी के सदस्य।

**चुनाव**

रिसर्च एनालैसिस ग्रुप देहरादून के सदस्य और रोहिलखंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य सलाहकार हैं। उन्हें बरेली के गौरव के रूप में भी सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद गोयल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वैश्विक प्रतिस्पर्धी माहौल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देना है।

# जाति देखकर लिए जा रहे फैसले : अखिलेश यादव

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अब्बास अंसारी की विधायकी रद होने को 'राजनीतिक साज़िश' बताया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में फैसले न्याय नहीं, बल्कि जाति देखकर लिए जा रहे हैं। अब्बास अंसारी की सदस्यता जानबूझकर रद की गई है। आरोप है कि सत्ता में बैठे कुछ लोग पद का इस्तेमाल कर निर्णय करवा रहे हैं। सपा से डीएनए मांगने वालों की सदस्यता क्यों नहीं जाती है, भाजपा सरकार में फैसले जाति-धर्म के आधार पर हो रहे हैं। सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस संबोधित रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाल ही में हुई कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति को लेकर कहा कि डीजीपी तो अच्छे दिखते हैं, लेकिन उन्हें उस सिस्टम से बाहर कैसे निकाला जाएगा, जो पहले से बिछाया गया है। हालात ये हैं कि यूपी में पुलिस ही पुलिस पर एफआईआर दर्ज करा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो गया है। पुलिस प्रशासन से राजनीतिक दबाव में काम कराया जा रहा है। उसे भ्रष्ट कर दिया गया है।


## वर्ग पहेली- 454

**बाएं से दाएं**

4. 1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।
5. 1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।
7. 1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।
2. 1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।
3. 1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।
4. 1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी, (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।
6. जानवरों को होने वाला एक रोग।




## वर्ग पहेली -453 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 2 | 3 | | |
| 9 | | 7 | | | 1 | | | 8 |
| | 8 | | | | | 9 | 4 | |
| 5 | | 1 | | 7 | | | 3 | |
| | 4 | | 3 | | 6 | | 8 | |
| | 2 | | | 4 | | 7 | | 6 |
| | 9 | 6 | | | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | | 2 | | 5 |
| | | 2 | 8 | | | | | 3 |

## सुडोकू - 177 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- द्वादशी पूर्णरात्रि तक।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 09 .40 तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज नए व्यवसाय को लेकर योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। आपकी दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अधिकारियों से संबंध मजबूत होंगे। विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष** — आज सेहत को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सब आपके पक्ष में ही होता दिख रहा है। बेवजह सोशल मीडिया पर लोगों से संपर्क न रखें। अनावश्यक बातों में समय व्यर्थ हो सकता है। उधार दिया हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन** — आज परिवार को लेकर चिंता दूर होगी। साझेदारी वाले प्रोजेक्ट्स में लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। विद्यार्थी नए स्टार्टअप और करियर को लेकर गंभीर रहेंगे। भावनाओं में आकर कोई व्यावसायिक निर्णय न लें।

**कर्क** — आज दिन की शुरुआत में कुछ तनाव हो सकता है। व्यावसायिक अनुबंध प्रभावित हो सकते हैं। संपत्ति विवाद के मामले उलझ सकते हैं। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत और खानपान को लेकर सावधान रहना चाहिए। आपको छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आ सकता है।

**सिंह** — आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करें। भाई-बहनों से संबंध अत्यंत मधुर रहेंगे।

**कन्या** — आज दूसरों पर अपने विचारों को लादने से बचें। घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के मन में रचनात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। परिवार के साथ घूमने की योजना बनायेंगे। पैरों में अकड़न की समस्या हो सकती है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें।

**तुला** — आज नए कारोबारी अनुबंध होंगे जो आपके लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे। कार्यक्षेत्र में बड़े अधिकारियों का सहयोग आपको मिलेगा। आज काफी रोमान्टिक समय बितायेंगे। आपके कार्य व्यवहार की प्रशंसा होगी। आय के नये स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपके बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार नम्र रखें। कारोबार में अस्थिरता हो सकती है। शान्तिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान अधिक धन खर्च हो सकता है।

**धनु** — आज मित्रों से आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। उच्च अधिकारियों से आपको शाबाशी मिल सकती है। परिवार में मांगलिक आयोजन की योजना बन सकती है। सभी कार्यों में प्रगति होगी।

**मकर** — आज नौकरीपेशा लोगों को विदेशी संस्थान से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। लम्बित कार्यों को पूरा करने में अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है। भोग-विलास में आप अत्यन्त रुचि ले सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने को लेकर भी काफी सक्रिय रहेंगे।

**कुंभ** — आज परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कमीशन से जुड़े कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में शानदार परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा।

**मीन** — आज नया कार्य शुरू करने में जल्दबाजी न करें। बीमारियों पर धन खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के कारण मूड खराब हो सकता है। कारोबारी गतिविधियों में परिश्रम के उपरान्त भी सफलता इच्छानुसार नहीं मिलेगी। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए।

## एक नजर

### शादी से पहले प्रेमी संग भागी युवती, परिजन हैरान

**भदैया, सुलतानपुर, अमृत विचार:** देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब शादी तय होने के कुछ दिन पहले ही एक युवती अपने प्रेमी किशोर के साथ फरार हो गई। शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और निमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे। परिजनों के मुताबिक युवती अचानक लापता हो गई थी। बाद में पता चला कि वह अपने प्रेमी के साथ चली गई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिल चुकी है। मामले की जांच जारी है और जल्द ही युवती को बरामद कर लिया जाएगा।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** लंभुआ प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह हमराहियों के साथ क्षेत्र में थे। चोरी हुई मोटरसाइकिल की विवेचना में प्रकाश में आए युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान लंभुआ थाना क्षेत्र के जमखुरी निवासी वीरेंद्र उर्फ अजय कुमार के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी की बाइक सीज कर आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

### घर में घुसकर बालिका से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** गुरवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली सो रही बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना प्रकाश में आई थी। आरोपी युवक के खिलाफ परिजनों ने तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जहां से जेल भेजने की कार्यवाही हुई। बताते चलें इस घटना से गांव में आक्रोश व्याप्त था। कोतवाल ने बताया पकड़े गए युवक की पहचान फूल चंद निषाद के रूप में हुई है।

# दिव्या अग्रहरि हत्याकांड में सिपाही पर आरोप तय

## साक्ष्य के लिए 20 जून की तारीख तय, अमेठी जिले के थाना अमेठी के ग्राम महमूदपुर से जुड़ा मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के थाना अमेठी के ग्राम महमूदपुर निवासी दिव्या अग्रहरि की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या के मामले में आरोपी सिपाही रवि कुमार पर सेशन कोर्ट में आरोप तय किए गए। शुक्रवार को आरोपी सिपाही को जेल से पेशी पर जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला की अदालत में लाया गया, जिस पर आरोप तय कर अभियोजन साक्ष्य के लिए 20 जून की तारीख तय कर दिया गया है।

यह मामला गत वर्ष 28 दिसंबर 2024 को सामने आया था, जब दिव्या अग्रहरि अपने घर में मृत अवस्था में पाई गई थीं। अभियोजन पक्ष के डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक दिव्या के पति आलोक अग्रहरि ने घटना के दिन मजदूरी से लौटने के बाद पत्नी को मृत अवस्था में पाया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। उन्होंने तहरीर में संदेह जताया था कि सिपाही रवि कुमार ने ही उनकी पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने तफ्तीश के बाद औरैया जिले के कनौती निवासी व वर्तमान में कमरौली जनपद अमेठी में डायल 112 में तैनात आरोपी सिपाही रवि कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। अब मामले में नियत तारीख पर अभियोजन साक्ष्य होगा।


दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

### अपहरण व दुराचार के आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**संवाददाता, सुलतानपुर:** अमेठी जिले के थानाक्षेत्र अमेठी के एक गांव से सात साल पूर्व किशोरी के अपहरण व दुराचार के मामले में पॉक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रमोद यादव व सचिन यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। किशोरी के परिजन ने 17 अगस्त 2018 की घटना में आरोपियों के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। दौरान विचारण अभियोजन पक्ष की ओर से पेश गवाहों से बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। कोर्ट ने गवाहों के विरोधाभासी बयान के कारण आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

### गैंगस्टर एक्ट में दारोगा की वर्चुअल गवाही दर्ज

कादीपुर थाना क्षेत्र के गैंगस्टर एक्ट 18 साल पुराने मामले में विवेचक आरके अग्निहोत्री की गवाही शुक्रवार को विशेष कोर्ट न्यायाधीश राकेश पाण्डेय की अदालत में जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग दर्ज की गई। एडीजीसी सुशील सिंह ने बताया मामले में रामकेवल समेत 3 पर गैंगस्टर एक्ट के तहत विचारण चल रहा है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 2 जुलाई की तारीख नियत की है।

### किशोरी को भगाने के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अदालत ने 14 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी सुनील कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने पाया कि घटना के समय पीड़िता नाबालिग थी और आरोपी फरार चल रहा था। अदालत ने कहा कि आरोपी का रवैया न्याय से भागने वाला है, इसलिए उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

### अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में विवेचक सीओ की गवाही दर्ज

जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय विशेष कोर्ट एससी एसटी न्यायालय में शुक्रवार को अभियोजन पक्ष के गवाह विवेचक सीओ शिवम मिश्र की गवाही दर्ज की गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बचाव पक्ष से जिरह के लिए 13 जून की तारीख तय की है। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और आरोपी प्रदीप राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामला आरोप तय होने के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के केस में दो गवाहों को वारंट जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर:** पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे 24 वर्ष पहले हत्या के केस में गवाही देने न आने पर एमपी-एमएलए विशेष न्यायाधीश राकेश ने दो गवाहों को शुक्रवार को जमानतीय वारंट जारी कर सुनवाई के लिए 19 जून की तारीख तय की है। विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र ने बताया आरोपी जगदम्बा सिंह व रामविलास की तरफ से हाजिरी माफी का प्रार्थनापत्र दिया गया वहीं आरोपी अशोक अदालत में पेशी पर हाजिर रहे। कोर्ट में गवाही देने न आने पर अभियोजन गवाह सावित्री देवी व गायत्री देवी के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी किया है। जामो थाना क्षेत्र के गौरा पूरे मतऊ निवासी शिव कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था कि 17 अप्रैल 2001 को आरोपी अशोक कुमार और विजय बहादुर पाल उसके घर पहुंचे और भाई राजकुमार को साथ ले गए। रात में ढिंढौली के पास राजकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस की विवेचना में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह और राम विलास की भूमिका हत्या की साजिश रचने में पाई गई।

### इसौली विधायक के केस में सुनवाई टली, बहस 27 को

**संवाददाता, सुलतानपुर:** इसौली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद ताहिर खान के खिलाफ 25 साल पुराने वन भूमि अतिक्रमण मामले में शुक्रवार को बहस नही हो सकी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने इसौली विधायक की तरफ से हाजिरी माफी व बहस के लिए मौके का प्रार्थनापत्र दिया। कोर्ट ने प्रार्थनापत्र स्वीकार कर बहस के लिए 27 जून की तारीख तय की है। प्रस्ताव के कारण बहस नही हो सकी। यह मामला 23 अक्टूबर 1999 की उस घटना से जुड़ा है, जिसमें ताहिर खान पर आरक्षित वन भूमि पर अवैध कब्जा कर सड़क निर्माण कराने का आरोप है।

### ज्ञानदीप फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

जनहित ऑर्गनाइजेशन के तहत ज्ञानदीप कार्यालय द्वारा लोगों से पैसा लेकर ठगी के मामले में दोस्तपुर थानाक्षेत्र के खालिसपुर दुर्गा निवासी आरोपी राजेश प्रताप सिंह की जमानत अर्जी सेशन जज लक्ष्मीकांत शुक्लने खारिज कर दी है। आरोप है कि उसने संस्था के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर दोस्तपुर कस्बे में कार्यालय खोलकर महिलाओं व पुरुषों से 1500 प्रति व्यक्ति की दर से वसूली की और बदले में बच्चों को पढ़ाने के एवज में मानदेय देने का झांसा दिया। बाद में संस्था के कर्मचारी सारा सामान लेकर फरार हो गए।

### चर्चित इंस्पेक्टर कोर्ट में नहीं हुए पेश

महिला आरक्षी से दुष्कर्म के आरोपित इंस्पेक्टर नीशू तोमर शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश नहीं हुए। त्योहार पर अवकाश न मिलने का हवाला देते हुए उन्होंने मौके का प्रार्थनापत्र दिया। पीड़िता के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने इंस्पेक्टर को अंतिम अवसर देते हुए 17 जून की तारीख तय की है। मामला 14 जुलाई 2022 का है, जब महिला आरक्षी ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था।

# नौकरी के नाम पर ठग लिए 6 लाख रुपये, मुकदमा दर्ज

▸▸ **स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर पति-पत्नी ने लिया पैसा**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बेरोजगार युवक को नौकरी दिलाने के नाम पर पति पत्नी ने छह लाख रुपए ले लिया। युवक को नौकरी तो नहीं मिली बल्कि जान से मारने की धमकीं मिल रही है। स्थानीय पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बासूपुर गांव निवासी देवेश पाल ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां वाद दायर किया था। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता मेडिकल स्टोर चलाते हैं। वह भी डी फार्मा किया है। पिता से नौकरी के बारे में चर्चा कर रहे थे इसी दौरान पिता के परिचित पूरे लाल शाह निवासी अतुल सिंह आ गए। उन्होंने कहा कि उनकी लखनऊ में कई अधिकारियों व मंत्रियों से जान पहचान है स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलवा देंगे। बस कुछ पैसे देने पड़ेंगे पैसे के लिए अपनी पत्नी विद्यावती का खाता दे दिया। आरोप है देवेश ने खाते व जन सुविधा केंद्र से छह लाख रुपए भेज दिए। उसे नौकरी का आश्वासन मिलता रहा। कई महीनों तक नौकरी नहीं मिलने पर वह अपने पिता के साथ अतुल सिंह के घर जाकर पैसा मांगा तो पति पत्नी व तीन अज्ञात लोगों ने धमकी दी कि अब तुम्हारा पैसा नहीं मिलेगा। अतुल सिंह ने धमकी दी कि ज्यादा पैसे के चक्कर में पड़ोगे तो भविष्य बर्बाद कर दूंगा। साथ ही जान से मारने की धमकीं भी दी। स्थानीय थाने पर न्याय की गुहार लगाई तो न्याय नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौपा। न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। गोसाईगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप


नाला सफाई का निरीक्षण करते नगर विकास सचिव। अमृत विचार

### नगर विकास सचिव ने किया नाला सफाई का निरीक्षण

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** नगर विकास विभाग के सचिव अनुज कुमार झां ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र में विभिन्न त्योहारों व आगामी कार्यक्रमों को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान के तहत पयागीपुर, लक्ष्मणपुर और दरियापुर नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने शहर की सामान्य सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही गंगा दशहरा पर की गई व्यवस्थाओं, विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों और आगामी बकरीद पर्व व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ईओ लालचंद्र सरोज ने बताया कि सचिव ने समस्त नालों की सफाई को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। बकरीद को लेकर विशेष तैयारियां की गई है। कुर्बानी के अवशेष इधर-उधर फेका मिलने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। पालिका की कवर्ड गाड़ियां निर्धारित स्थानों पर पहुंचेंगी, जहां पर कुर्बानी के अवशेष लेकर उसे नियमानुसार गड्ढा के अंदिर बकायदा चूना, ब्लीचिंग आदि डालकर निस्तारित किया जाएगा।

### बकरीद को लेकर पुलिस सतर्क, सीओ ने किया रूट मार्च

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा को लेकर पुलिस-प्रशासन मुस्तैद है। क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ नगर में रूट मार्च किया। चौक घंटाघर, शाहीपुल, ईदगाह समेत कई स्थानों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। गोसाईगंज संवाददाता के अनुसार द्वारिकागंज चौकी प्रभारी दिवेश त्रिवेदी के नेतृत्व में रूट मार्च निकाला गया। यह मार्च तकिया, बाबूगंज व भरतीपुर बाजार सहित प्रमुख इलाकों से होकर गुजरा। चौकी प्रभारी ने बताया कि ईदगाह, मस्जिद और कुर्बानी स्थलों तक आने-जाने वाले मार्गों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। असामाजिक तत्वों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही व्यापारियों और स्थानीय लोगों से सीसीटीवी लगाने और खुले में कुर्बानी से बचने की अपील की गई। दरोगा कैलाश सिंह, दीवान विमलेश यादव और सिपाही ओमप्रकाश समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

### राज्य स्तरीय टीम ने आवास सर्वे का किया निरीक्षण

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** शुक्रवार को राज्य स्तरीय टीम के साथ परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह सर्वे हुए आवासों का निरीक्षण किया। परियोजना निदेशक ने पहले ही 14 विकास खंडों के 28 गांवों की सूची तैयार कर ली थी। जिस गांव में आवास सेल्फ सर्वे ज्यादा हुआ था, वहीं जिस गांव में सर्वेयर द्वारा ज्यादा आवास सर्वे किया गया था। सेल्फ सर्वे का निरीक्षण करने कुड़वार विकास खंड के डोमनपुर ग्राम पंचायत का किया। सर्वेयर द्वारा किए गए सर्वे में इसी विकास खंड के अगई ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया।


न्यूज पेपर के बने हुए थैलों के साथ बच्चे व कार्यक्रम प्रभारी। अमृत विचार

### कनकपुर शिकवा का समर कैंप बना मिसाल

▸▸ **बच्चों ने सीखी रचनात्मकता की उड़ान, वेस्ट पेपर से बनाए बर्तन**

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार:** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ऐंजर मजरे में स्थित राजकीय हाई स्कूल कनकपुर शिकवा का समर कैंप एक मिसाल बनकर उभरा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की इस पहल को सफलतम रूप देने में विद्यालय ने प्रदेश स्तर पर अपनी खास पहचान बनाई है। प्रधानाध्यापिका चारुल गुप्ता और उनकी टीम की मेहनत रंग लाई, जिससे बच्चों में रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का विकास हुआ। कैम्प के दौरान बच्चों ने वेस्ट पेपर से कटोरी और गिलास बनाना सीखा, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को समझते हुए पेपर थैले बनाए, और मिट्टी के खिलौनों से भारतीय संस्कृति को नजदीक से महसूस किया। साथ ही योग, व्यायाम, रंगोली, खेलकूद और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियां भी कराई गईं। विशेषज्ञों ने माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर बच्चों को जागरूक किया। छात्र अनुकल्प सिंह ने बताया कि उन्हें इस कैंप में बहुत कुछ नया सीखने को मिला, वहीं छात्रा सृष्टि विश्वकर्मा और पल्लवी ने कहा कि अध्यापिकाओं के निर्देशन में उन्हें जीवनोपयोगी जानकारियां मिलीं।

### परिजनों को मिली चार-चार लाख की अनुग्रह राशि

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** सदर विधानसभा क्षेत्र के पांडेयपुर गांव निवासी अंकित गुप्ता की विषैले जंतु के काटने से मौत हो गई थी। तो वहीं बारात से लौटते समय लखनऊ बलिया राजमार्ग पर बोलरो पर पेड़ गिरने से रामपुर बरौसा गांव निवासी जितेंद्र कुमार वर्मा और बसायकपुर गांव निवासी ओम प्रकाश वर्मा की मौत हो गई थी। तीनो परिवारों को शुक्रवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने शासन द्वारा स्वीकृत चार चार लाख रुपए का अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि यह दु :खद क्षण परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक है, लेकिन सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शीघ्र लाभ दिलाया जाय पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि उनके परिवारों को हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे इस कठिन समय से बाहर निकल सकें। इस मौके पर उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर शिव प्रसाद ,तहसीलदार मयंक मिश्र मौजूद रहे। तहसीलदार मयंक मिश्र ने बताया कि अनुग्रह राशि सभी पीड़ित परिवारों के आश्रितों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेज दी गई है।

# अधिकारी 39 हेक्टेयर का नहीं करा सके बैनामा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के जयसिंहपुर तहसील में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है। जिसके लिए जमीन चिन्हित कर साल भर पहले से ही बैनामा यूपीडा के पक्ष में करवाया जा रहा है। लेकिन अभी तक 39 हेक्टेयर जमीन का बैनामा यूपीडा के पक्ष में नहीं हो सका है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के नौ गांव जैसे चिरानेडीह, चांदपुर, अमिलिया सिकरा, कारेबन, कल्याणपुर, सबई, महमूदपुर सेमरी, लठवा व


यहीं बन रहा औद्योगिक गलियारा। अमृत विचार

▸▸ **कुछ जमीन है विवादित तो कुछ के मालिक हैं बाहर**

विशुनदासपुर गांव शामिल हैं। यूपीडा द्वारा इन गावो में 307 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की थी। 268 हेक्टेयर जमीन का बैनामा यूपीडा के पक्ष में किया जा चुका है। वही अभी 39 हेक्टेयर जमीन का बैनामा यूपीडा के पक्ष में होना है। साल भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अधिकारी अभी तक संपूर्ण बैनामा नहीं करवा सके।

### यूपीडा कर रहा जियो टैगिंग

जयसिंहपुर तहसीलदार मयंक मिश्रा ने बताया कि जितनी जमीन का बैनामा अब तक हो चुका है उस पर यूपीडा बाउंड्रीवाल के लिए जियो टैगिंग कर रही है। वही अब उनके औद्योगिक कंपनियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। जल्द ही औद्योगिक गलियारा विकसित हो जाएगा।

> चिरानेडीह गांव के कुछ लोग बाहर है। उनसे संपर्क किया जा रहा है। वहीं, चांदपुर गांव के कुछ ग्रामीण हाईकोर्ट गए हैं। जल्द ही मामले का हल करा लिया जाएगा। - **मयंक मिश्रा**, तहसीलदार जयसिंहपुर

# पीड़िता की शिकायत पर छेड़खानी व मारपीट के आरोपियों पर केस दर्ज

▸▸ **कम्प्यूटर क्लास के लिए जाते समय घटी घटना, विरोध पर घर पहुंचकर की मारपीट**

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कंप्यूटर क्लास के लिए घर से साइकिल से मोतिगरपुर जा रही एक छात्रा से रास्ते में शोहदों ने छेड़खानी की। विरोध करने पर उसके घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद सहित कुल 10 आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना गुरुवार की है। जब छात्रा रोज़ की तरह घर से दोपहर लगभग चार बजे चौहानपुर बाजार होते हुए साइकिल से कंप्यूटर क्लास के लिए निकली थी। आरोप है कि थानाक्षेत्र के रहने वाले मयंक पांडेय व धर्मेंद्र विश्वकर्मा बाइक से पहले से मौजूद छात्रा को छेड़ने लगे। विरोध कर छात्रा ने अपने परिजनों को फोन से सूचना दी और आगे बढ़ गई। छात्रा का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उसका पीछा करते हुए उसे रोककर हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान परिजन मौके पर पहुंच गए, जिनसे आरोपियों ने गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले। घटना की सूचना थाने को दी गई, लेकिन मामला यहीं नहीं थमा। कुछ देर बाद, आरोप है कि बाइक सवार 10 युवक, जिनमें मयंक व धर्मेंद्र भी शामिल थे, पीड़िता के घर पहुंच गए। वहां उन्होंने महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट कर घर में तोड़फोड़ की। शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि मयंक पांडेय, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, स्वतंत्र पांडेय, मीराज अहमद समेत कुल 10 आरोपितो के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### चोरी की चार बाइकों के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** जयसिंहपुर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक जितेंद्र यादव व वैभव त्रिपाठी हमराहियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध वाहन चालक दिखा। पुलिस को देख जब वह वापस लौटने लगा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह चोरी की बाइक लिए हुए था। पुलिस उसे थाने लाकर पूछताछ की तो उसने तीन और चोरी की बाइक बरामद कराईं। पकड़े गए युवक की पहचान अंकित निवासी डेहरी बरेहता फाजिलपुर कोतवाली जयसिंहपुर के रुप में हुई। पकड़े गए युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया, जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

### दोस्तपुर में दो युवतियां लापता

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के दो गांवों से तीन मई को दो युवतियों के लापता होने से हड़कंप मच गया। एक विवाहित युवती चार माह के बच्चे के साथ घर से गायब हुई, जिसकी गुमशुदगी पति ने गुरुवार को दर्ज कराई। वहीं दूसरी, 24 वर्षीय अविवाहित युवती भी उसी दिन दोपहर बाद घर से लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह के अनुसार, दोनों की तलाश जारी है।

### लकड़ी को लेकर विवाद, चार महिलाओं का चालान

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के नरायनपारा गांव में लकड़ी रखने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने चार महिलाओं का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। चालान की गई महिलाओं में रोशनी, गुजराती, शांति और सुभद्रा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि विवाद बढ़ने से पहले कार्रवाई कर माहौल शांत कराया गया।

## मोतिगरपुर में बस पर हमला, तीन घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** शुक्रवार दोपहर कादीपुर से सुलतानपुर जा रही अनुबंधित रोडवेज बस पर मोतिगरपुर कस्बे में एक अज्ञात युवक ने हमला कर दिया। हमले में बस का आगे का शीशा टूट गया, जिससे उसमें बैठी सवारी रोशन (30), उसका बेटा अलमत (6) और बेटी अलशिफा (8) घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बस और सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक के बीच कहासुनी हो रही थी, तभी पास खड़े युवक ने हाथ में पहने कड़े से बस पर वार कर शीशा तोड़ डाला। घायल सभी लोग गौरा गांव के निवासी हैं और बकरीद की खरीदारी करके लौट रहे थे। घटना के वक्त चौराहे पर पुलिस मौजूद नहीं थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। ट्रेलर चालक और हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# 13,968 दंपति ले रहे हैं निधि का लाभ

संवाददाता, सुलतानपुर

**भ्रष्टाचार**

▸▸ **पति-पत्नी में से एक को ही मिलेगा किसान सम्मान निधि का लाभ**

**अमृत विचारः** शासन के निर्देश पर उप कृषि निदेशक द्वारा फैमिली आई डी द्वारा ऐसे लोगों का सत्यापन करा रही जो पति पत्नी दोनों किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। शासन की गाइड लाइन के मुताबिक किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे पति पत्नी में से एक ही मिलेगा वही दूसरे को अब तक मिली किसान सम्मान निधि सरेंडर करनी पड़ेगी।

विभाग द्वारा 15572 लोगो को फैमिली आई डी द्वारा चिन्हित किया गया है। जिनमें से 14611 लोगों का महकमा सत्यापन करा चुका है। जिनमें से 13,968 दंपति ऐसे पाए गए हैं जो किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। वही 145 लोग ऐसे पाए गए हैं जो माता व पुत्र हैं। तो 165 लोग मृतक पाए गए हैं। शेष बचे हुए लोगों का सत्यापन कराया जा रहा है।

### 20 जून तक आ सकती है 20वीं किश्त

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 20 जून तक पंजीकृत किसानों के खाते में 20 वी किस्त आ सकती है। सत्यापन में जो अपात्र पाए गए हैं उनसे रिकवरी की तैयारी भी चल रही है। कितने किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि आयेगी यह अभी तय नहीं हो पाया है। वही फॉर्मर रजिस्ट्री 20वी किस्त में अनिवार्य नहीं बताई जा रही है।

> मृतकों व पति या पत्नी में से एक के खाते में पैसा नहीं भेजा जायेगा। जो पति पत्नी लाभ ले रहे थे एक से रिकवरी कराई जाएगी। -**रामाश्रय यादव**, उप कृषि निदेशक

### जीरो पावर्टी के तहत 158 लोग पाए गए हैं पात्र

उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव ने बताया कि जीरो पावर्टी के तहत 158 किसान पात्र पाए गए हैं। पहले इनकी फॉर्मर रजिस्ट्री कराई जाएगी उसके बाद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा।

**कृषि गोष्ठी** सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने ज्वार बीज किट का किया वितरण

# किसानों को मिली योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जयसिंहपुर ब्लॉक के सदरपुर गांव में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक और कृषि अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और लाभ उठाने का आह्वान किया।

गोष्ठी में संबोधित करते हुए सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राज बाबू ने कहा कि हमारी सरकार जाति या धर्म के आधार पर कार्य नहीं करती, बल्कि किसान, युवा और महिलाओं को ही असली जाति मानकर उनके हित में योजनाएं बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनते ही सभी नागरिकों के जनधन खाते खुलवाए, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचे और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पांच किसानों को ज्वार बीज का मिनी किट वितरित किया। इस मौके पर कृषि उपनिदेशक डॉ. रामाश्रय यादव ने सोलर पंप योजना की जानकारी देते हुए कहा कि किसान सोलर पंप लगवाएं, जिससे आने वाले 30-35 वर्षों तक सिंचाई पर खर्च नहीं करना पड़ेगा। केवीके के कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह ने किसानों को धान में लगने वाले कंडुआ रोग की रोकथाम के लिए सुझाव दिया कि नर्सरी डालते समय बीजों को कार्बेन्डाजिम से उपचारित करें, जिससे यह रोग न लगे। जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने किसानों को जैविक खेती अपनाने और इससे अधिक मुनाफा कमाने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में केवीके कृषि वैज्ञानिक सीके त्रिपाठी, पशुधन प्रसार अधिकारी विकास वर्मा, गन्ना विकास अधिकारी डीके तिवारी, भाजपा नेता रत्नेश तिवारी, पूर्व ग्राम प्रधान बेचन सिंह, व प्रधान आदेश सिंह, राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी दिनेश गुप्ता, हरिभवन ओझा, एडीओ एजी पवन कुमार समेत अन्य लोगा मौजूद रहे।


ज्वार बीज किट वितरित करते सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय।

# एक सप्ताह बाद भी हमले के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

▸▸ **जनता में आक्रोश, अपराधियों के बढ़ते हौसले से लोगों में व्याप्त है दहशत का माहौल**

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मोतिगरपुर चौक पर हुए जानलेवा हमले को एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस निष्क्रियता को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश है, वहीं अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

शनिवार को अतुल वर्मा नामक युवक पर पांच हमलावरों ने ईंट और डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया था। घायलावस्था में उसे पहले स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। अब भी उसका इलाज जारी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे और आम जनता की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। लोगों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और पीड़ित को न्याय मिल सके।

## एक नजर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी कर किया जागरूक

**ककरहवा, अमृत विचार।** विकास खण्ड बर्डपुर स्थित भूजौली मे बृहस्पतिवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर अवसर पर पानी संस्थान द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के वर्डपुर ब्लॉक अंतर्गत भुजौली, रमवापुर, परसा बेलहरी, चुनमुनवा, पकडीहवा ग्राम पंचायतों में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद करते हुए लोगों पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने और प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने का अवसर है। हमें अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल राहुल, जितेंद्र, नंदन, दीपक, बृजेश, मोहम्मद आसिफ, कवि, वंदना, सिंधु, कोकिला, हर्षिता, प्रशंसा, बबीता आदि लोग शामिल रहे।

### बांसी के युवक की मुंबई में करंट लगने से मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नगरपालिका परिषद बांसी के अकबरनगर वार्ड निवासी एक युवक की करंट लगने से बृहस्पतिवार की सुबह मुंबई में मौत हो गई है। यह सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे क्षेत्र के लोग शोकाकुल हैं। अकबरनगर वार्ड निवासी अजय वर्मा (25) पुत्र श्रीचंद्र वर्मा अविवाहित था। वह मुंबई से सटे पालघर जिले के नयानगर में किसी गैरेज में काम करता था। परिजनों के अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह नहाने के लिए उसने मोटर चलाई जो नहीं चली। वह तार चेक कर रहा था और उसे करंट लग गया। उसके मोहल्ले के लोगों ने इसकी जानकारी पास में रह रहे उसके जीजा को दी। तत्पश्चात उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने अजय वर्मा को मृत घोषित कर दिया।

# 22 जून तक पूरा करें आयुष विवि के सभी कार्य : मुख्यमंत्री

## पिपरी में बन रहे आयुष विवि के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

संवाददाता, गोरखपुर



अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों 30 जून को संभावित लोकार्पण को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में बन रहे प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में हुई देरी को लेकर लोक निर्माण विभाग और कार्यदायी संस्था के प्रति गहरी नाराजगी जताई और कहा कि मैन पॉवर बढ़ाकर युद्ध स्तर पर काम कराया जाए और इसकी सतत मॉनिटरिंग एक टीम लगाकर की जाए। निरीक्षण के बाद बैठक करते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तक सभी बचे काम हर हाल में 22 जून पूरा कर लें ताकि 30 जून को राष्ट्रपति के हाथों प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण की भौतिक प्रगति की जानकारी ली। उन्हें बताया कि करीब 96 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस संबंध में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से बातचीत करते हुए वह प्रशासनिक भवन पहुंचे। प्रशासनिक भवन में उन्होंने ओपीडी और औषधि भंडार के साथ पूरे भवन का सघन जायजा लिया।

निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रशासन, पुलिस और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने इस बात पर गहरी नाराजगी व्यक्त की कि कई बार चेतावनी देने के बाद भी निर्माण तय समय सीमा और विस्तारित समय पर भी पूरा नहीं किया गया।

गौरतलब है कि 30 जून को राष्ट्रपति के हाथों प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण कराने की तैयारी है। लिहाजा इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने आज की बैठक में सभी कार्यों को पूर्ण करने की आखिरी समय सीमा 22 जून तय कर दी। उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें कोई शिथिलता या लापरवाही बरती गई तो कड़ी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने प्रशासन के अफसरों से कहा कि एक टीम बनाकर कार्यों की रोज मॉनिटरिंग सुनिश्चित कराएं। सीएम योगी ने राष्ट्रपति के संभावित आगमन के मद्देनजर हेलिपैड बनाने की तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने परिसर में सघन पौधरोपण कराने और आंतरिक सड़क के दोनों किनारे भी पौधे लगाने के निर्देश दिए। सीएम ने प्रमुख सचिव आयुष और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय में दक्ष फैकल्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जरूरी कार्यवाही शीघ्र पूरा कर लें। इस अवसर पर विधायक महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचंद्र रेड्डी, एडीजी जोन डॉ. केएस प्रताप, कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआईजी एस. चनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी राजकरन नैयर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अतिथि देवो भव की धारणा को डीएम ने किया फलीभूत

**कार्यक्रम**

▶▶ मेकांग गंगा देशों के 50 प्रतिनिधियों से की शिष्टाचार भेंट

संवाददाता कुशीनगर




मेकांग देश के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग एवं भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में मेकांग-गंगा सहयोग कार्ययोजना के तहत बोधि यात्रा में शामिल कंबोडिया, लाओ पीडीआर, थाईलैंड, म्यांमार व वियतनाम सहित पांच देशों के 50 प्रतिनिधि फेमिलियराइजेशन ट्रिप के क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अतिथि देवो भव की धारणा को फलीभूत करते हुए शिष्टाचार भेंट कर स्मृति चिह्न एवं पंचशील खाता देकर पर्यटन के क्षेत्र में हुए विकासात्मक कार्यों एवं तथागत बुद्ध की महापरीनिर्वाण स्थली के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व से भी अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कंबोडिया, लाओस, थाईलैंड, म्यांमार, वियतनाम के बौद्ध भिक्षु से मिलकर उन्हें यहां की संस्कृति, सभ्यता, बौद्ध सर्किट के अंतर्गत विभिन्न स्थलों के महत्वों, राजकीय बौद्ध संग्रहालय में रखे पुरातात्विक अवशेषों के बारे में भी बताया। इस दौरान उपजिलाधिकारी कसया ने भी शिष्टाचार भेंट कर कुशीनगर सहित बौद्ध परिक्षेत्रों की विशेषताओं एवं बुद्ध आगमन मार्ग सहित विभिन्न देशों से आत्मीय रूप से जुड़ी मंदिरों के बारे में भी अवगत कराया। गौरतलब है कि यात्रा का उद्देश्य बौद्ध परिपथ में मेकांग देशों से पर्यटन को बढ़ावा व इन देशों से और प्रगाढ़ मैत्री संबंध बनाना। यात्रियों में बौद्ध भिक्षु, ट्रेवल एजेंट, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आदि भी शामिल हैं। मेकांग-गंगा सहयोग बोधि यात्रा के प्रतिनिधि माथा कुंवर बुद्ध मंदिर, महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर, रामाभार स्तूप, म्यांमार बुद्ध मंदिर, जापान-श्रीलंका बुद्ध मंदिर, वाट थाई बुद्धिस्ट मोनास्ट्री, वियतनाम चाइनीज बुद्धिस्ट मोनास्ट्री का दर्शन व पूजन-वंदन किया।

## तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति करें जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में एंटी टोबैको सेल की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनपद एवं तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराएं। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि बच्चों का वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराएं। इसके साथ ही ई-रिक्शा एवं गैस सिलेंडर पर जागरूकता का स्टीकर लगाकर जागरूक करें।

# बिजली बिलों की वसूली में लाएं तेजी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग के कार्यों एवं वसूली की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में सिद्धार्थ सभागार में हुई। बैठक में डीएम ने पिछले माह की प्रगति की समीक्षा की। एसडीओ और जेई की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। निर्देश दिया कि कोई भी अधिशासी अभियंता बिना मेरी अनुमति नहीं जायेगा तथा एसडीओ और जेई अधीक्षण अभियंता से अवकाश लेकर ही जायेंगे। क्षमता वृद्धि तथा केबल के बदलने का कार्य समय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बिलिंग कम पाए जाने पर अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बिलिंग तथा उसके सापेक्ष वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। कहा बिलों की वसूली शत-प्रतिशत होनी चाहिए। बिल जमा कराने में प्रतिमाह प्रगति आनी चाहिए। आरडीएसएस योजना के तहत कार्य पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया कि जो एसडीओ और जेई कार्य नहीं कर रहे उनके विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। विजनेस प्लान 2024-25 के कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि प्रतिदिन विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करें। बैठक में अजय कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत सिद्धार्थनगर आदि मौजूद रहे।

# गांवों में जलनिकासी की समस्या करें दूर: डीएम

**समीक्षा बैठक**

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व में दिए गए निर्देशों पर क्या कार्यवाही की गई, की जानकारी ली गई, प्रत्येक विकास खण्ड में दो मॉडल ग्राम के संबंध में डीडीओ द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत कर वास्तविकता की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने अंत्येष्टि स्थल के संबंध में कहा कि अंत्येष्ठि स्थलों पर बेसिक सुविधाएं जैसे बैठने की सुविधा, छाया, शेड आदि का कार्य बजट प्राप्त होने पर प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का कार्य करें। व्यक्तिगत शौचालय के संबंध में डीपीआरओ द्वारा 3172 पेंडिंग बताए गए, उन्होंने इस संबंध में सभी बीडीओ को प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश सहित जहां शौचालय की आवश्यकता हो वहां पर दिए जाने का निर्देश दिए गए। सामुदायिक शौचालयों की समीक्षा दौरान 56 अवशेष की जानकारी दी गई जिस पर शीघ्र कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों की मैपिंग के कार्यों की जानकारी ली गई। 15 वें वित्त आयोग द्वारा 10 ग्राम पंचायतों का विवरण जिसमें 10 लाख से अधिक धनराशि व्यय हेतु अवशेष है कि समीक्षा कर विकास खंडवार बीडीओ से पूछताछ कर धनराशि को ग्राम सभा में अच्छे कार्यों हेतु शीघ्र व्यय किए जाने का निर्देश दिए गए। कहा कि ग्रामों में जल निकासी की समस्या है इस पर कार्य कराए जाएं। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर के कर्मचारियों का मानदेय/पारिश्रमिक भुगतान नहीं होने तक सचिव का वेतन जारी न किए जाएं।

समीक्षा के दौरान 10 बेहतर कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों व 10 खराब प्रदर्शन वाले ग्राम पंचायतों की समीक्षा की गई, बहुउद्देशीय ग्राम पंचायत भवन निर्माण, ग्राम प्रधानों के विरुद्ध हुई कार्यवाही के क्रम में जांच अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं करने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने वाले जांच अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिए ताकि कार्यवाही की जा सके। क्षेत्र पंचायत के कार्यों का विवरण जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। विकास खंडवार कार्यों की जानकारी ली। बैठक में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, डीडीओ कल्पना मिश्रा, उप निदेशक कृषि आशीष कुमार, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, डीईएसटीओ एस के सिंह, जिला दिव्यागंजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय पाण्डेय समेत समस्त बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बकरीद को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मोहाना थाना स्थित ककरहवा चौकी पर बृहस्पतिवार को बकरीद पर्व पर सुरक्षा तैयारियों को लेकर पीस कमेटी की बैठक पुलिस के साथ हुई। शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए सुरक्षा को चुस्त बनाने के साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाकर पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। बैठकों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। पुलिस ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। मोहाना थाना अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने कहा की उन्होंने अराजकतत्वों को नहीं छोड़ा जायेगा। वहीं चौकी इंचार्ज ककरहवा वीरेंद्र यादव ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं किसी प्रकार की दिक्कत हो तो तुरंत चौकी को सूचना दें इस अवसर पे प्रहलाद गुप्ता, अंबरीश जायसवाल, मोहम्मद ताहिर,कलीमुलाह, अतिउलाह आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण करते नगर विकास विभाग के अपर निदेशक। अमृत विचार

### अपर निदेशक ने मुक्तिधाम व पार्क का किया निरीक्षण

**संवाददाता, कुशीनगर, अमृत विचार।** नगर विकास विभाग के अपर निदेशक डॉ. असलम अंसारी ने हाटा नगर पालिका क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने नगरपालिका परिषद हाटा द्वारा हेतिमपुर में निर्मित अन्त्येष्टि स्थल मुक्तिधाम व पार्क का निरीक्षण किया वह नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मीनू सिंह, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद हाटा, योगेश मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कप्तानगंज, संतराम सरोज अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पड़रौना, व मनोज कुमार यादव, अवर अभियन्ता नगर पालिका परिषद हाटा तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सुविधा: जोधपुर से 12 जून को चलेगी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 04829/04830 जोधपुर-गोरखपुर-जोधपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन जोधपुर से 12 से 26 जून, 2025 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा गोरखपुर से 13 से 27 जून,2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 03 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04829 जोधपुर-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 12 से 26 जून,2025 तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को जोधपुर से 16.15 बजे प्रस्थान कर मेड़ता रोड से 17.40 बजे, डेगाना से 18.18 बजे, छोटी खाटू से 18.45 बजे, डीडवाना से 19.24 बजे, लाडनूं से 20.00 बजे, सुजानगढ़ से 20.13 बजे, रतनगढ़ से 21.35 बजे, चूरू से 22.25 बजे, सादुलपुर से 23.45 बजे, दूसरे दिन लोहारू से 00.30 बजे, महेन्द्रगढ़ से 01.07 बजे, रेवाड़ी से 02.40 बजे, गुड़गांव से 03.28 बजे, दिल्ली छावनी से 03.45 बजे, दिल्ली से 04.45 बजे, गाजियाबाद से 05.50 बजे, मुरादाबाद से 08.25 बजे, बरेली से 09.56 बजे, लखनऊ से 14.30 बजे, अयोध्या कैण्ट से 16.40 बजे, अयोध्या धाम से 17.05 बजे, मनकापुर से 18.20 बजे, बस्ती से 19.07 बजे तथा खलीलाबाद से 19.31 बजे छूटकर गोरखपुर 20.50 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04830 गोरखपुर-जोधपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 13 से 27 जून,2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर 23.25 बजे चलेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पीएम मोदी का नेतृत्व बेहद प्रभावशाली

संवाददाता, सिद्धार्थनगर




भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बीजेपी द्वारा 10 से 26 जून तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के निमित्त शुक्रवार को भाजपा के जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा ने कहा भारत को आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबसे प्रभावशाली नेतृत्व मिला है। 11 साल में प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व ने भारत की विरासत से विकास की बेहतरीन यात्रा की है। इससे भारत को विश्व में नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है।विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा की ओर अग्रसर है। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को हम जिला,मंडल व शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यक्रम करेंगे और जन जन तक मोदी सरकार के 11 वर्ष की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में नरेंद्र मणि त्रिपाठी, राम कुमार कुंवर, साधना चौधरी, हरिशंकर सिंह, राजेंद्र पांडेय, दिलीप चतुर्वेदी, अभियान संयोजक दीपक मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विदेशी पर्यटकों ने बुद्ध भूमि पर मनाया पर्यावरण दिवस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कपिलवस्तु पिपरहवा में बृहस्पतिवार को कंबोडिया, लाओस समेत साउथ ईस्ट के बुद्धिस्ट देशों से आए 50 पर्यटकों ने पर्यावरण दिवस को अपने अंदाज में मनाया। इसके तहत उन्होंने स्तूप की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना किया। साथ ही परिसर में पौधरोपण किया। फिर विश्वशांति के लिए प्रार्थना भी की। बौद्ध स्थलों के भ्रमण पर निकले मेकांग गंगा देशों के यह पर्यटक श्रावस्ती से यहां आए और यहां से वह कुशीनगर के लिए रवाना हो गए। कपिलवस्तु स्थित ऐतिहासिक बुद्ध स्तूप परिसर में बोधि यात्रा के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। प्रतिनिधियों को कला और शिल्प प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित किए जा रहे सिद्धार्थनगर पर्यटन ग्राम स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह ने पर्यटन सूचना अधिकारी प्रिया, सहायक पुरातत्वविद् विकास सिंह की उपस्थिति में हरित चेंज मेकर्स को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

### नदी और नहरों के किनारे कराएंगे पौधरोपण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में जिला वृक्षारोपण समिति जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पौधरोपण का विभागवार जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है सभी विभाग कार्ययोजना वन विभाग को उपलब्ध करा दे। जिलाधिकारी ने उप प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिया कि शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कराया जाये। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि नदी एवं नहरो के किनारे वृक्षा रोपण कराया जायेगा। इसके लिए स्थल चिन्हित कर उपलब्ध कराये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर पालिका सिद्धार्थनगर, बांसी, नगर पंचायत डुमरियागंज, शोहरतगढ़ एवं भारती भारी में प्रतिदिन गंगा आरती का आयोजन किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इसके लिए समिति गठित करा लें।

### मतदाता सूची में गड़बड़ी करने वाली बीएलओ पर केस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाता सूची से कुछ लेगों का नाम काटने तथा नेपाल के लोगों को मतदाता बनाने का मामल, सम्बन्धित बीएलओ को बहुत भारी पड़ गया। पीडित मतदाता राकेश पुत्र शेषनाथ की शिकायत सही पाये जाने पर तत्कालीन बीएलओ कृष्णावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उस पर अब गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। आगे भी उनके खिलाफ विभगीय कार्रवाई की भी आशंका है। किसी बीएलओ द्वारा मतदाता का काटने पर एफआईआर दर्ज करने का यह पहला मामला है। इस घटना से जिले के बीएलओ में हड़कंप मच गया है। घटना विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत महादेवा कुर्मी की है। आरोप है कि गत लोकसभा चुनाव के दौरान बीएलओं कृष्णावती चौधरी ने गांव में गांव के अपने अनेक विरोधियों का नाम मतदाता सूची से काट दिया था। यही नहीं उन्होंने नेपाल में रहने वाले कई लोगों का नाम जोड दिया था। मतदान के दिन जब लोग वोट नहीं दे पाये तब भेद खुला कि साजिश किस स्तर पर की गई है। लोगों ने इस घटना के पीछे बीएलओ कृष्णावती देवी के पति का हाथ बताया जो एक राजनैतिक दल के पक्षधर हैं। गांव के एक युवक राकेश पुत्र शेषनाथ ने जोर शोर से उठाया। उन्हेंने इसकी शिकायत एसडीएम व जिलाधिकारी से की, लेकिन कोई सुनवाई न हुई। फिर उन्होंने आरटीआई से सूचना मांगी, उसी सूचना के आधार पर उन्होंने शासन, नेता विरोधी दल तथा चुनाव आयुक्त आदि को पत्र देकर मामले की जांच की मांग की।

# आधुनिक तरीके से करें काला नमक चावल की खेती




वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की जानकारी देते डीएम। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** कलस्टर प्रभारी एवं कलस्टर के लिए चयनित कृषकों का प्रशिक्षण काला नमक चावल की वैज्ञानिक विधि से खेती के बारे में जानकारी दिये जाने हेतु विकास खण्ड बर्डपुर सभागार में जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने किसानों का धन्यवाद दिया। आज इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप लोगों से बात करने का अवसर मिला। कृषि विभाग के माध्यम से प्रेयिाक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आप लोग प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी प्राप्त कर खेती की पैदावार में वृद्धि करे। एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत काला नमक चावल को चयनित किया गया है। इसके क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। इसका क्षेत्रफल 2000 हे0 से बढ़कर 18000 हे0 में खेती हो रही है। इसका क्षेत्रफल और बढ़ेगा। दिसम्बर 2024 में क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस वर्ष माह नवम्बर 2025 मतें क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बहुत वायर आयेगे। किसानो को भी स्टाल के माध्यम से अपने उत्पाद को सीधे बेचने की सुविधा मिलेगी। काला नमक चावल में बहुत से गुण है। यह चावल जनपद की पहचान है। महात्मा गौतम बुद्ध ने इसे प्रसाद के रूप में दिया था। जिला प्रशासन द्वारा किसानो को पूरा सहयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म पर भी चावल को बेचने के लिए भी प्रयास किया जरयेगा। काला नमक चावल की पहचान सिद्धार्थनगर के साथ ही उ0प्र0 एवं पूरे विश्व में है। किसानो द्वारा जिलाधिकारी को आम भेट किया गया। जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल द्वारा कलस्टर प्रभारी एवं कलस्टर हेतु चयनित कृषकों का प्रशिक्षण काला नमक चावल की वैज्ञानिक विधि से खेती के बारे में जानकारी दिये जाने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानो को काला नमक चावल की खेती करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

## समपार पर हादसों से बचाव की दी जानकारी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 05 जून, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री मुकेश मेहरोत्रा के नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय एवं मंडलों पर समपार जागरूकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। समपारों पर दुर्घटनाओं से बचाव एवं रोकथाम हेतु संरक्षा अधिकारियों तथा संरक्षा सलाहकारों ने विभिन्न स्थानों पर संरक्षा संदेश, बैनर एवं पोस्टर का प्रदर्शन करते हुये सड़क उपयोगकर्त्ताओं एवं ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर उप मुख्य संरक्षा अधिकारी इंजीनियरिंग के साथ सेफ्टी काउन्सलर/इंजीनियरिंग द्वारा गोरखपुर-आनन्दनगर खण्ड पर समपार संख्या-29 स्पेषल, 24/सी, 25, 26 एवं 28/सी पर उप मुख्य संरक्षा अधिकारी/यांत्रिक एवं सेफ्टी काउन्सलर/कैरेज एवं बैगन द्वारा गोरखपुर-आनन्दनगर खण्ड पर समपार संख्या-13/सी, 14/सी, 19/सी, 23/बी पर सावधानी बताई। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

एक नजर

### फोनपे ने जीएसपे आईपी का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान मंच फोनपे ने नए फीचर फोन में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पर आधारित भुगतान सेवा लाने के लिए जीएसपे के आईपी का अधिग्रहण किया है। जीएसपे बातचीत के मंच 'गपशप' की प्रौद्योगिकी इकाई है। फोनपे ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अगली कुछ तिमाहियों में भारत में नए फीचर फोन के लिए अपना यूपीआई भुगतान ऐप लाने की योजना बना रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 1.24 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 मई को समाप्त सप्ताह में 1.23 अरब डॉलर घटकर 691.49 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार के नवीनतम आंकड़े जारी किए। पिछले सप्ताह कुल भंडार 6.99 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# रेपो दर में कटौती से गति पकड़ेगी आर्थिक वृद्धि

## विशेषज्ञों ने कहा- 0.5 प्रतिशत की कटौती उम्मीद से भी ज्यादा, कर्ज वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय बैंकिंग जगत ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में चरणबद्ध कटौती की रिजर्व बैंक की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत करते हुए कहा कि इन मौद्रिक उपायों से ऋण वृद्धि में तेजी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत पर लाने और सीआरआर को एक प्रतिशत कटौती करने की घोषणा की।

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई का यह नीतिगत कदम 'सक्रिय, अभिनव, लीक से हटकर और अप्रत्याशित' था। भारतीय बैंक संघ के भी प्रमुख शेट्टी ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वृद्धि में संभावित मंदी से जुड़ी सभी चिंताओं पर 'व्यापक रूप से विचार' किया है। शेट्टी ने कहा, यह नीति निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, विशेषकर बैंकिंग और वित्त के लिए सकारात्मक है। विशेष रूप से उधार लेने की कम लागत किसी भी अनिश्चितता के लिए एक संतुलनकारी कारक के रूप में कार्य करेगी।



• दिग्गज बैंकरों ने कहा- भारतीय रिजर्व बैंक का यह अप्रत्याशित कदम स्वागत योग्य

पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र ने कहा कि आरबीआई के नीतिगत कदम मूल्य और वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति में कमी आने और व्यापक आर्थिक संकेतकों में मजबूती दिखाने के साथ, यह नीतिगत कदम ऋण उठाव को समर्थन देगा, निवेशक भावना को बढ़ावा देगा।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, रेपो दर को 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.50 प्रतिशत करने और सीआरआर को चार चरणों में एक प्रतिशत कम करने का निर्णय एक मजबूत तथा समय पर नीतिगत बदलाव को दर्शाता है जो मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि को संतुलित करने के अनुरूप है।

### रेपो दर में आगे और कटौती की गुंजाइश काफी कम


भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत दर रेपो में 0.50 प्रतिशत कटौती की घोषणा के बाद इसमें आगे और कमी की बहुत कम गुंजाइश दिख रही है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि भविष्य की मौद्रिक नीति कार्रवाई आने वाले आंकड़ों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, वृद्धि का अनुमान लगभग 6.5 प्रतिशत है और हम मुद्रास्फीति के इस साल 3.7 प्रतिशत और अगले वर्ष के लिए चार प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान लगा रहे हैं। यदि ये सब होता है, तो फिर दर में कटौती की बहुत सीमित गुंजाइश है। उन्होंने कहा, ''हम आने वाले आंकड़ों पर नजर रखना जारी रखेंगे और मुख्य रूप से वही कदम उठाएंगे जो आंकड़े हमें सुझाएंगे।

### फिक्की ने कहा- ये कदम साहसिक और सक्रिय

उद्योग जगत ने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की आश्चर्यजनक कटौती के फैसले को साहसिक कदम बताया। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (फिक्की) के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि यह बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरबीआई आर्थिक वृद्धि को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। अग्रवाल ने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापार अनिश्चितताओं, वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और वित्तीय बाजार में अस्थिरता जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, यह समय पर लिया गया कदम घरेलू मांग को मजबूत करेगा।

# यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री मई में तीन प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



• मांग में नरमी आने का असर छोटी कारों की मांग सबसे ज्यादा हुई प्रभावित

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण कई राज्यों में ग्राहकों के खरीदारी में देरी करने तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया, छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की। हालांकि, बुकिंग काफी अच्छी रही, लेकिन स्थगित निर्णयों के कारण खुदरा बिक्री में कमी आई। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार, मई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 16,52,637 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 15,40,077 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री मई में चार प्रतिशत घटकर 75,615 इकाई रह गई।

# व्यापार वार्ता के लिए पहुंचा अमेरिकी दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता सीमा शुल्क को कम कर, व्यापार बाधाओं को घटाकर और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण में सुधार कर वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच प्रदान करेगा।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दोनों देशों की टीमों के बीच चल रही बातचीत का उद्देश्य बीटीए (द्विपक्षीय व्यापार समझौते) के प्रारंभिक चरण को शीघ्र और पारस्परिक रूप से लाभकारी निष्कर्ष तक पहुंचाना है। बीटीए के लिए चल रही वार्ता के तहत अमेरिका के अतिरिक्त व्यापार प्रतिनिधि नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चार से 10 जून तक भारत की यात्रा पर है।



• 10 जून तक रहेगा भारत में, वार्ता को निष्कर्ष तक पहुंचाने का उद्देश्य

अधिकारी ने कहा, दोनों देश अधिक बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूती और एकीकरण को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से केंद्रित चर्चाओं में लगे हुए हैं। दोनों पक्ष प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा में लगे हुए हैं।

दोनों देशों ने 13 फरवरी, 2025 को 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने पर सहमति व्यक्त की थी। इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारत और अमेरिका ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किस्त पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की।

## एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 80,265 मेगावाट पहुंची


**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 1,255 मेगावाट की खावड़ा सौर परियोजना से 110.25 मेगावाट की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 1,255 मेगावाट की खावड़ा-I सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 110.25 मेगावाट की क्षमता छह जून को रात 12 बजे बजे वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एनटीपीसी लि. की एक अनुषंगी कंपनी है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है।

# रेपो दर में कटौती से 747 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई, एजेंसी**

नीतिगत ब्याज दर में आधा प्रतिशत की कटौती और बैंकों को कर्ज देने के लिए अतिरिक्त राशि का इंतजाम करने के रिजर्व बैंक के फैसले से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच शुक्रवार को सेंसेक्स 747 अंक उछल गया जबकि निफ्टी एक बार फिर 25,000 का स्तर पार कर गया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद रेपो दर 0.50 प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा की गई। विश्लेषकों ने कहा कि आरबीआई के इन कदमों से आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद में शेयर बाजार उछल गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 746.95 अंक यानी 0.92 प्रतिशत उछलकर 82,188.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 857.85 अंक बढ़कर 82,299.89 अंक पर पहुंच गया था।



• निफ्टी एक बार फिर 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के पार
• रियल्टी, वाहन और बैंकिंग सेक्टरों में दर्ज की गई तेजी

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी एक बार फिर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 252.15 अंक यानी 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 अंक पर बंद हुआ। ब्याज दर के लिहाज से संवेदनशील रियल्टी खंड में 4.74 प्रतिशत, वाहन खंड में 1.50 प्रतिशत और बैंकिंग खंड में 1.25 प्रतिशत की तेजी आई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और सीआरआर को एक प्रतिशत तक कम करने की अप्रत्याशित घोषणा से धारणा एकदम ही बदल गई।

## राष्ट्रीय

एक नजर

### मणिपुर में आठ उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम और बिष्णुपुर जिलों से सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के घारी माखा लेईकोई क्षेत्र से बृहस्पतिवार को प्रतिबंधित यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जबकि प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को जिले के ताओथोंग खुनौ और बिष्णुपुर से गिरफ्तार किया गया। बृहस्पतिवार को पीआरईपीएके (प्रो) के एक सक्रिय सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया था।

### कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले पांच हजार के पार

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के 464 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ सक्रिय मामलों की संख्या शुक्रवार सुबह बढ़कर 5364 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में संक्रमण से चार और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 55 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अभी तक 4724 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1266 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### पंजाब में सतर्कता विभाग के एसएसपी निलंबित

**लुधियाना।** पंजाब सरकार ने शुक्रवार को सतर्कता विभाग लुधियाना के एसएसपी जगतप्रीत सिंह को कर्तव्य के प्रति लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। सतर्कता विभाग ने लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को पूछताछ के लिए समन भेजा था। एसएसपी के निलंबन को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### बीजापुर में नक्सलियों ने ट्रक को आग लगाई

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने गुरुवार देर शाम बीजापुर और गीदम के बीच नेशनल हाइवे में एक ट्रक को आग के हवाले कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की। नक्सलियों ने बीजापुर की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्रक को भैरमगढ़ के पास रोककर आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों के ट्रक में आगजनी से दोनों तरह वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# भगदड़ के जिम्मेदारों पर कार्रवाई शुरू

## आरसीबी और प्रबंधन कंपनी के चार अफसर गिरफ्तार, खुफिया विभाग के एडीजी हटाए गए

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और आयोजन का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने खुफिया विभाग के एडीजी का ट्रांसफर कर दिया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी हटा दिए गए।

आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों के जुटने के बाद मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में आरसीबी के विपणन एवं राजस्व प्रमुख निखिल सोसले, 'डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड' के सुनील मैथ्यू और किरण कुमार शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए कब्बन पार्क पुलिस थाने लाया गया।



• मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराज भी पद से हटाए गए

पुलिस ने आरसीबी, डीएनए और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद यह कार्रवाई की। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरसीबी और डीएनए और केएससी के प्रतिनिधियों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

इसके साथ कर्नाटक सरकार ने विधान परिषद सदस्य के गोविंदराज को शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सचिव के पद से मुक्त कर दिया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक खुफिया विभाग के एडीजी हेमंत निंबालकर का भी तबादला कर दिया गया है। सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को भगदड़ की घटना के सिलसिले में खुफिया विफलता की बात स्वीकार करते हुए कहा था, इस संबंध में क्या कार्रवाई की जाए, फिलहाल इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमने इस पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और चार अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया था।

### केएससीए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया कि वह भगदड़ के सिलसिले में केएससीए के पदाधिकारियों के खिलाफ अगले आदेश तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम ने भगदड़ की घटना के सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध के साथ हाईकोर्ट का रुख किया था। याचिका पर सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने केएससीए अधिकारियों को अंतरिम राहत दे दी।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत नौ जुलाई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने यह आदेश तब पारित किया जब राणा को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसकी सेहत को लेकर चिंता जताई थी जिस पर अदालत ने तिहाड़ प्रशासन से नौ जून तक रिपोर्ट मांगी है। राणा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। उसे अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार अप्रैल को उसकी भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका खारिज किए जाने के बाद भारत लाया गया था।

# कक्षा निर्माण मामले में एसीबी के समक्ष पेश हुए सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• भाजपा पर लगाया प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप

दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। जैन को दिल्ली सरकार की एसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

एसीबी कार्यालय जाने से पहले जैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने दिल्ली की शिक्षा में सुधार की दिशा में काम किया, मौजूदा भाजपा नीत सरकार केवल राजनीति कर रही है। जैन ने कहा कि भाजपा प्रमुख मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। जैन ने कहा, पहले मुझे बताएं कि घोटाला शब्द कहां से आया। भाजपा काम नहीं करना चाहती और निजी स्कूलों को फीस बढ़ाने में मदद कर रही है।

उन्होंने कहा, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने स्कूलों में बेहतरीन काम किया। उन्हें तलब किया गया। ये सब ध्यान भटकाने के हथकंडे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा कहती थे कि सड़कों पर कुत्ते घूम रहे हैं और हम सड़कें साफ करेंगे। अब उन्हें ये काम करवाने चाहिए, लेकिन वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं।

नई शुरुआत



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के संगलदान में वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार सुरक्षाकर्मी। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कटरा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत सेवा को हरी झंडी दिखाई, जो कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र के बीच पहली रेल सेवा है। एजेंसी

## जमानत पर जेल से रिहा हुई इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली

**कोलकाता।** सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो साझा करने से जुड़े मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली को शुक्रवार को जेल से रिहा कर दिया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पनोली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को मंजूर कर ली थी। अदालत ने कहा था कि पनोली (22) के खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध की बात सामने नहीं आई है। कोलकाता पुलिस ने विधि छात्रा पनोली को पिछले हफ्ते हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद यह कदम उठाया गया था।

# कोयला घोटाला : अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता समेत कई को बरी किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने कोयला घोटाला मामले में पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता, पूर्व संयुक्त सचिव (कोयला) के एस क्रोफा और तत्कालीन निदेशक के सी समारिया को शुक्रवार को बरी कर दिया।

सीबीआई अदालत ने हालांकि जेएएस इन्फ्रास्ट्रक्चर कैपिटल लिमिटेड और उसके तत्कालीन निदेशक मनोज कुमार जायसवाल को धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने झारखंड के महुगढ़ी कोयला ब्लॉक के संबंध में अपना फैसला सुनाया। इस मामले में सजा पर बहस अब आठ जुलाई को होगी। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, सीबीआई द्वारा जांचे गए कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों में यह 19वीं दोषसिद्धि है। शुरुआत में सीबीआई ने 20 नवंबर, 2014 को मामले में अंतिम रिपोर्ट (क्लोजर) दाखिल की थी।

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर फिर किया आत्मसमर्पण करने का कटाक्ष

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

• कहा- सीजफायर कराने के ट्रंप के दावों पर कुछ नहीं बोल रहे हैं मोदी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर आत्मसमर्पण वाला कटाक्ष दोहराया, जिस पर हाल ही में भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी। कांग्रेस नेता ने यह बात बिहार में आयोजित 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में कही।

इससे कुछ दिन पहले उन्होंने मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुकने का आरोप लगाया था। गांधी ने नालंदा जिले के राजगीर में कहा, ट्रंप ने कम से कम 11 बार कहा है कि उन्होंने मोदी को मजबूर किया है। हमारे प्रधानमंत्री विरोध में एक शब्द भी नहीं कह पा रहे। कारण यह है कि ट्रंप ने जो कहा है, वही हकीकत है। उल्लेखनीय है कि गांधी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भोपाल में दावा किया था कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के चरम पर होने पर ट्रंप ने मोदी से कहा था, नरेंदर, सरेंडर। इस टिप्पणी से भाजपा नाराज हो गई थी।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इसे देशद्रोह कहा था। प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया था कि यह बयान हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों द्वारा भारत के बारे में कही गई बातों से कहीं अधिक अपमानजनक है। राजगीर में अपने संबोधन में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं आरएसएस से लड़ रहा हूं, वे बहुत आसानी से आत्मसमर्पण कर देते हैं। उन्हें दया याचिका लिखने में ज्यादा समय नहीं लगता। बेशक, आधुनिक तकनीक ने पेन और कागज की जगह व्हाट्सऐप को जन्म दे दिया है।

## ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान समर्थक नारे

**अमृतसर।** ऑपरेशन ब्लूस्टार की 41वीं बरसी पर शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर परिसर स्थित अकाल तख्त पर कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए। इस दौरान स्वर्ण मंदिर और शहर में शांतिपूर्ण बंद का माहौल रहा। दल खालसा के कार्यकर्ता अपने हाथों में उग्रवादी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले के चित्र वाले पोस्टर और खालिस्तानी झंडे लिए हुए नजर आए। अकाल तख्त के निकट स्वर्ण मंदिर का पूरा परिसर खालिस्तानी समर्थक नारों से गूंज उठा। दल खालसा, पूर्व सांसद सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) और उनके सहयोगी एवं पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अकाल तख्त पर नारेबाजी की। ऑपरेशन ब्लूस्टार 1984 में स्वर्ण मंदिर परिसर से उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए चलाया गया सैन्य अभियान था।

# मिट्टी के कणों के जरिए कोविड-19 की जांच पद्धति विकसित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि मिट्टी के कण कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस सार्स-कोव-2 की उपस्थिति में अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं। इस शोध का उपयोग उन्होंने एक सरल, वहनीय जांच विकल्प विकसित करने के लिए किया है।

शोध में पता चला है कि मिट्टी कण वायरस युक्त नमकीन-पानी के घोल में कितनी जल्दी तल पर बैठते हैं। 'एप्लाइड क्ले साइंस' पत्रिका में प्रकाशित शोध में शोधकर्ताओं ने लिखा है, वायरस की उपस्थिति से मिट्टी के कणों के बल में परिवर्तन से मिट्टी की इलेक्ट्रोलाइट प्रणाली की सेडिमेंटेशन दर बदल गई।

टीम ने कहा कि ये निष्कर्ष सार्स-कोव-2 का पता लगाने के लिए फिलहाल उपयोग की जाने वाली जटिल, महंगी विधियों की तुलना में एक सरल और वहनीय विकल्प प्रदान करते हैं। आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख लेखक टी.वी. भरत ने कहा, ''पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) जैसी मौजूदा विधियां अत्यधिक संवेदनशील हैं, लेकिन समय लेती हैं और भारी उपकरणों की आवश्यकता होती है। इसी तरह, एंटीजेन परीक्षण तेज होता है।

## खेल डायरी

### विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस डायमंड लीग में लेंगे भाग



**नई दिल्ली** : मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84 .67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88 .74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90 .23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था।

### न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को मुख्य कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन** : न्यूजीलैंड ने गैरी स्टीड के स्थान पर रॉब वाल्टर को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों का कोच नियुक्त किया है। वाल्टर जनवरी 2023 से इस साल अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की वनडे और टी20 टीमों के कोच रहे। इससे पहले वह न्यूजीलैंड के ओटागो प्रांत और सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स एसोसिएशन में पांच साल तक कोच रहे। वाल्टर के कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका ने वनडे विश्व कप 2023 और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सैनी फाइनल में जगह बनाई थी। यही नहीं उन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। स्टीड 2018 से तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के मुख्य कोच थे।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर पहले दौर के बाद शीर्ष 10 में

**टेनेरिफ (स्पेन)** : भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने स्पेन में शानदार शुरुआत की। वह यहां खेली जा रही लेडीज यूरोपीय टूर की प्रतियोगिता टेनेरिफ महिला ओपन में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर पहले दिन संयुक्त छठे स्थान पर रहीं। दीक्षा शीर्ष पर चल रही आयरलैंड की लॉरेन वाल्श और डेनमार्क की सोफी किब्सगार्ड नीलसन से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अवनी प्रशांत (71), हिताशी बक्शी (72), त्वेसा मलिक (73) और स्नेहा सिंह (77) शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा के अलावा अवनी प्रशांत ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

### अय्यर की फाल्कंस ने सूर्यकुमार की नाइट्स को चार विकेट से हराया

**मुंबई** : भारतीय टीम के सीमित ओवरों के सितारों के बीच मुकाबले में श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस ने शुक्रवार को यहां टी20 मुंबई लीग के एक रोमांचक मैच में सूर्यकुमार यादव की ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नाइट्स की टीम तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में पांच विकेट पर 145 रन ही बना सकी। फाल्कंस ने चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### गुकेश व कार्लसन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट खिताब के दावेदार

**स्टावेंजर (नॉर्वे)** : मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए। वह नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14 .5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए।

### लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना बहुत बड़ा क्षण: डिविलियर्स

**लंदन** : एबी डिविलियर्स का मानना है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट इतिहास का एक बड़ा क्षण है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे सत्र के फाइनल में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है। डिविलियर्स ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा यह (लॉर्ड्स में फाइनल) दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट के लिए एक बहुत बड़ा पल है। उम्मीद है कि हम जीतने में सफल होंगे। डिविलियर्स ने 114 टेस्ट मैचों में 22 शतकों सहित 8,765 रन बनाए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को संतुलित टीम करार देते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उलटफेर करने में सक्षम है।

### भारत ए ने चाय के विश्राम तक तीन विकेट पर 213 रन बनाये

**नॉर्थम्पटन** : सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की नाबाद 93 रन की पारी के बूते भारत ए ने इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को चाय तक तीन विकेट पर 213 रन बना लिए। चाय के विश्राम के समय राहुल के साथ विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 37 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। राहुल और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए अब तक 87 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पहले सत्र में बारिश के कारण गंवाए गए ओवरों की भरपाई के लिए खेले गए लंबे दूसरे सत्र में भारतीय बल्लेबाजों ने अनुकूल पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिस वोक्स (30 रन पर तीन विकेट) को छोड़कर लायंस का कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। भारत ने दूसरे सत्र में करुण नायर के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। नायर 40 रन पर वोक्स की गेंद पर पगबाधा हुए।

## बैठकों में सिर्फ पुजारा को आउट करने पर होती थी चर्चा: रोहित शर्मा

- पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन पर बोले- रोहित शर्मा

**मुंबई, एजेंसी**

चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और मुंबई के उनके साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज लगातार दो या तीन दिन बल्लेबाजी करके उनकी उम्मीदों पर सकता है। रोहित ने खुलासा किया कि पुजारा का विकेट अक्सर आयु वर्ग के मैचों में उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था। यह इस दिग्गज बल्लेबाज के शुरुआती लक्षण थे, जिन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत तथा 19 शतक और 35 अर्द्धशतक की मदद से 7,195 रन बनाए।

रोहित ने गुरुवार को यहां पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के अवसर पर कहा मुझे अब भी याद है कि टीम बैठकें सिर्फ इसी पर केंद्रित होती थीं कि उसे कैसे आउट किया जाए। अगर हम उसे आउट नहीं कर पाते हैं तो हम मैच हार सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ खेलने से उनका चेहरा इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं। उन्होंने कहा मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान से शाम को जब वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल बदल जाता था।

रोहित ने कहा क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हमें दो-तीन दिन तक धूप में फील्डिंग करनी पड़ती थी। मुझे अब भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। रोहित ने कहा मैं कहता था, मां मैं क्या करूं। चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है। पुजारा को लेकर हमारी शुरुआती धारणा यही थी। रोहित ने कहा कि करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट के बावजूद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय पुजारा को दिया। उन्होंने कहा (यह) बहुत बड़ी और बहुत बुरी चोट थी। उसकी दोनों एसीएल चली गई थीं। किसी भी क्रिकेटर, एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत मुश्किल होता है जब वह अपनी दोनों एसीएल गंवा देता है। इसके बावजूद वह भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहा। इसका पूरा श्रेय पुजारा को जाता है।



रोहित शर्मा।



चेतेश्वर पुजारा।

**2016-17**

में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया पुजारा ने

इस अवसर पर पुजारा ने 2016-17 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को अपने करियर की सबसे मुश्किल सीरीज बताया। पुजारा ने कहा मैं एक घटना का जिक्र कर सकता हूं। भारतीय टीम जब 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रन के आसपास आउट हो रही थी तो वह मेरे करियर का सबसे मुश्किल दौर था। उन्होंने कहा वह बेंगलुरु में खेला गया दूसरा टेस्ट मैच था। हमारी टीम ने पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और दूसरी पारी में भी हम परेशानी में थे, लेकिन मैंने अनिल (कुंबले) भाई से नाथन लियोन से निपटने के तरीके के बारे में बात की और उन्होंने तकनीक को लेकर एक सुझाव दिया जिससे मुझे फायदा मिला। पुजारा और रोहित दोनों ने अपने माता-पिता द्वारा उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। पुजारा ने कहा, ''जब मैं 17 साल का था तब मेरी मां का निधन हो गया था लेकिन जब मैं छोटा था तो मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा समर्थन किया। पूजा ने किताब में इसका अच्छी तरह से वर्णन किया है। मुझे याद है कि मेरी मां ने मुझसे कहा था तुम जीवन में जो कुछ भी करो उससे पहले तुम्हें एक अच्छा इंसान बनना पड़ेगा। रोहित ने कहा मुझे मेरे माता-पिता का शुरू से भरपूर समर्थन मिला। मैं जानता हूँ कि उन्होंने मेरे और मेरे भाई के लिए कितने त्याग किए हैं।

## उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने रच दिया इतिहास

### विश्व कप के लिए पहली बार किया क्वालीफाई, चीन हुआ बाहर

**सियोल, एजेंसी**

चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया। वहीं, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह पक्की की।

विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप में अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। उसने इससे पहले ओमान को 3-0 से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। चीन इस तरह से विश्व कप में क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है। वह 2002 में आखिरी बार विश्व कप में खेला था जब इसका आयोजन जापान और दक्षिण कोरिया में किया गया था। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अजीज बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई।



जीत के बाद जशन मनाते उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**प्रो लीग का यूरोपीय चरण**

### भारतीय हॉकी टीम की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)** : बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी।

हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टूर्नामेंट की अहमियत को देखते हुए अनुभव पर भरोसा किया गया है।

उन्होंने कहा यह सभी को पता है कि विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने का यह भी एक रास्ता है। हमारी प्राथमिकता वही है कि यहां से सीधे विश्व कप का टिकट कटाएं।



फ्रेंच टेनिस ओपन के सेमीफाइनल मैच के दौरान इटली के लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ शॉट लगाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज। ● एजेंसी

## कोको गाफ का फाइनल में मुकाबला सबालेंका से

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा।

तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गाफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गाफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इगा स्वियातेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।



कोको गाफ व एरिना सबालेंका।

## टेस्ट में करारी हार होने पर कोहली बदल सकते हैं फैसला: क्लार्क

**नई दिल्ली, एजेंसीः**

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5 . 0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें। उन्होंने कहा अगर कप्तान, चयनकर्ता और प्रशंसक ऐसा चाहेंगे तो वह वापसी कर सकता है । उसे अभी भी टेस्ट क्रिकेट से प्यार है। उसके शब्दों में टेस्ट क्रिकेट के लिये उसका जुनून झलकता है। आरसीबी के पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद कोहली ने कहा था कि वह इस जीत को टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे रखेंगे।



क्लार्क ने कहा रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा। मुझे लगता है कि किसी भी टीम को उसकी कप्तानी की कमी खलेगी । वह शानदार कप्तान था। कोहली ने टेस्ट से संन्यास लिया । यह बहुत दुखद था। वह चैम्पियन है और टेस्ट क्रिकेट को उसकी कमी खलेगी। क्लार्क ने आरसीबी की जीत के जश्न में बेंगलुरू में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा किसी को चोटिल होते देखना या प्राण गंवाते देखना दुखद है। उम्मीद है कि ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता** : सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा।

## पीयूष ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा ऊपर वाले की कृपा से मैं इतने लंबे समय तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला, लेकिन इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो ताउम्र मेरे साथ रहेंगी। मुझे हमेशा से लगता रहा है कि हर चीज का एक सही समय होता है। और आज वही पल है, जब मुझे लगा कि अब निर्णय लेना चाहिए।

पीयूष चावला ने भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 एकदिवसीय और सात टी-20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए। वह 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला वर्ष 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। उन्होंने 137 प्रथम श्रेणी मैचों में 446 विकेट लिए। छह शतकों की मदद से 5486 रन भी बनाए। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में रहते हुए 2012 और 2014 में दो बार खिताबी टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



पीयूष चावला। ● एजेंसी

### भारतीय कंपाउंड तीरंदाज विश्व कप से बाहर

**अंताल्या (तुर्की)** : भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत तथा मिश्रित वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका। शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है। चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया।

मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए। यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों की टीम स्पर्धाओं से भी बाहर हो गया था।भारत की उम्मीदें कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी धराशायी हो गईं।

## मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध : स्टार्क

**लंदन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के कारण इस लीग को 10 दिनों के लिए रोकना पड़ा था।

लीग जब 17 मई से दोबारा शुरू हुई तो स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया के अपने ज्यादातर साथी खिलाड़ियों के उलट भारत नहीं लौटने का फैसला किया। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई के अहम सदस्य रहे स्टार्क ने 11 मैचों में 14 विकेट लिए। वह आठ मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में भी शामिल थे, जब स्टेडियम में अचानक लाइट चली गई और खेल को रोकना पड़ा। स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली भी उस समय दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। धर्मशाला की अंतरराष्ट्रीय सीमा से निकटता के कारण स्टेडियम को तुरंत खाली करना पड़ा। पैंतीस साल के स्टार्क ने कहा कि तनाव को देखते हुए उन्हें दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले आईपीएल मैच में खेलने पर संदेह था।

'द एज' ने स्टार्क के हवाले से कहा मैं अपने फैसले और इस पूरी स्थिति को लेकर मैंने जो महसूस किया और जिस तरह से इसे संभाला, उससे मैं सहज हूं। उन्होंने कहा इसीलिए मैंने अपना निर्णय बाद में लिया और यहां (इंग्लैंड) आने से पहले करीब एक सप्ताह तक मेरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट की तैयारी पर केंद्रित रहा। बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कहा समय ही बताएगा कि इसका क्या नतीजा होगा या फिर उन खिलाड़ियों के साथ क्या होगा जो वापस नहीं लौटे। उस मैच से पहले हालांकि मेरे मन में कुछ सवाल और चिंताएं थीं। जाहिर है कि हमने देखा कि क्या हुआ। उस घटना ने मेरे निर्णय में अहम भूमिका निभाई। स्टार्क ने कहा कि इन्हीं कारणों से उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने का फैसला किया था।

उन्होंने कहा चैंपियंस ट्रॉफी (पाकिस्तान में) को लेकर मेरे फैसले में कुछ हद तक यही बात थी और फिर जब टूर्नामेंट (आईपीएल) में देरी हुई, तो आप टेस्ट मैच की तैयारी के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। वह 11 जून से लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का जिक्र कर रहे थे। स्टार्क ने कहा कि धर्मशाला में अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया। दोनों टीमें प्रसारण दल के साथ पठानकोट से विशेष ट्रेन से दिल्ली लौटी थीं। उन्होंने कहा, '' अलग-अलग खिलाड़ियों और टीमों के लिए चीजों को अलग-अलग तरीके से संभाला गया।

धर्मशाला में पंजाब की टीम से जुड़े लोग भी थे। पंजाब के खिलाड़ियों ने लीग के लिए वापस आने का फैसला किया लेकिन जेक और मैंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया। स्टार्क ने कहा यह एक बहुत ही व्यक्तिगत निर्णय था। इसका जो भी परिणाम हो मैं उसके साथ आगे बढ़ने को लेकर खुश रहूंगा।



- आईपीएल में 10 दिनों का ब्रेक होने के बाद वापस भारत न लौटने पर बोले-मिचेल स्टार्क

# संघीय कोर्ट ने हार्वर्ड में विदेशी छात्रों पर ट्रंप के प्रतिबंध पर लगाई रोक

**वाशिंगटन, एजेंसी**



• हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने व्हाइट हाउस की मांगों को अस्वीकार करने के कारण उसके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा

अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय आने वाले विदेशी छात्रों के देश में प्रवेश पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर अस्थायी रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी इस घोषणा के कारण देश के सबसे पुराने और सबसे धनी कॉलेज के एक चौथाई छात्रों पर असर पड़ सकता है, जिनमें से अधिकतर हार्वर्ड के शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम का हिस्सा होते हैं।

इससे कुछ समय पहले हार्वर्ड ने संघीय न्यायाधीश से ट्रंप के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। विवि ने इसे व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की मांगों को अस्वीकार करने के कारण हार्वर्ड के खिलाफ प्रतिशोध की भावना से किया गया कार्य कहा। गुरुवार को दायर संशोधित मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि राष्ट्रपति पिछले अदालती आदेश को दरकिनार करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके कुछ समय बाद बोस्टन में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलिसन बरो ने ट्रंप की बुधवार की घोषणा के खिलाफ एक अस्थायी रोक का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि हार्वर्ड का कहना है कि मुकदमे में दोनों पक्षों को सुनने से पहले अगर यह रोक लगी तो इससे संस्थान को तत्काल और अपूरणीय क्षति होगी। बरो ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के नामांकन को समाप्त करने के प्रशासन के पिछले प्रयास पर लगाई गई अस्थायी रोक को भी बढ़ा दिया। गत माह गृह मंत्रालय ने विदेशी छात्रों को दाखिला देने और उनके वीजा के वास्ते कागजात जारी करने के लिए हार्वर्ड के प्रमाणन को रद किया था, लेकिन बरो ने इसको अस्थायी रूप से रोक दिया था।

# रील में बीत रही जिंदगी रियल में जा रही जान

सोशल मीडिया मंचों के बढ़ते प्रभाव के कारण युवाओं की जिंदगी एक रील की तरह बन गई है। सोशल मीडिया मंचों ने हर व्यक्ति को कलाकार बनने का मौका दे दिया है, , लेकिन रील बनाने का यह जुनून कई बार युवाओं के लिए मौत का कारण भी बन रहे हैं। कुछ पलों की वीडियो में पॉपुलर होने की चाहत लोगों को ऐसे जोखिम उठाने पर मजबूर कर रही है। खुले रेलवे ट्रैक, ऊंची इमारतें, दौड़ती सड़कें – सब अब फेमस होने की पृष्ठभूमि बन चुके हैं। ऐसी कई घटनाएं सामने आई है, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी है, सवाल ये है कि आखिर लोग ऐसा रिस्क क्यों ले रहे है, रील बनाकर फेमस होने की चाल में लोग वास्तव में अपनी जान गंवा दे रहे हैं...



## कई गंवा चुके हैं जान

रील्स बनाते समय कई घटनाएं हुई, जिनमें लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश के आगरा में 6 बहनों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई, जो नहाते हुए रील बना रही थीं। मध्य प्रदेश के सिवनी में युवक ट्रैक पर रील बनाते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। मेरठ में युवक पानी की टंकी से गिरा, जबकि आगरा में युवक चौथी मंजिल से गिरकर मारा गया। महाराष्ट्र में महिला इन्फ्लुएंसर जलप्रपात के पास रील बनाते समय गिर गई। ये घटनाएं दर्शाती हैं कि लोग सुरक्षा की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे उनकी जान चली जा रही है।

## मनोवैज्ञानिक परिदृश्य

**डोपामिन और तात्कालिक संतुष्टि :** सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज मिलने से डोपामिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जिससे व्यक्ति को खुशी महसूस होती है। यह अनुभव व्यक्ति को बार-बार जोखिम लेने को प्रेरित करता है।

**पहचान की खोज :** आज की युवा पीढ़ी आत्मपहचान और सामाजिक मान्यता के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर होती जा रही है। कई बार रियल लाइफ में पहचान न मिलने पर वर्चुअल दुनिया में हीरो बनने की लालसा हावी हो जाती है।

**फोमो (फेयर ऑफ मिसिंग आउट) :** दूसरे लोग अगर कुछ अलग और साहसी कर रहे हैं तो खुद को पीछे न समझा जाए, इसलिए लोग बिना सोचे-समझे वही ट्राई करते हैं।

## सामाजिक परिदृश्य

**प्रेरणा के गलत स्रोत :** वायरल वीडियो और फेमस रीलर्स को देखकर लोग सोचते हैं कि बिना खास टैलेंट के भी प्रसिद्धि पाई जा सकती है। यह सोच युवाओं को शॉर्टकट की ओर ले जाती है।

**परिवार और समाज का दबाव :** नौकरी, पढ़ाई या जीवन में असफलता के कारण लोग सोशल मीडिया को सफलता का विकल्प समझने लगते हैं, जहां एक वीडियो उनकी किस्मत बदल सकता है।

**सुरक्षा के प्रति लापरवाही :** रील बनाते समय हेलमेट न पहनना, चलती ट्रेनों के पास जाना या ऊंची जगहों से कूदने की एक्टिंग – सब यह दर्शाते हैं कि सुरक्षा का कोई स्थान नहीं है।

"रील्स बनाने लेकर लोगों में काफी उत्साह होता है जो एक समय के बाद समाप्त हो जाता है और लोग खतरा उठा बैठते हैं। एक समय उनको उत्साह की अनुभूति नहीं होती है। इसके पीछे का मुख्य कारण डोपामिन का अनियंत्रित होना और रिवार्ड सर्किट होता है।

**डा. आशीष सिंह, मनोचिकित्सक,** जिला अस्पताल- बरेली

## रील देखने में करते हैं समय बर्बाद

लोग प्रतिदिन औसतन 1 से 1.5 घंटे सिर्फ शॉर्ट वीडियो देखने में ही बिता देते हैं। ऑटो-स्क्रोल फीचर, ट्रेंडिंग कंटेंट और तेज डोपामिन रिलीज होने के कारण लोग लगातार वीडियो देखते रहते हैं, जिससे समय का बड़ा हिस्सा अनजाने में व्यर्थ हो जाता है। यह आदत पढ़ाई, काम और नींद पर नकारात्मक असर डालती है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्क्रीन टाइम को सीमित कर, एप्स में टाइम लिमिट सेट कर और जागरूक उपयोग से इस लत को कम किया जा सकता है, जिससे समय का बेहतर उपयोग हो सके।

## एक नजर

### सऊदी-सीरिया के बीच उड़ानें 12 साल बाद बहाल

**रियाद।** सऊदी अरब की कम लागत वाली एयरलाइन 'फ्लाईनास' ने रियाद और दमिश्क के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं और यह सऊदी अरब और सीरिया की राजधानियों के बीच 12 वर्षों में पहली सीधी हवाई संपर्क सेवा है। एयरलाइन ने गुरुवार से रियाद के किंग खालिद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और दमिश्क अंतर्राष्ट्रीय ह हवाई अड्डे के बीच नॉनस्टॉप उड़ान सेवा शुरू कर दी है। 'फ्लाईनास' के कार्यकारी अधिकारी बांदर अलमोहन्ना ने कहा, एयरलाइन सीरिया के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने से प्रसन्न है। यह कदम दोनों देशों के बीच संपर्क को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### नाटो ने रक्षा निवेश मांग पर जताई सहमति

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूट ने गुरुवार को कहा कि नाटो में अमेरिका के अधिकतर सहयोगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग का समर्थन करते हैं कि वे अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत अपनी रक्षा आवश्यकताओं पर निवेश करें और सुरक्षा खर्च को और भी बढ़ाने के लिए तैयार रहें। रूट ने ब्रसेल्स में नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता के बाद कहा, ट्रंप के इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला है। हम वास्तव में बेहद करीब हैं और हमें पूरा विश्वास है कि तीन सप्ताह में होने वाले अगले नाटो शिखर सम्मेलन में इस पर सहमति बन जाएगी।

### क्रूज ने सर्वाधिक छलांग लगाने का बनाया रिकॉर्ड

**लास एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने जलते हुए पैराशूट से 16 बार छलांग लगाने के साथ ही सर्वाधिक बार ऐसा कारनामा करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म मिशन : इम्पॉसिबल – द फाइनल रेकनिंग के फिल्मांकन के दौरान ये उपलब्धि हासिल की। जून में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में साहसिक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें लाइसेंसधारी स्काईडाइवर क्रूज विमानन ईंधन में भीगे पैराशूट से बंधे हुए एक हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते है और उसमें आग लगा देते हैं। उन्होंने यह हैरतअंगेज कारनामा (स्टंट) 16 बार किया।

### रूस के मिसाइल हमले से यूक्रेन में तीन की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के छह क्षेत्रों को 407 ड्रोन और 44 मिसाइलों से निशाना बनाया, जो तीन साल के युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक है। यूक्रेन के अधिकारियों के अनुसार, रात के समय हुए हमले में कीव में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के तीन कर्मी मारे गए। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता युरी इहनात ने बताया कि इस बमबारी में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। यूक्रेनी सेना ने बताया कि उसने 30 क्रूज मिसाइलों और 200 से अधिक ड्रोन को मार गिराया। फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेनी शहरों पर नियमित रूप से बमबारी की जाती रही है।

### बाल पोर्नोग्राफी : 12 देशों से 20 लोग हुए गिरफ्तार

**ल्योन (फ्रांस)।** बाल पोर्नोग्राफी सामग्री के खिलाफ 12 देशों में चलाए अभियान के दौरान यूरोप और अमेरिका में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वैश्विक पुलिस संगठन इंटरपोल ने यह जानकारी दी है। इंटरपोल के मुताबिक, स्पेन पुलिस के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान पिछले साल के अंत में शुरू हुआ था, जब पुलिस अधिकारियों ने बाल पोर्नोग्राफी से जुड़ी तस्वीरें प्रसारित करने वाले ऑनलाइन मैसेजिंग समूहों की पहचान की थी।

# मस्क ने अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं रद्द करने की पहले दी धमकी, बाद में पलटे

## कुछ घंटों बाद ही अरबपति उद्यमी ने कहा- वह अपनी धमकी पर नहीं करेंगे अमल

**वाशिंगटन, एजेंसी**



• स्पेसएक्स और स्टारलिंक के ठेकों को रद्द करने की ट्रंप की धमकी का जवाब दिया था एलन मस्क ने

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया पर गुरुवार को बहस हुई तो दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने वाले तथा सामान की आपूर्ति करने वाले अंतरिक्ष कैप्सूल की सेवाएं देना बंद करने की धमकी दी। कुछ घंटों बाद मस्क ने कहा कि वह अपनी धमकी पर अमल नहीं करेंगे।

जब ट्रंप ने मस्क की रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स और उनकी स्टारलिंक इंटरनेट सैटेलाइट सेवाओं को दिए गए सरकारी ठेकों को रद करने की धमकी दी, तो मस्क ने एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि स्पेसएक्स अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सेवाएं प्रदान करना तुरंत बंद करेगा। यह स्पष्ट नहीं था कि धमकी कितनी गंभीर है, लेकिन कुछ घंटे बाद एक्स उपयोगकर्ता को दिए उत्तर में उन्होंने कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। नासा अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

### नासा की बढ़ सकती थीं मुश्किलें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और एलन मस्क में सोशल मीडिया पर गुरुवार को हुई बहस के बाद सरकारी ठेके के तहत विकसित किया गया कैप्सूल अंतरिक्ष स्टेशन को संचालित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नासा भी अपने अन्य कार्यक्रमों के लिए स्पेसएक्स पर काफी हद तक निर्भर है, जिनमें वैज्ञानिक मिशनों का प्रक्षेपण और इस दशक के अंत में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर वापस भेजना शामिल है।

**ड्रैगन कैप्सूल :** स्पेसएक्स अकेली अमेरिकी कंपनी है जो अपने चार सदस्यीय ड्रैगन कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम है। बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल अब तक सिर्फ एक बार ही अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर उड़ान भर पाया है, पिछले साल की परीक्षण उड़ान इतनी खराब रही कि दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसएक्स से धरती पर लौटना पड़ा। स्टारलाइनर का अब उपयोग नहीं हो रहा है, क्योंकि नासा यह तय कर रहा है कि अगली परीक्षण उड़ान में मानव दल भेजा जाए या सिर्फ़ सामान। स्पेसएक्स अपने निजी रूप से संचालित मिशनों के लिए भी ड्रैगन कैप्सूल का उपयोग करता है। ऐसा अगला मिशन अगले सप्ताह उड़ान भरने वाला है, जिसे ह्यूस्टन की कंपनी ऐक्सियम स्पेस ने किराये पर लिया है।

### नासा के लिए दूसरा विकल्प है रूस का सोयूज कैप्सूल

रूस के सोयूज कैप्सूल इस वक्त अंतरिक्ष यात्रयों को अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाने के एकमात्र अन्य विकल्प हैं। सोयूज़ कैप्सूल एक बार में तीन लोगों को ले जा सकते हैं। फिलहाल, हर सोयूज़ प्रक्षेपण में दो रूसी अंतरिक्ष यात्री और एक नासा अंतरिक्ष यात्री होते हैं, जबकि हर स्पेसएक्स प्रक्षेपण में एक रूसी अंतरिक्ष यात्री शामिल होता है- यह अदला-बदली व्यवस्था के तहत किया जाता है। इस तरह, किसी आपात स्थिति में जब किसी कैप्सूल को वापस लौटना पड़े, तो उसमें हमेशा एक अमेरिकी और एक रूसी अंतरिक्ष यात्री मौजूद रहता है।



## फ्यूगो का तांडव



ग्वाटेमाला के सैन जुआन अलोटेनैंगो से फ्यूगो ज्वालामुखी के गड्ढे से निकले लावे ने अद्भुत लेकिन खतरनाक नजारा पेश किया। रात के अंधेरे में यह दृश्य प्रकृति की प्रचंड शक्ति का प्रतीक बनकर सामने आया। **एजेंसी**

# जापान का चंद्र मिशन असफल रहा

**तोक्यो, एजेंसी**



• निजी लैंडर चंद्रमा पर उतरते समय हुआ दुर्घटनाग्रस्त

जापान का निजी लैंडर शुक्रवार को चंद्रमा पर उतरने का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तोक्यो की कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन को विफल घोषित किया। प्रक्षेपण नियंत्रकों ने संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई संदेश नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने कहा कि वे मिशन को समाप्त कर रहे हैं।

अंतरिक्षयान के मिनी रोवर के साथ चंद्रमा पर उतरने से दो मिनट पहले ही संचार बंद हो गया। उससे पहले तक ऐसा लग रहा था कि चंद्रमा की कक्षा से उतरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। आईस्पेस के संस्थापक ताकेशी हाकामादा ने मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी। यह आईस्पेस का दूसरा चंद्र मिशन था। कंपनी का चंद्रमा पर पहुंचने का पहला प्रयास भी दो साल पहले विफल रहा था, जिसके बाद लैंडर का नाम रेसिलिएंस रखा गया। रेसिलिएंस चंद्रमा की धूल के लिए रोवर और सतह पर रखने को खिलौनाघर भी लेकर गया था।

# भारत में हाशिये पर पड़े समुदायों के कुछ लोग सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर : गवई

**लंदन, एजेंसी**



• सीजेआई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि हाशिये पर पड़े समुदायों के प्रतिनिधि आज भारत के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर हैं, जो डॉ. बीआर आंबेडकर के समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण के अनुरूप है। गवई ने लंदन के ऐतिहासिक ग्रेज इन में गुरुवार शाम को भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर विशेष व्याख्यान में संविधान निर्माता के रूप में डॉ. आंबेडकर की स्थायी विरासत पर प्रकाश डाला।

आंबेडकर ने एक सदी से भी पहले ग्रेज इन से ही बैरिस्टर की उपाधि प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि आधुनिक इतिहास के सबसे महान विधि विशेषज्ञों में से एक डॉ. आंबेडकर की विरासत पर विचार करना उनके लिए अविश्वसनीय रूप से भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि उनके (सीजेआई के) खुद के करियर में भी इनका गहरा असर रहा है। सीजेआई ने कहा कि आंबेडकर की तरह ही हाशिये पर पड़े दलित सामाजिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधि आज देश के कुछ सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर विराजमान हैं, जो बाबा साहब के भारतीय समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। गवई ने कहा कि इस ऐतिहासिक संस्थान में खड़े होकर, मुझे डॉ. आंबेडकर द्वारा छोड़ी गई विरासत की याद आती है, जो केवल कानूनी क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद में भी है।

# पाकिस्तान के साथ चीन को नजरअंदाज करना असंभव

**वाशिंगटन, एजेंसी**



कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष के परिदृश्य में चीन ऐसा कारक है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। थरूर ने जोर दिया कि भारत और चीन के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की कवायद इस संघर्ष से पहले, पिछले कुछ महीनों में अच्छी प्रगति करती प्रतीत हो रही थी।

अमेरिका में संसदीय दल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने कहा, हम जानते हैं कि चीन का पाकिस्तान में बहुत बड़ा हित है। उन्होंने भारतीय दूतावास में 'थिंक टैंक' के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। थरूर ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत सबसे बड़ी एकल परियोजना चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा है और 81 प्रतिशत पाकिस्तानी रक्षा उपकरण चीन से आए हैं।

थरूर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद से चीन और भारत के बीच तनाव के बावजूद चीन के साथ रिश्तों में जमी बर्फ पिछले साल सितंबर में वास्तव में पिघलने लगी थी और यह कवायद भारत-पाकिस्तान संघर्ष के होने से पहले प्रगति कर रही थी। फिर पाकिस्तान के लिए व्यावहारिक समर्थन के मामले में सुरक्षा परिषद में भी हमने अलग चीन देखा। पड़ोस के संदर्भ में हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसे लेकर हमें कोई भ्रम नहीं है लेकिन मैं आप सभी को याद दिलाना चाहता हूं कि भारत ने अपने विरोधियों के साथ भी संवाद के माध्यम खुले रखने का रास्ता हमेशा चुना है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-चीन के बीच हुई पहली कूटनीतिक वार्ता

**बीजिंग।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने पिछले वर्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी सहमति को लागू करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग के बीच गुरुवार को हुई बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच पहली कूटनीतिक वार्ता है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष सांस्कृतिक संबंधों और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा देने, मतभेदों को उचित रूप से दूर करने और स्वस्थ व स्थायी तौर पर चीन-भारत संबंधों के विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी काम कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने साझा चिंता के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को किया अवांछनीय घोषित

**मॉस्को, एजेंसी**



रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा एमआई-6 ब्रिटिश काउंसिल की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने गुरुवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं।

जखारोवा ने कहा, रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अभियानों में ब्रिटिश काउंसिल का इस्तेमाल करती हैं और यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है। रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने ब्रिटिश काउंसिल को अवांछनीय संगठन घोषित किया है, यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान पर कहा कि विशेष सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद ब्रिटिश काउंसिल ने ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में साथ दिया। प्रवक्ता ने कहा कि संगठन ने हमारे देश के नेतृत्व की नीति को बदनाम करने और दुनिया के कई क्षेत्रों, विशेष रूप से स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल में रूसी प्रभाव को कम करने के सामान्य पश्चिमी प्रयास में जोर शोर से मदद की।

# यमुना के प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत हिस्सा है, इसके बावजूद नदी में 76 प्रतिशत प्रदूषण के लिए राजधानी जिम्मेदार है। एक अध्ययन में यह बात कही गई है। दिल्ली में यमुना 52 किलोमीटर तक बहती है, जिसमें से 22 किलोमीटर का महत्वपूर्ण हिस्सा- वजीराबाद से ओखला तक- कई नियोजन और नीतिगत प्रयासों का केंद्र बिंदु बन गया है। अनुपचारित और आंशिक रूप से उपचारित मलजल छोड़ा जाना नदी में प्रदूषण का प्राथमिक कारण है। अध्ययन अनुसार शहर में प्रतिदिन 792 मिलियन गैलन (एमजीडी) मलजल उत्पन्न होता है जबकि केवल 618 एमजीडी का उपचार होता है। इस उपचारित जल का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा अब भी निर्धारित निर्वहन मानकों को पूरा करने में विफल रहता है।

**नसीहत** तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के चार आरोपियों को जमानत के आदेश को रद्द कर की टिप्पणी

# बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत न दें

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किए नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

पीठ ने एक मई के दिए आदेश में कहा, पटना हाईकोर्ट के आदेश में, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 307 के तहत गंभीर अपराधों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई तर्कपूर्ण आधार नहीं बताया गया है। यह समझ से परे है कि उक्त आदेश क्यों दिया गया और इसमें न्यायिक विश्लेषण का अभाव है। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में, इस तरह से बिना सोच-विचार किए अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है और इसे रद किया जाना चाहिए।

प्राथमिकी और दी गई सामग्री को सरसरी तौर पर पढ़ने पर शीर्ष अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता के पिता पर हमला किया गया और उसकी हत्या अपीलकर्ता की उपस्थिति में हुई। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना एक रास्ते को अवरूद्ध करने से जुड़े विवाद से उपजी है। जैसा कि प्राथमिकी में कहा गया है, आरोपियों की विशिष्ट भूमिकाएं इस बात का संकेत देती हैं कि पीड़ित (जिसकी बाद में मृत्यु हो गई) के अचेत हो जाने के बाद भी उन्होंने हमला जारी रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट मामले में आरोपों की गंभीरता और प्रकृति को समझने में स्पष्ट रूप से विफल रहा। इसलिए, आरोपी को आठ सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है। यह आदेश मृतक के बेटे द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें अग्रिम जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता के पिता पर, 2023 में पड़ोसियों के बीच विवाद होने के दौरान सरिया और लाठियों से हमला किया गया था।

### पशु कुर्बानी के आदेश पर तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में विशालगढ़ किले में दरगाह पर ईद-उल-अजहा और उर्स पर पशु कुर्बानी की अनुमति देने वाले बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को तत्काल सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। किला संरक्षित स्मारक है, जिसका हवाला देते हुए अधिकारियों ने परिसर में पशुओं और पक्षियों के वध पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के तीन जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया था। वकील ने कहा, कल बकरीद है और हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के विशालगढ़ में संरक्षित स्मारक में कुर्बानी की अनुमति दी है।